

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत, भाजपा ने कहा निवेशकों के लिए भरोसे का केंद्र-12



भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे-12



दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल, संसदीय समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार-13



एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत-14


आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी 09:59 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 11 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 315, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो अब बाबरी मस्जिद कभी नहीं बनेगी : योगी

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को बाराबंकी से दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में दोबारा बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो। कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन



बाराबंकी में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंट की गई।

में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा।

योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। वर्ष 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को योगी ने चेताया कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला। कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। यहां का कानून मानो, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।

- बोले- ये सपना नहीं होगा पूरा, कोई कानून तोड़ जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम जाएगा

### भारत-भारतीयता पर हो रहे प्रहार : सीएम

योगी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया भर से सनातन, भारत-भारतीयता पर प्रहार हो रहे हैं। अंदर-बाहर से होने वाले इन प्रहारों से सचेत रहना होगा। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही है, वे लोग साजिश में लगे हैं। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं, कुछ लोग साजिश का शिकार हो रहे हैं और कुछ लोग साजिश के लिए बिक कर कार्य कर रहे हैं। हमें यह दुष्प्रवृत्ति रोकनी होगी।

# लापता बच्चों पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा इसके पीछे देशव्यापी गिरोह तो नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। उन्होंने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने की इन घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है? क्या इन घटनाओं के पीछे एक विशिष्ट पैटर्न है या ये महज आकस्मिक घटनाए हैं? शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है।



- केंद्र से कहा- यह पता लगाना जरूरी कि घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं

### कोर्ट ने जताई थी चिंता

कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 को मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए चिंता जाहिर की थी कि भारत में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। कहा था कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा था। कहा था कि गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए उल्लंघन होना तय है और बच्चे पाने के लिए अवैध साधनों का सहारा लेते हैं।

### आंकड़े नहीं देने वाले राज्यों की आलोचना की

पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। पीठ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नौ दिसंबर को केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल का राष्ट्रव्यापी डेटा उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक समर्पित अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे।

### अनुपम खेर ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है और उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कहा कि कुछ लोग उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनकी तस्वीरों एवं वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को संदेश एवं अनुरोध भेज रहे हैं।

# बिरला को हटाने के लिए विपक्ष का नोटिस, पद के दुरुपयोग का आरोप

- 120 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए, दो बार स्थगन के बाद बजट पर चर्चा शुरू
- बिरला ने मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है।



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान से बात करतीं महिला कांग्रेस सांसद।

### भाजपा महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ की सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** बिरला के समर्थन में भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी।

# यूपी का बजट आज, संकल्प पत्र के वादों पर होगा फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बेहद ऐतिहासिक होने जा रहा है। विकास के साथ-साथ लोक-लुभावन घोषणाओं का संतुलन देखने को मिल सकता है। मेधावी बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि, मुफ्त बिजली, नई पेंशन योजनाओं के जरिए योगी सरकार ''संकल्प पत्र'' के वादों को पूरा करने की बड़ी कोशिश कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण और संभवतः अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने जा रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी'' बनाने की दिशा में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का आकार करीब नौ लाख करोड़ रुपये के करीब होने का अनुमान है। वर्ष 2027 के विस चुनावों से ठीक पहले आने वाला यह बजट सरकार के संकल्प पत्र के अधूरे वादों को पूरा करने की आखिरी बड़ी कोशिश माना जा रहा है। बजट की चर्चित व प्रतीक्षित घोषणा मुफ्त स्कूटी योजना हो सकती है। भाजपा ने चुनावी संकल्प पत्र में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था।



- मुफ्त बिजली के साथ नई पेंशन पर भी उम्मीदें बरकरार
- बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि पर नजर

### मानदेय में वृद्धि के संकेत

सरकार करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों और हजारों अनुदेशकों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। वर्तमान में मिल रहे 10 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 17 से 20 हजार रुपये तक किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया रुख के बाद अनुदेशकों के मानदेय में भी वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है।

### योजनाओं को प्राथमिकता

इस 10वें बजट में भत्ते ही नहीं, प्रदेश की सूरत बदलने वाली योजनाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क और पुलों के निर्माण के लिए भारी आवंटन संभव है। वृद्धावस्था और अन्य सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की उम्मीद है। युवाओं व रोजगार पर विशेष नजर युवाओं को साधने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण का बजट बढ़ाया जा सकता है।

# निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली व भ्रष्टाचार के मामले रद्द

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक अहम फैसला देते हुए कारोबारी निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। यह आपराधिक मामला प्रस्तावित सोलर पावर परियोजना से जुड़ा हुआ था।

यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने निकांत जैन की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि मामले में कोई अपराध प्रथम दृष्टया बनता ही नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने 15 मई 2025 को दाखिल चार्ज शीट तथा 17 मई 2025 के तलबी आदेश को भी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि शिकायतकर्ता ने स्वयं स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज कराई थी। मामले की एफआईआर 20 मार्च 2025 को गोमती नगर थाने में दर्ज की गई थी, जो एक कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत पर आधारित थी।

- सोलर पावर परियोजना से जुड़े मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

# बांग्लादेश में चुनाव से ठीक पहले दुकान के भीतर एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई-भाई एंटरप्राइज के मालिक थे।

त्रिशाल पुलिस थाने के प्रमुख मोहम्मद फिरोज ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी। अपराधियों ने मेरे पिता की बेरहमी से हत्या करने के बाद दुकान से कई लाख टका लूट लिए। उन्होंने मांग की कि पिता के हत्यारों की जल्द पहचान हो और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सरकार की हत्या अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर की गई हिंसा की नवीनतम घटना है।



- धारदार हथियार से हमला कर तड़पता छोड़ गए थे

# अनुज चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में नवंबर 2024 को हुई हिंसा से जुड़े मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा पारित उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें डीएसपी अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने संभल सर्कल अधिकारी अनुज और संभल कोतवाली के पूर्व प्रभारी अनुज तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मूल शिकायतकर्ता को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस अवधि के दौरान स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा, साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि प्रति-शपथपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई योग्यता के प्रश्न पर विचार करने का अधिकार कोर्ट के पास सुरक्षित रहेगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने तर्क दिया कि मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस के तहत निर्धारित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपों पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जिससे आदेश कानून की सीमाओं से परे है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने अधीन कार्यरत पुलिस अधिकारियों का संरक्षण कर रही है। बता दें कि यह आक्षेपित आदेश पिछले माह संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने एक घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया था। इस आदेश के एक सप्ताह बाद ही सीजेएम विभान्शु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया।

**संभल हिंसा मामला**

- रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देने वाले सीजेएम का सुल्तानपुर कर दिया गया था तबादला

**सख्ती** — एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम, सरकार और अदालतों द्वारा चिह्नित वीडियो हटाने होंगे

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिए औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में ''ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी'' और ''बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी'' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को सूचना के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा।




### पहले 36 घंटे के भीतर हटानी होती थी सामग्री

सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि मध्यवर्ती (इंटरमीडियरीज) एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

## ब्रीफ न्यूज

### गौशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की गोशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश रखे जाने के कारण व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं। चारे, पानी और साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था न होने से पशुओं के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कई गौशालाओं में नियमित पशु चिकित्सा जांच और टीकाकरण की व्यवस्था भी नहीं है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि बजट और निगरानी के अभाव में गोवंश की समुचित देखरेख नहीं हो पा रही है।

### करियर काउंसलिंग केंद्रों की जरूरत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रतिस्पर्धा के इस दौर में छात्रों और युवाओं को सही मार्गदर्शन की सख्त जरूरत है, लेकिन जिले में पर्याप्त करियर काउंसलिंग केंद्र नहीं हैं। सही जानकारी के अभाव में कई छात्र गलत कोर्स या क्षेत्र चुन लेते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। शिक्षाविदों का कहना है कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर करियर काउंसलिंग की व्यवस्था होने से युवाओं को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विकल्प चुनने में मदद मिलेगी।

### बसों की लेटलतीफी से यात्रियों को परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोडवेज और निजी बसों के समय पर न चलने से यात्रियों को रोजाना असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित समय पर बस न आने से कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, छात्र और मरीज परेशान होते हैं। कई बार यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि समय सारिणी का पालन न होने और निगरानी की कमी से यह समस्या बढ़ रही है। यात्रियों ने परिवहन विभाग से बसों के समय पालन को सख्ती से लागू कराने की मांग की है।

### 20 तक जमा करें आयकर विवरणी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयकर की सीमा में आने वाले समस्त पेंशनर्स अपनी आयकर से संबंधित आयकर विवरणी कोषागार में 20 फरवरी तक ई-मेल tomor‹bha›@‹/bha›nic.in/व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर जमा करें। मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने बताया कि ऐसे पारिवारिक पेंशनर जो आयकर की सीमा में आ रहे हो वह अपना आयकर बैंक/आनलाइन जमा करने के बाद साक्ष्य के लिए चालान की एक प्रति/एक्नोलिजमेंट की रसीद कोषागार में जमा करना सुनिश्चित करें।

# घर के बाहर खेल रही बच्ची को कुत्तों ने किया घायल

**संवाददाता, स्वार**

- हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर किया गया रेफर, घर से बाहर खेल रही थी आलिया

**अमृत विचार:** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा और खूंखार कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को आवारा कुत्तों के झुंड ने 7 वर्षीय बालिका पर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले आयें। जहां चिकित्सकों ने घायल बालिका की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रैफर किया है। जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

नगर और देहात क्षेत्रों की गलियों व मोहल्लों में आवारा एवं खूंखार कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते देखे जा रहे हैं। आए दिन हो रहे हमलों के बावजूद संबंधित विभाग की कार्रवाई केवल कागजों तक सिमटी हुई है जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रोज लोग सीएचसी पहुंच कर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा रहें है। मंगलवार को तहसील के गांव मोहब्बत नगर निवासी जाने आलम की 7 वर्षीय बेटी आलिया घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान घर के बाहर घूम रहे आवारा कुत्तो के झुंड ने हमला कर दिया। उसकी चीखपुकार सुनकर परिजनों समेत आसपास के ग्रामीण आ गए और कुत्तों के झुंड पर लाठी डंडे से बामुश्किल भगाया। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है।

## छोटे भाई को चाकू मारकर किया घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मारकर लहुलुहान कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मंगलवार को गांव गोकुल नगरी निवासी व घायल अर्शदीप ने बताया कि वह अपने भाई के साथ उधम सिंह नगर के थाना किच्छा के लालपुर में पल्लेदारी का काम करता है। रात करीब एक बजे नाइट ड्यूटी के दौरान उसका भाई शराब पीकर काम कर रहा था। टोकने पर भाई उससे गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया, तो उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बाद में घायल को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में उसने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की

## 3,03,923 के सापेक्ष 2,47,737 प्रसव, निजी अस्पतालों पर अधिक भरोसा

# मंडल में नहीं पूरा हो सका प्रसव का लक्ष्य

**शुभम शर्मा, मुरादाबाद**

- सरकारी अस्पतालों में संभल में सबसे ज्यादा 21,804 और निजी अस्पतालों में बिजनौर में सर्वाधिक 52,353 प्रसव हुए

**अमृत विचार :** मंडल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर निर्धारित प्रसव लक्ष्य 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर तक पूरा नहीं हो सका। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय 3,03,923 प्रसव के लक्ष्य के सापेक्ष अप्रैल से दिसंबर तक कुल 2,47,737 प्रसव ही किए गए। इस तरह लक्ष्य से 56,186 प्रसव कम रहे। सरकारी स्तर पर बात करें तो संभल में सबसे ज्यादा 21,804 और निजी अस्पतालों में बिजनौर में सर्वाधिक 52,353 प्रसव हुए हैं।

आंकड़ों के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल से दिसंबर के बीच सरकारी अस्पतालों में 76,372 महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया, जबकि निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में यह संख्या 1,71,365 रही। इससे साफ है कि अधिकांश गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए निजी अस्पतालों को प्राथमिकता दे रही हैं। सरकारी अस्पतालों में प्रसव संख्या घटने के पीछे जागरूकता का अभाव एक प्रमुख कारण है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अब भी कई महिलाएं सरकारी योजनाओं, निशुल्क प्रसव सुविधा, जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसी सुविधाओं की पूरी जानकारी नहीं रखतीं। परिणामस्वरूप वे निजी अस्पतालों की ओर रुख कर रही हैं, जहां उन्हें बेहतर सुविधाओं और त्वरित सेवाओं की उम्मीद रहती है।

इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों पर संसाधनों की कमी, स्टाफ की सीमित उपलब्धता और समय पर जांच न हो पाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इससे भी लोगों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से कमजोर हुआ है। वहीं निजी अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं, व्यक्तिगत देखभाल और सुविधा अनुसार समय मिलने से मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### आंकड़ों पर एक नजर (कहां कितने प्रसव)

| जिला | सरकारी अस्पताल | निजी अस्पताल |
|---|---|---|
| अमरोहा | 11,300 | 25,871 |
| बिजनौर | 15,202 | 52,353 |
| मुरादाबाद | 12,936 | 46,986 |
| रामपुर | 15,130 | 27,213 |
| संभल | 21,804 | 18,942 |



> लक्ष्य से पीछे रहने के कारणों की समीक्षा की जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव के लाभों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को बेहतर भी बनाया जाएगा।
> **- डॉ. कुलदीप सिंह,** सीएमओ

# पुलिस महकमे की सभी शाखाओं की अब डीजी हेडक्वार्टर से होगी निगरानी

## डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से की वार्ता

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- रिकॉर्ड मेंटीनेंस, थानों के मालखाने की सूची और अपराधियों का विवरण होगा दर्ज
- बीट के सिपाहियों से लेकर हल्का प्रभारी के कार्य की हो रही ऑनलाइन फीडिंग

**अमृत विचार:** पुलिस महकमे के सभी शाखाओं की अब डीजी हेडक्वार्टर से निगरानी की जाएगी। रिकॉर्ड मेंटीनेंस से लेकर थाने कोतवाली के मालखाने की सूची हो या अपराधियों का विवरण और बीट के सिपाहियों से लेकर हल्का प्रभारी के कार्य की ऑनलाइन फीडिंग कराई जा रही है। आगामी त्योहारों शिवतेरस, होली आदि को लेकर पुलिस प्रशासन को पूरी तरह सतर्कता और संयम बरतने का निर्देश दिया गया है।

यह बातें डीआईजी मुनिराज जी ने मंगलवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में की। उन्होंने जिले के सभी थाना-कोतवाली प्रभारियों को सतर्कता, संयम और आपसी सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली बनाने की दिशा में थाना, कोतवाली व अन्य सभी शाखाओं व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया है।



प्रेस वार्ता करते डीआईजी मुनिराजजी साथ में एसएसपी सतपाल अंतिल। ● अमृत विचार

डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को बताया कि मंदिरों और मस्जिदों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर उनकी सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दिया। कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कहा कि अब पुलिस महकमे की सभी शाखाओं की निगरानी डीजी हेडक्वार्टर से की जाएगी। रिकॉर्ड मेंटेनेंस, थानों के मालखाने की सूची, अपराधियों का विवरण, बीट सिपाहियों से लेकर हल्का प्रभारियों तक के कार्यों को ऑनलाइन फीड किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान साइबर सेल, साइबर क्राइम शाखा, अन्य अपराध शाखाओं, राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, बाबू स्टाफ तथा थानों के मालखानों और अभिलेखों की भी जांच की गई। इस दौरान सिविल लाइन कोतवाली में लंबे समय से जब्त वाहनों के निस्तारण न होने का मामला सामने आया, जिस पर डीआईजी ने शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। डीआईजी ने यह भी बताया कि मंगलवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया, जवानों से परेड कराई गई। पुलिस लाइन की बैरक, मेस और आवासों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इससे पहले उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी मौजूद रहे।

## विधायक निधि की दूसरी किस्त से पहले होगा भौतिक सत्यापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो की विधायक निधि की द्वितीय किश्त जारी होने से पहले भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। कार्यदायी संस्था यू.पी.नेडा द्वारा प्रथम किश्त की धनराशि से कराए गए कार्यों के उपरांत दूसरी किस्त की मांग किए जाने पर जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

परियोजना अधिकारी, यू.पी. नेडा ने पत्र संख्या 303 10 नवंबर के माध्यम से दूसरी किश्त की मांग की थी। इसके क्रम में जिलाधिकारी के आदेश 31 जुलाई 2025 तथा मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय आदेश संख्या 688 में 19 अगस्त 2025 के तहत एक सत्यापन समिति का गठन किया गया है। गठित समिति द्वारा ठाकुरद्वारा, डिलारी, भगतपुर टांडा, छजलैट, मुरादाबाद, कुंदरकी, मूंढापांडे और बिलारी विकास खंडों में कराए गए कुल 60 निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन रिपोर्ट कार्य स्थल पर लिए गए फोटोग्राफ सहित यथाशीघ्र जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन आख्या संतोषजनक पाए जाने के बाद ही कार्यदायी संस्था को दूसरी किस्त की धनराशि अवमुक्त की जाएगी।

# मंडल भर में करीब ढाई हजार प्रधान नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

**कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद**

- ग्राम प्रधानों पर रिकवरी राशि बकाया, नो-ड्यूज बना बड़ी बाधा
- जनपद स्तर पर 380 ग्राम प्रधान नहीं लड़ सकेंगे चुनाव, छाई है मायूसी

**अमृत विचार:** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मंडल में सियासी सक्रियता बढ़ गई है। लेकिन इस बार बड़ी संख्या में मौजूदा और पूर्व प्रधान चुनावी मैदान से बाहर हो सकते हैं। मंडल स्तर पर करीब ढाई हजार अधिक और जनपद स्तर पर 380 ग्राम प्रधान पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। बताया जा रहा है कि गांवों के विकास कार्यों की निधि में फर्जीवाड़ा और अनियमितता के मामलों में जिले के करीब 380 ग्राम प्रधानों पर रिकवरी की राशि बकाया है। चुनाव लड़ने से वंचित हो जाने की स्थिति में उनमें मायूसी छाई है।

मंगलवार को उप निदेशक पंचायत राज ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार जब तक रिकवरी की पूरी धनराशि जमा नहीं की जाती, तब तक संबंधित प्रधानों को तहसील से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा। इस बार व्यवस्था में एक और बड़ा बदलाव किया गया है। पहले जहां ऑफलाइन प्रक्रिया के तहत नो-ड्यूज प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त हो जाता था, वहीं अब इसे पूरी तरह ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ दिया गया है। ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद बकाया रखने वाले प्रधानों के लिए नो-ड्यूज हासिल करना लगभग असंभव हो गया है। नो-ड्यूज प्रमाण पत्र पंचायत चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त है। ऐसे में जिन प्रधानों पर विकास निधि की रिकवरी लंबित है, वे चुनावी दावेदारी से स्वतः बाहर हो जाएंगे। इस स्थिति ने ग्राम पंचायतों की राजनीति में बड़ा उलटफेर ला दिया है।

उन्होंने बताया कि यह कदम पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर चर्चाओं का दौर तेज है और कई संभावित प्रत्याशी अब बकाया जमा कराने की तैयारी में जुट गए हैं।

# सील किए गए अस्पताल फिर शुरू

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- पाकबड़ा और नया मुरादाबाद में सील किए अस्पताल दोबारा संचालित
- लापरवाही से हुई मौतों के मामले में भी नहीं की गई ठोस कार्रवाई

**अमृत विचार :** अनियमितताओं के बावजूद निजी अस्पतालों का बेखौफ संचालन स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। कई अस्पताल अनियमितताओं के चलते सील करने के बाद दोबारा शुरू हो गए।

सेक्टर-5 स्थित क्योर अस्पताल का मामला भी गंभीर है। बीते दिनों यहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे पहले करीब डेढ़ महीने पहले इसी अस्पताल में एक बच्चे की भी मौत हो चुकी है।

करीब तीन माह पहले इसी क्योर अस्पताल में एक महिला के ऑपरेशन के दौरान पेट में कॉटन छोड़े जाने का मामला भी सामने आया था। ऑपरेशन के बाद महिला को लगातार दर्द होता रहा। जब परिजन उसे इलाज के लिए मुरादाबाद ले गए, तब जांच में पेट के अंदर कॉटन होने की पुष्टि हुई। बावजूद अस्पताल का संचालन जारी है।

पाकबड़ा के समाथल रोड स्थित उजाला हेल्थ केयर को एक साल पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अनियमितता मिलने पर सील किया था, लेकिन कार्रवाई महज औपचारिक साबित हुई। अस्पताल को सील किए जाने के एक सप्ताह के भीतर ही संचालकों ने दोबारा अस्पताल का संचालन शुरू कर दिया। नया मुरादाबाद के सेक्टर-5 में स्थित अल्फा हॉस्पिटल को करीब डेढ़ साल पहले सील किया गया था। दो-तीन दिन बाद ही अस्पताल दोबारा चलने लगा। स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई की बात कह रहा है।

> सील किए गए अस्पतालों का दोबारा संचालन गंभीर मामला है। इसकी जांच करा रहे हैं। दोषी पाए जाने पर अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।
> **- डॉ. कुलदीप सिंह,** सीएमओ

## युवती को अगवा करने का आरोप, केस दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी 23 वर्षीय बेटी को एक युवक बहला फुसला कर ले गया है।

ग्रामीण ने आरोप लगाया कि समाथथल गांव निवासी अरसद उर्फ मुन्ना नामक युवक उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित का कहना है कि जाते समय युवती घर में रखी 90 हजार रुपये की नकदी, सोने का लॉकेट व बालियां तथा चांदी के दो जेवर भी साथ ले गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। थाना प्रभारी पाकबड़ा योगेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमों को आरोपी की गिरफ्तारी और युवती की बरामदगी के लिए लगाया गया है।

# आजम खां, अब्दुल्ला की याचिका पर सुनवाई 12 को

**संवाददाता, रामपुर**

- दो पैन कार्ड मामले में अभियोजन पक्ष की बहस जारी

**अमृत विचार:** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की दो पैन कार्ड मामलों में मिली सजा के खिलाफ दायर अपील पर मंगलवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में 12 फरवरी तिथि निर्धारित कर दी है।

बचाव पक्ष अपनी दलील पूरी कर चुका है। अभियोजन पक्ष की ओर से मंगलवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सीमा राणा ने कोर्ट बहस की। पूरा दिन मामले में बहस चली, अभियोजन पक्ष की बहस का तीसरा दिन था। सोमवार को भी इस मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन एक वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन के कारण कोर्ट में कंडोलेंस होने से सुनवाई टल गई। मंगलवार को बहस शुरू हुई। बचाव पक्ष के



अधिवक्ताओं ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को कठोर बताते हुए राहत देने की मांग की है। उन्होंने कोर्ट से अपील स्वीकार करने का आग्रह किया है। एडीजीसी सीमा राणा अभी तक तीन अलग-अलग तारीखों पर अपनी दलीलें पेश कर चुकी हैं। मामले में अब 12 फरवरी को कोर्ट सुनवाई करेगा। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बीते 17 नवंबर को दो पैन कार्ड मामलों में आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने उन्हें सात-सात साल की सजा और 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया था। इसी फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है।

### जिला कारागार में आजम-अब्दुल्ला से परिजनों ने मुलाकात की

सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से मिलने मंगलवार को परिजन रामपुर जिला कारागार पहुंचे। आजम खान की पत्नी तजीन फातिमा और बड़े बेटे अदीब आजम ने जेल में करीब एक घंटे तक मुलाकात की। इस बार उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। मुलाकात के बाद जब तजीन फातिमा और अदीब आजम जेल परिसर से बाहर निकले, तो उन्होंने मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। अदीब आजम की कार जेल के मुख्य द्वार के सामने तब तक खड़ी रही, जब तक दोनों बाहर नहीं आ गए। जेल से निकलते ही वे बिना रुके गाड़ी में बैठे और सीधे अपने आवास की ओर रवाना हो गए। मोहम्मद आजम खान और अब्दुल्ला आजम खान 17 नवंबर 2025 से जिला कारागार में बंद हैं। उन्हें दो पैन कार्ड मामलों में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सात-सात वर्ष की सजा सजा सुनाई थी। पिछली कई मुलाकातों के दौरान तंजीन फातिमा ने जेल प्रशासन पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध न कराने के आरोप लगाए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि आजम खान को उनकी उम्र और स्वास्थ्य के अनुसार उचित व्यवस्था नहीं मिल रही हैं। हालांकि इस बार न तो किसी आरोप का जिक्र हुआ और न ही किसी परेशानी की कोई बात कही।

**विशेषज्ञों की सलाह** | पौष्टिक आहार से बढ़ती है याददाश्त और एकाग्रता, जंक फूड से बनाएं दूरी

# परीक्षा के दिनों में थाली तय करेगी सफलता का रास्ता



डॉ. रवि।



डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल।

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के दौरान पढ़ाई के साथ-साथ खान-पान का संतुलन भी सफलता में अहम भूमिका निभाता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल शरीर को ऊर्जा देता है, बल्कि दिमागी क्षमता, याददाश्त और एकाग्रता को भी मजबूत करता है।

एसएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि ने कहा कि परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों को तनाव से बचाना चाहिए। घर का बना ताजा भोजन, समय पर नाश्ता और पर्याप्त नींद जरूरी है। अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अतिरिक्त दबाव न डालें और उनके खान-पान का विशेष ध्यान रखें। डाइटिशियन डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल के अनुसार, परीक्षा के समय शरीर और मस्तिष्क को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। संतुलित नाश्ता दिन की अच्छी शुरुआत करता है। अत्यधिक तला-भुना, मीठा और जंक फूड दिमाग को सुस्त कर देता है, जिससे पढ़ाई में मन नहीं लगता। इसलिए परीक्षा के दौरान इनसे दूरी बनाना ही बेहतर है।

### दिमाग के लिए फायदेमंद भोजन
- सूखे मेवे : बादाम (रात में भिगोए हुए), अखरोट, किशमिश
- फल : सेब, केला, संतरा, अनार
- दूध व दही : याददाश्त और एकाग्रता के लिए अच्छे

### ऊर्जा देने वाला भोजन
- घर का बना सादा खाना : दाल, चावल, रोटी, सब्जी
- ओट्स, दलिया, ब्राउन ब्रेड
- अंडा (अगर खाते हों) या पनीर

### हल्का और पौष्टिक भोजन
- हरी सब्जियां : पालक, गाजर, लौकी
- सलाद : खीरा, टमाटर, चुकंदर

### पानी और तरल पदार्थ
- भरपूर पानी पिए
- नारियल पानी, नींबू पानी (कम चीनी के साथ)

### किन चीजों से बचें
- बहुत ज्यादा तला-भुना और जंक फूड
- ज्यादा चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक
- बहुत भारी और मसालेदार भोजन

### खाने का सही तरीका
- समय पर खाना खाएं
- बहुत ज्यादा या बहुत कम न खाएं
- पढ़ाई से पहले हल्का खाना बेहतर रहता है

### सुबह उठने के बाद
- 1 गिलास गुनगुना पानी
- 4-5 भीगे हुए बादाम
- 1-2 अखरोट, दिमाग को एक्टिव करता है

### नाश्ता (8:00 – 8:30 बजे)
- दूध ओट्स / दलिया
- ब्राउन ब्रेड मक्खन / पनीर
- उबले अंडे 1 ब्रेड
- साथ में 1 फल (सेब / केला / संतरा) लंबे समय तक ऊर्जा देता है
- पढ़ाई के बीच (10:30 – 11:00 बजे)
- 1 फल या नारियल पानी / नींबू पानी, मुट्ठी भर भुने चने, थकान और तनाव कम करता है

### दोपहर का भोजन 1:30-2:00 बजे
- 2 रोटी / थोड़ा चावल ● दाल / राजमा / चना
- हरी सब्जी ● दही सलाद

### शाम का हल्का नाश्ता 4:30-5:00 बजे
- दूध ● मखाना / मूंगफली
- 1 फल (अगर भूख लगे), दोबारा फोकस बनाने में मदद करता है

### रात का खाना 7:30-8:00 बजे
- हल्का भोजन रखें ● 2 रोटी सब्जी दाल
- ज्यादा तला-भुना न लें, अच्छी नींद के लिए जरूरी

## गांवों में विकास कार्य हो रहे प्रभावित

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर गंभीर स्थिति सामने आ रही है। पंचायत राज विभाग के अनुसार कार्यदायी संस्थाओं की कमी है।

मंगलवार को उप निदेशक पंचायत राज विभाग अभय कुमार यादव ने बताया कि पंचायत राज विभाग के जेएम पोर्टल पर अब तक किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा अपना जीएसटी नंबर फीड नहीं कराया गया है। जबकि शासन के निर्देश के अनुसार वही कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य कर सकती है, जिसका राज्य कर विभाग में वैध जीएसटी पंजीकरण हो और जिसकी जानकारी जेएम पोर्टल पर दर्ज हो। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायतों की कार्य योजनाएं तैयार की जा चुकी हैं, लेकिन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी न किए जाने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिना जीएसटी पंजीकरण के किसी भी संस्था को भुगतान संभव नहीं है।

# पंचायत राज विभाग के नौ अधिकारी किए निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- 37 दंपतियों को दोबारा योजना में शामिल करने पर की कार्रवाई

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गंभीर अनियमितताओं के आरोप में जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी ने पांच ग्राम विकास अधिकारियों और जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा चार ग्राम पंचायत अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन आदेश के साथ ही आरोप पत्र भी जारी किया गया है।

मंगलवार को जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ने बताया कि 37 दंपतियों को दोबारा योजना में शामिल करने के मामले में कार्रवाई की गई है। निलंबित ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों पर आरोप है कि योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को निर्धारित सुविधाएं नहीं दी गईं। जांच में सामने आया कि 34 जोड़ों को उपहार स्वरूप कोई सामग्री नहीं दी गई, 139 जोड़ों को गद्दे उपलब्ध नहीं कराए गए, 50 जोड़ों को चांदी का सामान नहीं मिला और 37 जोड़ों को डिनर सेट नहीं दिए गए। इसके साथ ही उन पर यह भी आरोप है कि 2000 जोड़ों के विवाह समारोह नियमों के अनुसार अनिवार्य पांच फोटो उपलब्ध नहीं कराए गए, जो योजना के दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

निलंबित किए गए ग्राम विकास अधिकारियों में रवि कुमार, रवि पाल, रणविजय सिंह, सदावली और अमित कुमार शामिल हैं। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारियों में मोहन सिंह रावत के साथ पूर्व में निलंबित धनेंद्र पाल, रजत पुष्कर तथा पूर्व से सेवानिवृत्त इंतजार के विरुद्ध भी निलंबन पत्र जारी किया गया है।

## शहर में आज

- पीतल नगरी के लक्ष्मी नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सात दिवसीय शिव महापुराण का शुभारंभ शाम 7 :00 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रह्मा कुमारीज सेंटर ने निकाली शिव यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेंटर की ओर से मंगलवार को विशाल शिव यात्रा निकाली गई। जो रामगंगा विहार सेंटर से प्रारंभ होकर रामगंगा विहार कालोनी, दीनदयाल नगर, नवीन नगर होते हुए सेंटर पर आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे वाहन पर भगवान शिव की झांकी के साथ अन्य झांकियां चल रही थीं। यात्रा का शुभारंभ सुमित्रा दीदी ने झंडी दिखा कर किया। इसमें ब्रह्मा कुमारीज के भाई बहन श्वेत वस्त्र धारण कर बैनर पट्टिका ले कर चल रहे थे। संचालन सुमित्रा दीदी और कंचन दीदी ने किया।

### कृमिनाशक ड्राइव में स्काउट गाइड शामिल

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश स्टेट हेड क्वार्टर द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में कृमिनाशक अभियान में पहली बार संगठित व्यवस्था बनाकर सहयोग किया गया। प्रत्येक विद्यालय के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन ने अपनी-अपनी टीम के साथ विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल टैबलेट खिलाई। साथ ही स्वच्छता एवं हाइजीन का विशेष ध्यान रखते हुए विद्यार्थियों को अलग-अलग गिलास में पानी वितरित किया गया, जिससे अभियान को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सके। इस कृमिनाशक ड्राइव में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) मोनिका, जिला कमिश्नर (स्काउट) हिमांशु यादव, जिला कमिश्नर (गाइड) डॉ. वंदना सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, जिला सचिव डॉ. सुरेंद्र वर्मा सहित जिले के सभी स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टनों का सहयोग रहा।

### सीढ़ियों से गिरकर रिटायर्ड फौजी की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रानीखेत निवासी दीपक (49) सेना में हवलदार पद से सेवानिवृत्त थे। वह मझोला थाना क्षेत्र के कांशीराम नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर के पास मकान बनाकर पत्नी ज्योति और बेटी यामी के साथ रह रहे थे। ।मृतक के ससुर, रिटायर्ड सूबेदार मेजर शंकर लाल ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे दीपक नशे की हालत में घर की सीढ़ियों से गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# हिंदू सम्मेलन में नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता पर जोर

## पंचायत भवन सहित कई स्थानों में हिंदू सम्मेलनों का किया गया आयोजन

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंचायत भवन में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मौजूद अतिथि व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति कृष्ण नगर के द्वारा मंगलवार को विराट हिंदू सम्मेलन पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी स्वरूपानंद यति महाराज (सिद्धपीठ हथियाराम मठ) श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा रहे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृज मोहन रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि प्रमोद जोशी महानगर सह कार्यवाह और अरुण प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद मेरठ प्रांत रहे।

आरंभ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रवजलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर विभाग प्रचारक ब्रजमोहन ने वक्तव्य रखा। कहा कि पांच लोगों से 1925 में बना संगठन आज दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। यह राष्ट्र सेवा के लिए संगठन बना है। जो गैर राजनीतिक है। समाज सेवा के क्षेत्र में काम करता है। संगठन राष्ट्र के लिए काम करता है क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह प्रमोद ने पंच परिवर्तन के बारे में बताया। कहा पंच परिवर्तन केवल भाषण का विषय नहीं है संकल्प का विषय है। हमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा तय किए गए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। कुटुंब प्रबोधन पर काम करना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भारत और संरक्षित भारत दे पाएंगे। महामंडलेश्वर स्वरूपानंद यति ने कहा कि आज हम अपनी संस्कृति सभ्यता को छोड़ने जा रहे हैं और विदेशी संस्कृति सभ्यता को अपनाते जा रहे हैं। इसलिए हमें अपनी उपासना पद्धति को संभालना होगा। कहा कि हमें अपने कर्तव्य और सामाजिक समरसता पर काम करना होगा। उन्होंने हिंदुओं की एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज महेश्वरी ने की। इस दौरान मनोकामना श्री हनुमान मंदिर प्रबंध समिति के बिल्लू कत्याल, मेजर राजीव ढल, सुभाष शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शिविर के चौथे दिन राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मंगूपुरा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया।

इसका आरंभ् मुख्य अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट, चिट एंड फंड सोसायटी आनंद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण का महत्व, प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों तथा उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को एल्बेंडाजोल टैबलेट का वितरण भी किया गया तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार जताया। विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश, प्रधानाचार्य कपिल देव, रीना कुमारी, मुनेंद्र सिंह, अमन शर्मा, सोनू कुमार, नीलू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

## यूजीसी बिल के समर्थन में सड़कों पर उतरा दलित समाज



अंबेडकर पार्क से जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार

- सुप्रीम कोर्ट से बिल पर लगाया स्टे हटाने की मांग
- बिल को सामाजिक न्याय और समानता के लिए महत्वपूर्ण बताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** यूजीसी बिल के समर्थन में एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लोग एकजुट होकर सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे को हटाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यह बिल सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने केंद्र सरकार से स्पष्ट नीति अपनाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को 80 प्रतिशत बहुसंख्यक समाज या 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग-किसके हित में खड़ी है, यह साफ करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि जो लोग हमेशा समाज को एकजुट रहने की बात करते हैं, वे आज इस बिल का विरोध क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा और वंचित समाज अब अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुका है और किसी भी प्रकार के भेदभाव को स्वीकार नहीं करेगा।

इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी बिल को लागू नहीं किया गया तो इसका असर आगामी 2027 के चुनावों में देखने को मिलेगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, हालांकि मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

## टेडी डे पर बाजारों में रौनक, रिश्तों में मिठास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



टेडी बेयर डे मनातीं युवतियां।

- युवाओं के साथ बच्चों ने भी मनाया टेडी डे, माता-पिता को दिया टेडी बेयर और चॉकलेट

**अमृत विचार :** वेलेंटाइन वीक के तहत मंगलवार को टेडी डे उत्साह और उमंग से मनाया गया। सिविल लाइंस, बुध बाजार, मानसरोवर, टाउन हॉल, कटघर सहित अन्य इलाकों में टेडी बीयर और चॉकलेट की दुकानों पर भीड़ लगी रही।

टेडी डे को लेकर खासकर युवाओं में उत्साह रहा। प्रेमी युगलों ने एक-दूसरे को टेडी और चॉकलेट भेंट कर अपनी भावना जाहिर की। इस बार टेडी डे सिर्फ युवाओं तक सीमित नहीं रहा। बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने माता-पिता को टेडी बियर व चॉकलेट देकर इस दिन को खास बनाया। दुकानदारों के अनुसार, इस बार टेडी डे पर बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई। छोटे टेडी बीयर जहां किफायती दामों में उपलब्ध रहे, वहीं बड़े और म्यूजिकल टेडी बियर की भी खास मांग रही। बाजारों में दिल के आकार वाले कुशन, ग्रीटिंग कार्ड और चॉकलेट गिफ्ट पैक भी लोगों ने खूब खरीदे। शाम होते-होते बाजारों में रौनक और बढ़ गई।

## तीन ई वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और 6 मेटल गलाने की भट्ठियां सील

**मुरादाबाद,अमृत विचार::** महानगर के मझोला थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ई वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और 6 मेटल गलाने की भट्ठियों को प्रशासन और विभागीय टीम ने मंगलवार को सील कर दिया। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रिंस ने प्रदूषण नियंत्रण एवं पुलिस टीम के साथ मझोला क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला जन्नतबाग निकट ट्रांसपोर्ट नगर में पहुंचकर वहां अवैध रूप से संचालित 3 ई वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और 6 मेटल गलाने की भट्ठियों को सील करने की कारवाई की। चेतवानी दी कि नियमों की अनदेखी करते हुए यदि इन अवैध रूप से संचालित इकाइयों द्वारा भविष्य में संचालन प्रारंभ किया जाएगा तो संचालकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

## शिवालयों व आसपास होगी साफ-सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कूड़ा उठाने के अलावा नालियों की सफाई कर चूना छिड़काव का चलेगा अभियान
- कूड़ा उठान के बाद पेयजल व पथ प्रकाश का प्रबंध भी किया जाएगा

**अमृत विचार:** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इसको लेकर जिला प्रशासन ने जहां कानून व्यवस्था को सख्त करने का निर्देश दिया है वहीं शिवालयों व उसके आसपास सफाई, पेयजल आदि का प्रबंध नगर निगम प्रशासन कराएगा। शिवालयों के आसपास सफाई कर चूने का छिड़काव कराने के लिए विशेष अभियान चलेगा।

महानगर में 84 घंटा मंदिर, नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर, हरथला शिव मंदिर, ढाप वाले मंदिर सहित अन्य शिवालयों में महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को जलाभिषेक व विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इस दिन कांवड़िये भी हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगाजल लाकर भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। इसको देखते हुए पुलिस ने जहां रुट डायवर्जन प्लान जारी किया है। वहीं जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में नामित कर उनकी ड्यूटी लगाई है। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए शिवालयों व आसपास के क्षेत्रों में नगर निगम की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाकर नालियों व सड़कों की सफाई, कूड़ा उठान के बाद पेयजल व पथ प्रकाश का प्रबंध भी किया जाएगा। साथ ही महाशिवरात्रि को शिवालयों के बाहर रंगोली भी बनाई जाएगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने निगम के संबंधित जोन के अधिकारियों व सफाई निरीक्षकों को अपने क्षेत्र के शिवालयों के आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। जिससे शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो। सफाई मित्रों को सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न करने की चेतावनी भी दी है।



शिवरात्रि को लेकर शिव मंदिर में तैयारी शुरू।

## पंचायत सचिवों पर कार्रवाई को बताया अन्यायपूर्ण

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने डीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार:** नौ ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने कार्रवाई विरोध में जिला विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह अन्य पदाधिकारियों के साथ विकास भवन में जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठकसे मिले और ज्ञापन सौंपा। संगठनों का कहना है कि शासनादेश के अनुसार समाज कल्याण योजनाओं का सत्यापन 50-50 प्रतिशत के अनुपात में सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) एवं ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) द्वारा किया जाना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को प्रति माह 5000 रुपये का भौतिक सत्यापन भत्ता भी दिया जा रहा है। इसके बावजूद समस्त सत्यापन का भार पंचायत सचिवों पर डाला जा रहा है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि समाज कल्याण विभाग समय से सत्यापन प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराता और आयोजन से ठीक एक-दो दिन पहले पंचायत सचिवों पर 24 घंटे में सत्यापन का दबाव बनाता है। सीमित संसाधनों और अत्यधिक कार्यभार के चलते त्रुटियों की संभावना स्वाभाविक है, किंतु दूसरे विभाग की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों पर डालकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पंचायत सचिवों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाई जाए तथा अपात्र लाभार्थियों के चयन के लिए समाज कल्याण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में शासनादेश के अनुसार ही सत्यापन प्रक्रिया सुनिश्चित कराने की मांग की गई है।

## बच्चों को एल्बेंडाजोल खिला अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 15,56, 609 बच्चों को टेबलेट खिलाने का लक्ष्य

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मंगलवार को एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में छात्राओं को एलबेंडाजोल टेबलेट खिलाकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अभियान की शुरुआत की। कहा कि बच्चे हिन्दी और अंग्रेजी समाचार पत्रों और पुस्तकों से जुड़े तथा नियमित तौर पर उन्हें पढ़ें। इससे उनमें ज्ञान और तार्किक क्षमता का विकास होगा। उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित खुराक देकर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण का बच्चों की सेहत पर काफी दुष्प्रभाव पड़ता है, इससे बच्चों में एनीमिया, थकावट, कुपोषण और कमजोरी जैसे स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। उन्होंने इससे बचाव के तरीकों के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे नाखून साफ व छोटे रखें, हमेशा साफ पानी पिये, खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथों को साबुन से धोएं, खाने को ढककर रखें, आसपास सफाई रखें, जूते/चप्पल पहनें, फल व सब्जियां धोकर खाने सहित अन्य विभिन्न सावधानियों से कृमि संक्रमण से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत 15,56,609 बच्चों को एलबेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाएगी। आज 10 फरवरी को जो बच्चे दवा खाने से छूट गए हैं उन्हें 13 फरवरी को मॉपअप के अंतर्गत दवा खिलाई जाएगी।

**बजट आज** | महंगाई और टैक्स के बोझ के तली दबी गृहस्थी की गाड़ी को गति मिलने की उम्मीद

# बजट पर निगाहें, करों में राहत की आस

- महंगाई में कमी लाने के उपायों पर हर वर्ग की आस टिकी है
- महंगाई और टैक्स के बोझ के तली दबी गृहस्थी की गाड़ी को गति मिलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सबकी नजरें प्रदेश सरकार के बजट पर टिकी है। महंगाई में कमी लाने के उपायों पर हर वर्ग की आस टिकी है। महंगाई और टैक्स के बोझ तले दबी गृहस्थी गाड़ी को प्रदेश सरकार के बजट से गति मिलने की सभी को उम्मीद है। हर वर्ग सरकार से राहत की फुहारों की आस लगाए है।



यूपी सरकार के बजट से अपेक्षा है कि महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार और स्वरोजगार को प्राथमिकता मिले। अगर स्किल डेवलपमेंट, महिला उद्यमिता और वर्किंग वुमन के लिए सुविधाओं का विस्तार होता है तो यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। – **पायल कौशिक**, रामगंगा विहार



प्रदेश सरकार के बजट में उम्मीद है कि महंगाई पर कुछ राहत मिले। रसोई गैस, दाल-तेल और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों के दाम कम हों तो घर का बजट संभालना आसान होगा। महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए। – **स्वाति गुप्ता**, कंजरी सराय



उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में हमें उम्मीद है कि सरकार महंगाई से राहत देने के लिए विशेष प्रावधान करेगी। साथ ही प्रदेश में रोजगार और व्यापार बढ़ाए जाने के लिए नई योजनाएं चलाने एवं सब्सिडी दिए जाने की मांग हम करते हैं। – **मो . आरिफ**, लेखाकार समग्र शिक्षा

प्रदेश में 25,000 अनुदेशक प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने हमारी सेवाओं और 17,000 मानदेय पर मुहर लगा दी है। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में उम्मीद है कि सरकार न केवल इस को तत्काल प्रभाव से लागू करेगी बल्कि विगत वर्षों के एरियर के लिए एकमुश्त फंड आवंटित किया जाएगा। हम सरकार से सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सामाजिक सुरक्षा और नियमितीकरण का मार्ग भी प्रशस्त करने की मांग करते हैं। – **विष्णु भारद्वाज**, जिला उपाध्यक्ष उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन




सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
- विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
- केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
क्यूआर कोड स्कैन करें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935

आरबीआई कहता है... केवाईसी - सुरक्षित बैंकिंग की ओर आपका पहला कदम

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## ब्रीफ न्यूज

### सोलर लाइट ट्रैप बनेगा रासायनिक कीटनाशकों का बेहतर विकल्प

**कुंदरकी अमृत विचार :** रासायनिक कीटनाशकों से परेशान किसानों के लिए सोलर लाइट ट्रैप अच्छा समाधान साबित हो रहा है। यह पर्यावरण व स्वास्थ्य दोनों की रक्षा करता है ।प र्यावरण के अनुकूल कीट नियंत्रण किसान फसल बचाने को जहरीले रसायनों का अत्यधिक छिड़काव कर रहे हैं। इससे मिट्टी व पानी प्रदूषित हो रहा है। राजकीय कृषि रक्षा इकाई कुंदरकी के प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि लाइट ट्रैप शत्रु कीटों को आकर्षित कर नष्ट करता है। मित्र कीट सुरक्षित रहते हैं ।कैसे काम करता है उपकरण? इसमें विशेष बल्ब की रोशनी से कीट आकर्षित होते हैं। टकराने पर कीप से पानी में गिरकर खत्म हो जाते हैं। सोलर मॉडल बिना बिजली चलता है। खेत के बीच में 2 फीट ऊंचाई पर लगाएं। शाम 7 से रात 10 बजे तक चालू रखें। एक एकड़ के लिए एक पर्याप्त ।आसानी से प्राप्त करें। कृषि विभाग सब्सिडी पर सोलर लाइट ट्रैप दे रहा है। इच्छुक किसान राजकीय बीज भंडार कुंदरकी आकर ले जा सकते हैं। प्रारंभिक अवस्था में ही कीटों का प्रकोप रोकें। इससे उत्पादन बढ़ेगा।

### बैंक सखी ने अधिकारियों पर लगाए आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के थाना डिलारी के गांव दौलतपुर तिगरी निवासी रेखा कुमारी पत्नी विजेंद्र सिंह ने बताया कि वह ग्रामीण बैंक शाखा करनपुर में बैंक सखी है। बिना किसी स्पष्ट कारण के उनका लगभग 29 माह का वेतन रोक दिया गया, जिसकी शिकायत उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों से की थी। शिकायत के अनुसार, बैंक के अधिकारियों ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। नौकरी से निकालने और वेतन न देने की धमकियां भी दी गईं। इसके बावजूद शिकायत वापस नहीं ली तो अधिकारियों द्वारा उनके शिकायती पत्रों का गलत तरीके से निस्तारण दर्शाते हुए कूट रचित रिपोर्ट तैयार कर दी गई। पीड़िता का दावा है कि जिस तिथि की रिपोर्ट दिखाई गई है, उस दिन संबंधित अधिकारी उस पद पर तैनात ही नहीं थे। रेखा ने पूरे प्रकरण को आपराधिक षड्यंत्र और गंभीर धोखाधड़ी बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल में विज्ञान एवं हस्तकला प्रदर्शनी



**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल में विज्ञान एवं हस्तकला भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज अग्रवाल, विवेक राजपूत, विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई एवं प्रबंधक दीपेश सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडल की सराहना की गई। विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया।

# परिवार को बंधक बनाकर लाखों के जेवर-नकदी लूटे

## डिलारी थाना क्षेत्र के गांव तगाला में किसान के घर में घुसे बदमाश

- पुलिस ने बदमाशों की तलाश में जंगलों में कॉम्बिंग की
- बंदूकों के बल पर पूरे परिवार को डराकर अलमारियां खुलवाईं

सवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** डिलारी थाना क्षेत्र के गांव तगाला में सोमवार देर रात एक किसान के घर लूट की वारदात से दहशत का माहौल है। चार बदमाश दीवार फांदकर घर में घुसे और बंदूकों के बल पर पूरे परिवार को बंधक बनाने के बाद लाखों रुपये के जेवर और नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में नाकेबंदी के साथ जंगलों में कॉम्बिंग की।

गांव तगाला निवासी किसान यासीन पत्नी, बहू और बेटियों के साथ घर में सो रहा था। देर रात अचानक आहट हुई, लेकिन जब तक कोई कुछ समझ पाता, चार नकाबपोश बदमाश कमरे में घुस आए। बदमाशों के पास बंदूक थी। बदमाशों ने बंदूक तानकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और अलमारियों की चाबी मांगी। दहशत में आए परिवार ने विरोध करने की हिम्मत नहीं की।

बदमाशों ने अलमारी का ताला खुलवाकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी निकाल ली। लूटे गए सामान में सोने के कुंडल, पायल, अन्य सोने के आभूषण और लगभग दस हजार रुपये नकद हैं। यासीन के मुताबिक, लुटे गए सामान की कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। बदमाशों ने पूरे घर की तलाशी ली ताकि कोई कीमती सामान छूट न जाए।वारदात के बाद बदमाश दीवार फांदकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित परिवार ने शोर मचाया, शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। इस घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। डिलारी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के मार्गों पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की। इसके साथ ही बदमाशों की तलाश में आसपास के जंगलों और खेतों में कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। हालांकि, रात भर की तलाश के बाद भी लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। डिलारी थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित यासीन की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लूट की इस घटना से गांव तगाला के लोगों में डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी आसपास के इलाकों में चोरी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इस तरह परिवार को बंधक बनाकर लूट की यह पहली बड़ी वारदात है। लोगों ने पुलिस से गांव में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच इस वारदात ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सिंचाई खण्ड की बैठक में की गई कामों की समीक्षा

**कांठ,अमृत विचारः** सिंचाई एवं जल संसाधन उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खण्ड की मासिक बैठक में सर्व सर्वप्रथम पुराने कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकांश लंबित कार्य पूर्ण कर लिए गए। कुछ कार्य जैसे महमूदपुर रजबहा को कोकरपुर से गांगन नदी में मिलाने , मुंडा पांडे शिवपुरी महाविद्यालय के सामने नहर का पुल तथा महमूदपुर रजबहा की शिल्ट सफाई ठीक से न होने पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्ति की। बताया गया कि इस समय नहरों में पानी नहीं है, एक सप्ताह बाद डिमांड के आधार पर सभी नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा। इस समय नहर कटिंग, कुलाबे, सूखा और बाढ़ सम्बन्धी कोई समस्या नहीं है। संचालन प्रमोद कुमारने किया। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह अधिशासी अभियंता नलकूप खंड 2 श्रद्धा भट्ट , अधिशासी अभियंता नलकूप खंड 4 पूजा, सहायक अभियंता नलकूप राकेश कुमार, सहायक अभियंता अमित कुमार , अफजलगढ़ सिंचाई खंड से एडीओ राणा मनोरविन्द सिंह , लघु सिंचाई से अजय कुमार गौतम , विद्युत विभाग से सहायक अभियंता सर्वेश कुमार , सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर केंद्रों पर लटकते मिले ताले



आंगनबाड़ी केंद्र में लगा ताला। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूंढापांडे

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले पड़े रहे।

राष्ट्रीय कृमि दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के बच्चों को कीड़ों की (एल्बेंडाजोल की टेबलेट) खिलाई जानी है। लेकिन , आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटकते ताले व्यवस्था के मुंह पर तमाचा हैं। जिम्मेदारों ने राष्ट्रीय कृमि दिवस पर कोई संजीदगी नहीं दिखाई। मूंढापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालाटीकर में बना आंगनबाड़ी केंद्र मंगलवार को बंद मिला। ग्राम पंचायत रौंडा में बने दो आंगनबाड़ी केंद्रों में एक आंगनबाड़ी केन्द्र कार्यकत्रियों एवं बच्चों की राह ताकता मिला। देर शाम तक आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकत्रियों एवं बच्चों की राह ताकते रहे लेकिन ,केंद्र नहीं खुले। इस बात से अंदाज़ा लगाया जा सकता है अन्य दिवसों में केंद्रों के संचालन की स्थिति कैसी होगी.? यही नहीं आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कभी समय से नहीं होता। बच्चों को कुपोषण से दूर करने के लिए मिलना वाला पूरा राशन बच्चों की थाली तक पहुंच ही नहीं रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां केंद्र से दूर रहकर सेवा दे रही हैं। गांव में कभी-कभार पहुंचने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लाभार्थियों को बिना सूचना दिए ही खाद्य सामग्री आधा-अधूरा वितरण कर देते हैं। बच्चों को वितरण होने वाली सामग्री से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का आभाव पनप रहा है।

> कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया था और एल्बेंडाजोल की टेबलेट भी उपलब्ध करा दी गई थी। यदि टेबलेट नहीं खिलाई गई हैं तो कार्यवाही की जाएगी। – **शकुंतला देवी,** बाल विकास परियोजना अधिकारी

## सलेमपुर गांव में मंदिर शिखर पर धर्म ध्वज व कलश की स्थापना

**कांठ,अमृत विचारः** तहसील कांठ क्षेत्र के गांव सलेमपुर में स्थित मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज एवं कलश की स्थापना की गई। मंदिर प्रांगण से निकाली गई कलश यात्रा से हुआ, जो पूरे गांव में भ्रमण करती हुई चामुंडा देवी स्थान पर पहुंची और वहां से पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।

गुरुजी जगदेवानंद जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के शिखर पर कलश एवं धर्म ध्वज की विधिवत स्थापना कराई गई। यात्रा में प्रमुख रूप से सलोनी बिश्नोई, बंसी बिश्नोई, पन्नू बिश्नोई, दिव्यांशी, कनिका, राखी बिश्नोई, ममता बिश्नोई, श्रद्धा बिश्नोई, आरती बिश्नोई, उषा बिश्नोई, केला देवी, अर्चना बिश्नोई, भावना बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन से गांव में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल बना रहा।



कलश यात्रा में उपस्थित महिलाएं व सन्त।

## त्यौहारों के मद्देनजर गढ़ी में चलाया स्वच्छता अभियान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़ी में ग्राम प्रधान लालू के निर्देशन में वृहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

ग्राम पंचायत गढ़ी में मंगलवार को वृहद सफाई अभियान चलाया गया। महाशिवरात्रि एवं रमजान पर्व को ध्यान में रखते हुए कांवड़ पथ सहित गांव के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराई गई। ग्राम प्रधान लालू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी त्योहारों को शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में मनाने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई रखें और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, क्योंकि स्वच्छता से ही स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। सफाई अभियान के दौरान ग्रामीणों को कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने, नालियों की सफाई रखने और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ पास पड़ोस और गांव को स्वच्छ रखना भी अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर ग्राम सचिव सूरज नायक सहित जुबेर मोहम्मद, उमर, नासिर, जफीर, मालिक अनीस, हाफिज इकराम, नदीम, कमरू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिव मंदिर व तालाब उपेक्षा का शिकार

- ग्राम फैज़ुल्लागंज में बना है आस्था का केंद्र, सौंदर्यीकरण की मांग

संवाददाता,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज अंतर्गत स्थित प्राचीन तालाब और उससे जुड़ा विशाल शिव मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी धार्मिक आस्था का केंद्र होने के बावजूद उपेक्षा का शिकार है। यह तालाब सेकेंड्री बांध क्षेत्र में स्थित है और वर्तमान में वन विभाग के अधीन आता है। तालाब न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता था। शिव मंदिर के समीप स्थित यह जलाशय साधना, तप और पूजा-पाठ का प्रमुख केंद्र रहा है।



जसपुर मार्ग पर खोकरा तालाब पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर। ● अमृत विचार

लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र उत्तराखंड की सीमा के निकट होने के कारण पर्यटक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। यहां से उत्तराखंड स्थित मां गौरा देवी के प्रसिद्ध मंदिर की आस्था भी जुड़ी हुई है। ऐसे में इस पवित्र स्थल की उपेक्षा श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर रही है। सरकारों द्वारा इस पवित्र तालाब और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई गई थी, लेकिन आज तक वे योजनाएं धरातल पर उतर नहीं सकीं। वर्तमान समय में स्थिति यह है कि तालाब खत्म होता जा रहा है। लोगों द्वारा कचरा भी डाला जा रहा है।

स्थानीय निवासी राजेंद्र चंद्र पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि वन विभाग को निर्देशित कर इस पवित्र स्थल का सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि शिव भक्तों की आस्था सुरक्षित रह सके और क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सके।

## कांवड़ियों के जत्थे जल लेने के लिए हरिद्वार रवाना

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** नगर से कांवड़ियों के जत्थे गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार रवाना हो गए। हर हर महादेव" और "बम बम भोले" के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला पीपल टोला स्थित श्री शिव धाम पंचशील मंदिर से कांवड़ियों का एक जत्था विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर महाशिवरात्रि के दिन शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। विभिन्न स्थानों से लगातार कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है।



ठाकुरद्वारा से कांवड़ लेने हरिद्वार जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## प्रेम विवाह से खिन्न युवती के परिजन घर में घुसे, तोड़फोड़

- युवक पक्ष के लोग जान बचाकर घर से भाग गए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीपली उमरपुर निवासी एक युवक का गांव की दूसरी जाति की युवती से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल आ रहा था । युवती ने परिजनों की बिना मर्जी युवक से कोर्ट मैरिज कर ली । इस बात से गुस्साए युवती के परिजनों ने युवक के घर पर लाठी डंडों व अन्य हथियारों से हमला कर दिया । युवक पक्ष के लोग अपनी जान बचाकर भाग निकले । घर में सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया । हमलावर नकदी व जेवर ले गए और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने तहरीर दी। पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

ग्राम पीपली उमरपुर निवासी विरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी सुमन देवी, पुत्र अजय कुमार, पत्नी पवित्रा देवी व दो बच्चों के साथ रहता है। 6 फरवरी को कई दबंगों ने उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोपियों ने घर में रखी अलमारी, संदूक आदि को तोड़ दिया और करीब दो लाख रुपये नकद व लगभग 10 तोला सोने के जेवरात चोरी कर लिए। साथ ही मोटरसाइकिल, कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी, कैमरा सहित अन्य कीमती सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। आरोप है कि दबंग लगातार पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं और गांव में खेती तक नहीं करने दे रहे हैं। बताया गया कि इस परिवार का युवक ने दूसरी जाति की युवती से प्रेम विवाह किया था। इसी से खिन्न् होकर युवती के परिजनों ने हमला किया।

थाना अध्यक्ष डिलारी कृष्ण कुमार ने बताया कि युवती के परिजनों की तहरीर पर पुनीत कुमार के नाम मुकदमा पंजीकृत किया गया है । युवती को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है । अब युवक के परिजनों ने घर में तोड़फोड़ आदि की पुलिस को तहरीर दी है। जांच कराई जा रही है । मामला सत्य मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा । सुरक्षा की दृष्टी से गांव मे पुलिस तैनात की गई है।

## हॉस्पिटल से लापता महिला लौट आई

**अगवानपुर, अमृत विचारः** कांठ रोड स्थित चेरिटेबल आई हॉस्पिटल में 15 जनवरी को महिला अपनी सास की आंख का ऑपरेशन कराने आई थी। वहां से लापता हो गई। महिला के पति ने 16 जनवरी को गुमशुदगी की दर्ज कराई। मंगलवार को अचानक महिला को एक व्यक्ति एक अखबार के संवाददाता के घर छोड़ गया। महिला ने बताया कि एक व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारे पति की बहुत तबियत खराब है। तुम हमारे साथ चलो । कार में उसे नशीला पदार्थ देदिया। आंख खुली तो वह दिल्ली में थी। वहां उसके साथ कई लोगों ने दुष्कर्म किया। तबियत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। महिला ने अस्पताल में डॉक्टर को बताया तो डॉक्टर ने उसे तीन सौ रुपये दिए। एक नर्स ने उसे बस में बैठाया। महिला धामपुर में बस से उतरी जहां से एक व्यक्ति उसे छोड़ गया। महिला गहरे सदमे में है।

## स्पेल बी एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं ,अतिथि व स्टाफ। ● अमृत विचार

- डायट में ब्लॉक स्तर पर चयनित बच्चों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में परिषदीय विद्यालयों के ब्लॉक स्तर पर चयनित बच्चों की स्पेल बी एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर भेंडी, डिलारी की निशा ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली, मूंढापांडे की अल्शिफा द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय मिलक गंगवारी, कुंदरकी की नूरसफातिमा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

जूनियर स्तर में कंपोजिट विद्यालय सलारपुर, डिलारी की हिमांशी प्रथम, कंपोजिट विद्यालय फत्तेपुर खास की अना फातिमा द्वितीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर भेंडी डिलारी की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की भाषा दक्षता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक क्षमता को विकसित करती हैं। इससे बच्चों में शुद्ध लेखन और सही उच्चारण की आदत विकसित होती है। संयोजक डॉ. शशिबाला ने कहा कि स्पेल बी और श्रुतलेख जैसी गतिविधियां बच्चों की बुनियादी भाषा समझ को मजबूत करती हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सकारात्मक दिशा देना है। विजेता विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। शेष प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सिटी डायरी



### वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**कांठ,अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल कुचावली में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य शाने आजम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य राहुल रस्तोगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलकित बिश्नोई, पूजा गुप्ता, जोगेश्वरी एवं प्रीति वर्मा उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ''लेजियम नृत्य'' मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान वर्ष भर विभिन्न क्लबों (विज्ञान, गणित, यूथ, इको, हिंदी व अंग्रेजी) तथा खेल गतिविधियों में राज्य स्तर तक स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। व्यायाम शिक्षिका गीतांजली दक्ष ने अपनी स्वरचित कविता 'शून्यता से सृजन तक' का पाठ किया। साथ ही शिक्षिका निशि रस्तौगी ने "बुझते दिए जलाओ तुम" का पाठ किया गया। संचालन श्वेता वाजपेई व सह-संचालन अनुश्री चौहान ने किया। मीनू , गीतांजली दक्ष, रीता, सईदउल जफर, रिजवान व शीतल का सहयोग रहा।



### एसडीएम ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की टेबलेट

**बिलारी,अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट एवं कंपोजिट विद्यालय में एसडीएम विनय सिंह ने स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई। एसडीएम विनय सिंह ने सभी बच्चों को स्वस्थ रहने और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया । कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभ उठा कर बच्चे स्वस्थ रह सकते हैं। अगस्त और फरवरी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाती है। जिससे पेट में पनप रहे कीड़ों से बच्चों को बचाया जा सके। चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर राजपाल सिंह एवं डॉ. श्वेताम्बरी त्यागी ने भी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई साथ ही बच्चों को साफ रहने, खाना खाने से पूर्व हैंड वॉश करने ,साफ सफाई रखना आदि के विषय में बताया। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद एवं प्रधानाचार्य के साथ-साथ सभी अध्यापक उपस्थित रहे।



### हर-हर, बम-बम के जयकारों से गूंज उठा नगर

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचार :** कांवड़ लाने की शुरुआत हो गई है। मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक कांवड़ बेड़ों के सदस्य हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए। 12 फरवरी को सुबह यह श्रद्धालु अपने मोहल्लों के शिव मंदिरों में पवित्र गंगाजल भरकर हरिद्वार से नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। मंगलवार को सुबह से नगर के लगभग एक दर्जन कावड़े हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने के लिए तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर होते-होते कावड़िए सज धज कर तैयार हो गए। उनके अपने परिजनों ने शुभ तिलक कर यात्रा सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया। नगर से प्रस्थान करते समय हर हर बम बम जय भोले की और जयकारा वीर बजरंगी एवं जय भोले की जयकारा लगाते हुए पूरे नगर को कांवरियों ने गुंजायमान कर दिया। सभी श्रद्धालु 12 फरवरी को गंगाजल भरकर नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। बेड़ों में श्री तिलकधारी कांवर बेड़ा, श्री भंगड़ी कांवड़ बेड़ा, श्री शिव शक्ति कावड़ बेड़ा, श्री बम बटक, श्री त्रिनेत्र, श्री शिव डमरु आदि हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए।



### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन

**बिलारी ,अमृत विचार :** अमरपुर काशी स्थित ग्रामोदय महाविद्यालय एवं शोध संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा के लिए तैयार करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवा कौशल विकास है। जिसके द्वारा युवाओं को ऐसे कौशलों के लिए तैयार किया जाता है जो उन्हें समाज सेवा के कार्यों के लिए तैयार करता है, समाज सेवा के द्वारा ही हम एक अच्छे राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारियों डॉक्टर मनोज प्रताप सिंह, डॉ वैभव राघव,डॉक्टर अशोक कुमार ,डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह शाक्य, डॉक्टर जितेंद्र नाथ मिश्रा, डॉक्टर संजय कुमार, अरशद अली ,पुष्पा सिंह, प्रियंका यादव, कुमारी विशाखा, गुंजन सक्सेना, उमेश कुमार सिंह, विकास यादव, दुवेश ,रिंकू यादव, पाती राम आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**
पहले मेरा नाम MUSARRAT ALI KHAN R/o B.A. Building Civil Lines, Rampur था जो बदलकर MUSARRAT ALI C/o Barkhurdar Ali Khan 52, Station Road-1, VTC Rampur रख लिया है। मुझे इसी नाम से जानें।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आर्य कृषक इण्टर कालेज पायन्दापुर मलकपुर सेमली, मुरादाबाद में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत चार कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जाना है। इच्छुक फर्म/कम्पनी दिनांक 11.2.2026 से दिनांक 17.2.2026 तक दोपहर 12 बजे तक शीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.2.2026 को सायं 3 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य आर्य कृषक इण्टर कालेज पायन्दापुर मलकपुर सेमली, मुरादाबाद में निहित है। शेष शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
प्रधानाचार्य/प्रबंधक

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**कार्यालय नगर पंचायत मसवासी**
पत्रांक : मीमो./नं.पं.म./2025-26 दिनांक : 09.02.2026
**सूचना**
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रहकर व जलकर पंजिका में मकान/दुकान सं. 301 स्व. श्री हामिद हुसैन पुत्र श्री अली हुसैन निवासी वार्ड 08 के नाम दर्ज है जिसकी रजिस्टरी दिनांक 17.11.2025 को हामिद हुसैन के पुत्र सादिक हुसैन द्वारा श्री मौ. आरिफ पुत्र श्री अहमद हुसैन निवासी वार्ड 08 मसवासी के नाम करा दी गई है। मौ. आरिफ पुत्र श्री अहमद हुसैन के द्वारा वारिसान अनुसार अपना नाम दर्ज (नामान्तरण) कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र नं. पं. मसवासी कार्यालय में दिया है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो लिखित रूप से विज्ञप्ति प्रकाशन के 25 दिन के भीतर साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकता है। बाद समय आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
अधिशासी अधिकारी
न.पं. मसवासी, रामपुर

**न्यूज ब्रीफ**

### जेल पर्यवेक्षक बने अभिषेक बालियान

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन डॉ. उमेश शर्मा ने अभिषेक बालियान को जिला अपराध निरोधक समिति का सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक बनाया है। उन्हें नियुक्ति पत्र देकर यह जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. उमेश शर्मा ने अपेक्षा व्यक्त की कि नव-नियुक्त सचिव अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। इस दौरान रामपुर जिला जेल अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, बरेली मंडल के सचिव गोयल सहित समिति के अन्य राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं रामपुर इकाई के सदस्य भी मौजूद रहे। अभिषेक बालियान ने सभी का आभार जताया।



अभिषेक बालियान।

### भाकियू भानू की मासिक पंचायत आज

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत बुधवार आज बिलासपुर तहसील के पार्क में होगी। किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर आवारा पशुओं गौशाला भेजे जाने नहरों से कब्जे हटवाए जाने तथा वनों में अवैध कटान रोके जाने आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष सलीम वारसी ने बताया कि किसान 11:30 बजे तक बिलासपुर तहसील में पहुंचेंगे। इसके बाद पंचायत शुरू होगी।

### महिला आरक्षियों को दी पुलिसिंग की जानकारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में 30 महिला आरक्षियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पुलिस लाइन से आईं इन रिक्रूटों को पहले दिन पुलिसिंग की बुनियादी जानकारी दी गई। मंगलवार को प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार और हेड मोहर्रिर प्रशांत गिल ने महिला आरक्षियों को पुलिसिंग के बारे में जानकारी दी। उन्हें बुनियादी और उनके सवालों के समाधान भी किए गए। प्रशिक्षण के लिए पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक शिक्षण ओमवीर सिंह और आईटीआई नावेद आलम के नेतृत्व में 30 महिला आरक्षियों को भेजा गया है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में अभिलेखों की जानकारी, प्रविष्ट अंकन, संतरी के कार्य, सुरक्षा ज्ञान, शिष्ट व्यवहार, यातायात ड्यूटी, शस्त्रों की साफ-सफाई, बीट बुक, टेलीफोन और वायरलेस संचालन जैसे दस महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं।

# जर्जर डीसीडीएफ इमारत का किया जा सकता है ध्वस्तीकरण

## इमारत में 13 दुकानें और बने हैं सात फ्लैट, ध्वस्तीकरण से पहले नीलामी की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नवाब रेलवे स्टेशन के सामने दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित डीसीडीएफ की जर्जर इमारत का ध्वस्तीकरण हो सकता है। 13 फरवरी को इसकी ध्वस्तीकरण से पहले निलामी हो सकती है।

हाईवे स्थित डीसीडीएफ की दो मंजिला इमारत में दुकानें और सात फ्लैट बने हैं। इमारत में भाकियू का टिकैत का कार्यालय और डीसीडीएफ का कार्यालय भी है। विभाग ने इमारत के जर्जर होने पर ध्वस्त कराने का निर्णय लिया है। भवन के मलबे को नीलाम कराकर ध्वस्त कराने की तैयारी है। विकास भवन के दोनों गेटों के बीच बनी जिला सहकारी विकास संघ डीसीडीएफ की दो मंजिला इमारत है। जिसमें 13 दुकानें और 7 फ्लैट 33 मीटर गुणा 140 मीटर के रकबे में बने हुए हैं। वर्ष 2013 में लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड कार्यालय के अधिशासी अभियंता ने एक पत्र 25 जुलाई 2013 को भेजा था। डीसीडीएफ की इस इमारत का भौतिक सत्यापन करने के बाद पत्र में कहा गया था कि इमारत जर्जर है और भवन में रहने वाले लोगों के लिए घातक हो सकती है। जर्जर भवन के गिरने के कारण कोई हादसा हो सकता है इसके मद्देनजर इमारत को ध्वस्त कराने का निर्णय लिया गया है। डीसीडीएफ की जर्जर इमारत के मलबे की नीलामी 13 फरवरी को कराने की तारीख दी गई है। डीसीडीएफ की इमारत वर्ष 1952 की बनी हुई है। डीसीडीएफ की इमारत की 13 दुकानों में डाकघर, खाद भंडार, खाने और चाय के होटल हैं।

इसके एक फ्लैट में भाकियू टिकैत का कार्यालय है। एआर कोआपरेटिव ने बताया कि डीसीडीएफ की इमारत का निर्माण विभाग की आय बढ़ाने के लिए कराया गया था लेकिन, अब इमारत के खस्ताहाल होने पर उसे ध्वस्त कराए जाने की तैयारी है।




हाईवे स्थित डीसीडीएफ की इमारत जिसे ध्वस्त कराने की तैयारी है। ● अमृत विचार

● **नवाब स्टेशन के सामने होगी इमारत के स्क्रैप की नीलामी**

> हाईवे स्थित डीसीडीएफ की जर्जर इमारत को ध्वस्त कराने के लिए 13 फरवरी की तारीख दी हुई है। इलाहाबाद से वापस आने पर बुधवार को जिलाधिकारी से इस संबंध में बात होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – डॉ. गणेश गुप्ता, एआर कोआपरेटिव

### माला रोड पर भी डीसीडीएफ की जमीन पर है अवैध कब्जे

माला रोड स्थित डीसीडीएफ की जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं। डीसीडीएफ के करीब 20 एकड़ रकबे मे थोड़ी सी खाली जगह बची है। बाकी जमीन पर लोगों ने कब्जे कर मकान, दुकान और अस्पताल बनवा लिए हैं। अवैध कब्जों पर कई बार प्रशासन की जेसीबी गरज चुकी है लेकिन, इसके बाद लोग दोबारा कब्जा कर लेते हैं।

## महिला के साथ शोहदे ने की अश्लील हरकत रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** महिला के साथ घर में घुसकर अभद्रता, मारपीट और अश्लील हरकतें करने का मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना खजुरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बताया कि बीते रविवार की देर शाम वह अपने सात वर्षीय बेटे के साथ घर पर मौजूद थी। इसी दौरान उसके ससुर और देवर घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। महिला का आरोप है कि जब उसने विरोध किया, तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, जब वह जान बचाकर कमरे में भागी, तो देवर ने पीछे आकर उसके साथ छेड़खानी और अश्लील हरकतें की। इस घटना से वह घबरा गई और शोर मचाने लगी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह अपने बेटे को लेकर घर से निकलने लगी, तो आरोपियों ने रास्ते में रोककर पुनः मारपीट की। इस पर थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एंबुलेंस कर्मी की सूझबूझ से बची महिला की जान

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार :** सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर की गई एक महिला के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा जीवनदायिनी साबित हुई। सांस की गंभीर समस्या से जूझ रही महिला की हालत बिगड़ने पर तैनात ईएमटी ने रास्ते में ही विशेषज्ञों से सलाह लेकर उपचार किया। जिससे समय रहते उसकी जान बचाई जा सकी।

गांव दलकी निवासी सोमवती पत्नी गोविंद राम को मंगलवार की दोपहर अचानक सांस लेने में भारी तकलीफ शुरू हुई। उन्हें तत्काल नगर के सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक जांच के बाद उनकी नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी उवैस खां ने बिना समय गंवाए मरीज को शिफ्ट किया। परिवहन के दौरान जब सोमवती की स्थिति और बिगड़ने लगी, तो उवैस खान ने तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर फिजिशियन आगरा से संपर्क साधा। चिकित्सक के निर्देशानुसार उन्होंने एम्बुलेंस में ही दर्द निवारक दवाओं के साथ आवश्यक प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। सही समय पर मिली चिकित्सकीय सहायता और सुरक्षित परिवहन की बदौलत सोमवती को जिला अस्पताल में सफलतापूर्वक भर्ती कराया गया। वहां अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मरीज के परिजनों ने 108 सेवा और विशेष रूप से ईएमटी उवैस खान की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया है।



एंबुलेंस में महिला को देखता कर्मचारी।

● **विशेषज्ञों से फोन पर सलाह लेकर रास्ते में किया इलाज**

# 12 को स्वार व टांडा में हज यात्रियों का होगा टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले के 1033 आजमीने हज का टीकाकरण 12 फरवरी को स्वार और टांडा में होगा। जबकि 16 और 17 फरवरी को दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में किया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि हज यात्रियों को क्वाड्रीवलेंट, मैनिनगोकॉकल, मैनिंजाइटिस वैक्सीन की सिंगल डोज जबकि, 65 वर्ष से अधिक आयु के हज यात्रियों को सीजनल इन्फ्लूएंजा वैक्सीन के साथ ओरल पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। इसके अलावा उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। स्वार में 12 फरवरी को टीकाकरण शिविर में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार डॉ. जिया उर रहमान की देखरेख में हज यात्रियों का टीकाकरण होगा। टीम में फार्मासिस्ट एलएम पांडेय, रहनुमा, शहाना और नाहिद शामिल रहेंगे। टांडा में भी 12 फरवरी का टीकाकरण शिविर हज यात्रियों का टीकाकरण चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा डॉ. धीरज निम की देखरेख में होगा। टीम में फार्मासिस्ट सुमित सक्सेना, शबीना और सुहाना रहेंगे। 16 और 17 फरवरी को दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम स्कूल में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केके चहल की देखरेख में टीकाकरण शिविर लगेगा। टीम में डॉ. मोहम्मद अजीम, फार्मासिस्ट दीपेश, नवेद इकबाल, शीतल, पूनम आदि रहेंगे।

● **16 और 17 को अंजुमन इस्लाहे कौम में लगेगा शिविर**

## बूथ पर अनुपस्थित रहने का बीएलओ पर आरोप

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत केमरी के एक सभासद ने दो बीएलओ पर बूथों से अनुपस्थित रहने और फोन न उठाने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत केमरी के वार्ड नंबर चार के सभासद शकील अंसारी ने मंगलवार को तहसीलदार शिवकुमार शर्मा से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि वार्ड में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर चल रहा है। भाग संख्या-243 और 245 पर नियुक्त बीएलओ लगातार अपने बूथों पर अनुपस्थित रहते हैं। संपर्क करने पर फोन भी रिसीव नहीं करते हैं। जिसके कारण मतदाताओं को नए वोट बनवाने और संशोधन कराने में असुविधा हो रही है। तहसीलदार ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 13 वाहनों से 10 लाख की होगी वसूली

संवाददाता, रामपुर/टांडा

**अमृत विचार:** अवैध खनन में लिप्त 13 वाहनों को खनन अधिकारी और एआरटीओ ने कड़ी कार्रवाई की है। सभी गाड़ियों पर सीज की कार्रवाई के बाद टांडा मंडी समिति में खड़ा कर दिया है।

मंगलवार मध्य रात्रि दढ़ियाल बाजपुर मार्ग पर अवैध खनन के धंधेबाजों के खिलाफ एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव और खनन अधिकारी अजय कुमार की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के साथ कुल 13 वाहनों को पकड़कर मंडी समिति परिसर में खड़ा कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई केवल वाहन पकड़ने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि उन पर दंड भी लगाया गया है। खान अधिकारी अमित रंजन ने बताया कि पकड़े गए सभी 13 वाहनों पर कड़ा जुर्माना लगाया गया है। इनमें खनन विभाग करीब 6.51 लाख रुपये राजस्व वसूलेगा, जबकि परिवहन विभाग 3.70 लाख रुपये की राजस्व वसूली करेगा। पकड़े गए वाहनों में 10 डंपर, 02 पिकअप और 01 ट्रैक्टर ट्रॉली शामिल है, इन सभी वाहनों को फिलहाल मंडी समिति परिसर में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए तहसीलों के प्रमुख चौराहों पर 10 चेक-पॉइंट स्थापित किए गए हैं, जहां निरंतर निगरानी एवं चेकिंग की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग एवं नो एंट्री आदेश के उल्लंघन पर निरंतर सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।



जांच करते एआरटीओ और खनन विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

● **पकड़े गए वाहनों में 10 डंपर, 2 पिकअप और 1 ट्रैक्टर ट्रॉली शामिल**

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज ली है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का गांव के ही युवक से प्रेम संबंध था। युवक ने उसे शादी का सपना दिखाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर प्रेमी ने जबरन गर्भपात करा दिया। कुछ दिन पूर्व जब वह शादी का प्रस्ताव लेकर प्रेमी के घर पहुंची, तो युवक और उसके परिजनों ने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। शादी के लिए 10 लाख रुपये और कार की मांग रख दी। पीड़िता का कहना है कि जब उसने असमर्थता जताई, तो उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर धमकी देकर भगा दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आज बजट पर होगी शहरवासियों की नजर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार का बजट पेश होने में चंद घंटे शेष हैं। बजट के पिटारे से लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं। लोगों का दो टूक कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार ऐसा बजट पेश करे जिसमें मध्यम वर्ग के लिए राहत हो। सरकार की मध्यम वर्ग के लिए कोई योजना नहीं है। जबकि, गरीबों के लिए तमाम योजनाएं हैं मध्यम वर्ग के लिए सरकार की कोई योजना नहीं है।

बजट के पिटारे से मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत उम्मीद है। क्योंकि मध्यम वर्ग जैसे-तैसे अपनी इज्जत बचा रहा है। बाजार में महंगाई आसमान छू रही है।

गेहूं का आटा 34 रुपये और बाजरे का आटा 40 रुपये किलो बिक रहा है। दालों के दाम 100 रुपये प्रति किलो से अधिक हैं। गैस सिलेंडर गरीबों के लिए उज्जवला है जबकि, मध्यम वर्ग को 875 रुपये का खरीदना पड़ रहा है। गरीबों को मकान बनवाने के लिए सरकार ढाई लाख रुपये दे रही है। जिसके पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं है उसे बना बनाया मकान मिल रहा है। मतदान केंद्रों पर मध्यम वर्ग के लोगों की कतारें देखने को मिलती हैं। लोगों ने कहा कि महंगाई के दौर में गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए समस्या हो रही है। रोजमर्रा की वस्तुएं के दामों में कमी की जाए, जिससे आम जनता को लाभ मिल सके। वहीं आम आदमी को रोज मर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए इंतजार न करना पड़े। फिलहाल आज सभी एक उम्मीद के साथ बजट की ओर निहार रहे हैं।

● **रोजमर्रा की जरूरतों का सामान सस्ता होने की उम्मीद**

● **लोगों के अनुसार मध्यम वर्गीय परिवार को मिले बजट से लाभ**



सरकार के बजट में मध्यम वर्ग को महंगाई से राहत मिलना चाहिए। ताकि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सके और चैन की जिंदगी बसर करे।

**– अरुण प्रकाश सक्सेना**



प्रदेश सरकार का बजट दूरगामी नहीं होना चाहिए। मध्यम वर्ग भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है उसको त्वरित लाभ मिलने की जरूरत है।

**– जाहिद खां**



महंगाई पर काबू लगाने वाला बजट पेश करना चाहिए। महंगाई से जनता ऊब चुकी है लोगों को आस है कि प्रदेश सरकार के इस बजट में राहत मिलना चाहिए।

**– अभय गुप्ता**



बजट में बेरोजगार दूर करने की बात हो और महंगाई पर अंकुश लगे। उम्मीद है कि यूपी सरकार के बजट में नौकरियों को बढ़ावा दिया जा सकता है।

**– तारिक रशीद**

## कार व बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**मसवासी, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला चाउपुरा निवासी अविनाश कुमार मौर्य नगर के सब्जी मंडी निवासी नितिन कुमार दोनों एक ही बाइक पर शादी के सामान की खरीदारी करने के लिए सोमवार की देर शाम बाजपुर जा रहे थे। तभी मानपुर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे नितिन कुमार की टांग फैक्चर हो गई वहीं दूसरा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जांच की जा रही है।

**नयूज डायरी**

### कमिश्नर से मिले वीर खालसा सेवा समिति के पदाधिकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने मांग की है कि मुरादाबाद के कांठ के अंदर परीक्षा के दौरान एक शिक्षक ने बच्चों की कृपाण उतरने पर मजबूर किया। शिक्षक ने छात्र से कहा कृपाण उतरेंगे तो ही पेपर दे पाएंगे। जिसके अभाव से बच्चा पेपर नहीं दे सका। जिससे सिख समाज में आक्रोश है। पदाधिकारियों ने मांग की है कि ऐसे प्रिंसिपल को हटाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। मंडलायुक्त ने आश्वासन दिया है इसकी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा सिखों के धर्म पर टिप्पणी करना बहुत ही निंदनीय है। इस दौरान सरदार मनमीत सिंह, सरदार चरणजीत सिंह, सरदार तीरथ सिंह, सुरजीत सिंह, खुशवंत सिंह बाजवा, वजीर सिंह, मनिंदर सिंह, गुरपेश सिंह, सेवा सिंह मौजूद रहे।





### कांग्रेस नेता को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय के घेराव में शामिल होने जा रहे युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनी कपूर को उनके अस्तबल स्थित आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्तबल आवास पर कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने सोमवार रात को नजरबंद कर दिया। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र ने हमें अपनी बात कहने का पूरा अधिकार है। हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली जा रहे थे लेकिन, हमें पुलिस ने सोमवार की रात से ही नजरबंद कर दिया गया। लेकिन हम इस तानाशाह सरकार से डरने वाले नहीं हैं। सरकार सीबीआई ,ईडी और चुनाव आयोग का इस्तेमाल अपनी पार्टी के लिये कर रही है जो बेहद चिंता का विषय है।



### रामपुर स्पोर्टिंग ने 3-2 से जीता फाइनल मैच

**रामपुर अमृत विचार :** शाहबाद रोड स्थित स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल में हो रहे अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रामपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल एकेडमी और ज्वाला फुटबॉल क्लब के बीच हुआ। संघर्षपूर्ण मुकाबले में फाइनल मैच रामपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल एकेडमी की टीम ने 3-2 से जीतकर ट्रॉफी जीत ली। इस मौके पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के प्रबंधक शरद गुप्ता और स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद शोएब ने वितरित किए। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अनीस अहमद ने अच्छा टूर्नामेंट आयोजित कराने के लिए आभार जताया। इस दौरान स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के कोच संतोष कुमार, रामपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल एकेडमी के कोच विजेंदर कुमार, ज्वाला फुटबॉल क्लब के कोच उदयवीर आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने काशीराम कॉलोनी का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने लगातार मिल रहीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपुर एवं परियोजना अधिकारी डूडा के साथ पहाड़ी गेट स्थित काशीराम कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कॉलोनी में रह रहे लोगों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके साथ ही कॉलोनी की सफाई व्यवस्था, जल निकासी प्रणाली एवं सीवरेज नेटवर्क का सत्यापन किया। कॉलोनी में स्थित जर्जर एवं मरम्मत योग्य आवासों को चिन्हित करते हुए आवश्यक मरम्मत कार्यों का आकलन किया गया। उन्होंने संबंधित विभागों को आवास मरम्मत हेतु तत्काल स्टीमेट तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कॉलोनी में नियमित, सतत एवं प्रभावी साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।



# स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक: डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** दयावती मोदी अकादमी स्कूल में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम हुआ। विद्यालय में डीएम अजय कुमार द्विवेदी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी दीपा सिंह ने बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाकर अभियान की शुरुआत की।

इस मौके पर डीएम ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को फास्ट फूड से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने और पौष्टिक भोजन करने के लिए प्रेरित किया। सीएमओ दीपा सिंह ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सजग किया। बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिले के सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 14 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जानी है। प्रधानाचार्य डॉ. सुमन तोमर ने कहा कि विद्यालय हर बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर विद्यालय में चिकित्सा शिविर, खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। कार्यक्रम का संचालन रितुपरनासेन गुप्ता एवं रश्मि आहूजा ने किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ संतोष कुमार, डिप्टी आरके वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय सुरक्षा स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद उवैस सहित अन्य अधिकारी, बच्चे और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।




बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाते हुए डीएम व सीएमओ। ● अमृत विचार

● **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर डीएम ने खिलाई एल्बेंडाजोल टेबलेट**

### जीआईसी में एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई

**टांडा, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा से आईं अर्श काउंसलर रेनू शर्मा की देखरेख में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार भास्कर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया। शिक्षकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जानकारी दी। प्रशासन की ओर से अभिभावकों से यह अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से इस तरह के स्वास्थ्य अभियानों में शामिल करें। घर पर स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान शिक्षक संतोष कुमार, सचिन कुमार और आशुतोष आदि रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन।

# दूसरे दिन मदरसा बोर्ड परीक्षा में 112 परीक्षार्थी अनुपस्थित

## 629 के सापेक्ष 517 परीक्षार्थी हुए उपस्थित, उड़नदस्ता टीम ने केंद्रों पर की छापेमारी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


श्री हरि इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करता उड़नदस्ता दल के सदस्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंगलवार को दो परीक्षा केंद्रों पर हुई मदरसा बोर्ड परीक्षा से 112 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 629 के सापेक्ष 517 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रथम पाली 90 जबकि, दूसरी पाली में 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर उड़ाका दलों ने छापामारी की। श्री हरि इंटर कालेज और जवाहर इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

श्री हरि इंटर कालेज में हुई पहली पाली की परीक्षा में 217 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 160 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहर इंटर कालेज में 249 ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा में 216 परीक्षार्थी शामिल हुए और 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 466 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 376 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा में श्री हरि इंटर कालेज में 89 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 73 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहरं इंटर कॉलेज में 74 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 68 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर उड़ाका दल ने छापामारी की।

> मदरसा बोर्ड परीक्षा दो केंद्रों पर शांतिपूर्वक संचालित हुई। मुंशी, मौलवी और आलिम की परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष मंगलवार को 517 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।
> – **गौरव खड़ायत**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

## स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करें: डॉ. सुनीता

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में प्राचार्य डॉ. सुनीता ने कहा कि महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर समाज को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। शिविर में तंबाकू उन्मूलन अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा बिष्ट प्रथम, इशिका गुप्ता द्वितीय एवं खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना राठौर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा यादव ने तृतीय दिवस शिविर ''महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व'' पर आधारित था। डॉ. प्रीति लता सिंह एवं डॉ. सोनू पूरी प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. नागेंद्र पाल स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल डॉ. यामिनी एवं डॉ. टिकेंद्र शामिल रहे। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा श्रम दान किया गया। संचालन डॉ. प्रतिभा यादव ने किया।

# सफल होने के लिए आत्मविश्वास जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


डॉ. आरएस गिरि।


डॉ. सुनीता।

**अमृत विचार:** यूपी और सीबीएसई की 10वीं और 12वीं परीक्षा में छात्र-छात्राएं आत्मविश्वास के साथ बैठें। जबकि समझ में नहीं आने वाले पाठ प्रतिदिन भोर में दोहराएं। उन्हें मुख से बोल- बोल कर उच्चारित करते रहें। परीक्षा भवन में बैठकर प्रश्न पत्र हल करने के लिए रणनीति बनाएं। प्रश्नों को हल करने में समय का उचित प्रबंधन करें।

मनोवैज्ञानिक राजकीय महाविद्यालय रजानगर के प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि परीक्षार्थियों को सलाह देते हैं कि वह परीक्षा भवन में बैठकर प्रश्न पत्र को पूर्णतः से हल करने के लिए इसकी भी एक पर्याप्त रणनीति बनानी चाहिए। परीक्षा में सफलता का मूल मंत्र समय का उचित प्रबंधन भी आपको सीखना चाहिए। किसी भी परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए आत्मविश्वास से लबरेज होना चाहिए। तभी आप खुद के यकीन के साथ आगे बढ़ पाएंगें। अपने जीवन की पहली बोर्ड परीक्षा को भी आप आत्मविश्वास के साथ देने के लिए जाएं। आपने जो कुछ भी वर्ष भर तैयारी की है वहीं अपने आप में पर्याप्त है ऐसा दृढ़ विश्वास आपको होना चहिए। जिसके लिए आपको अपनी मेहनत पर ध्यान केंद्रित करना होगा। परीक्षा के दिनों में अक्सर सारी जिम्मेदारी विद्यार्थी के कंधों पर सौंप दी जाती है, जबकि ऐसा करना सर्वथा असंगत है, घर के परिजन, रिश्तेदार, सामाजिक लोग बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थी को सर्वथा जीत के लिए ही दबाव बनाते हैं। वे मानते हैं उसकी जीत से हमारी जीत होगी। विद्यार्थी तब नहीं हारता जब वह किसी परीक्षा में असफल हो भी जाए, असल में वो तब हारता है जब उसके अपने दूसरे के बच्चों से तुलना करते हुए उसे अपमानित महसूस करते हैं। माता पिता दूसरों से तुलना बच्चों की तुलना न करें।

• **प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में दोहराएं समझ में नहीं आने वाले पाठ**

### बहुविकल्पीय प्रश्नों को पहले करें हल

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य मनोवैज्ञानिक डॉ. सुनीता ने बताया कि परीक्षा के दौरान ब्रह्म मुहूर्त में की गई तैयारी परीक्षा भवन तक याद रहती है। रिवीजन के बाद प्रत्येक विषय के महत्वपूर्ण प्रश्नों को एक जगह लिख लें और उनको तैयार करते रहें। जो प्रश्न तैयार हो जाए उसे एक जरूर लिखकर भी देख लें। इसके अलावा राइटिंग साफ रखें और तेजी से प्रश्नों को निपटाएं। परीक्षा भवन में समय प्रबंधन अवश्य कर लें, बहुविकल्पीय प्रश्नों को पहले हल कर लें। इसके बाद दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिख दें।

# आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर को मिला पहला स्थान

**कार्यालय संवाददाता रामपुर**


डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार:** सरकार की जीरो टॉलरेंस और जनसंवाद की नीति को रामपुर जिला प्रशासन ने धरातल पर उतारते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में कीर्तिमान स्थापित किया है। आईजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) की जनवरी-2026 की मासिक रैंकिंग में रामपुर जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में युद्धस्तर पर मॉनिटरिंग ने निर्धारित सभी मानकों पर 140 में से 140 पूर्ण अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जिलाधिकारी ने इस सफलता का श्रेय पारदर्शी कार्यप्रणाली और जवाबदेही को दिया है। डीएम की रणनीति के तहत जनपद में ''थर्ड लेवल'' मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है। इसके लिए एक विशेष आईजीआरएस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसी भी शिकायत के निस्तारण के अगले 24 घंटे के भीतर कंट्रोल रूम से शिकायतकर्ता को फोन कर उसका फीडबैक लिया जाता है। यदि शिकायतकर्ता समाधान से असंतुष्ट होता है, तो अगले 24 घंटे के भीतर उसकी बात संबंधित विभाग के मुख्य अधिकारी से कराई जाती है। डीएम स्वयं रैंडम आधार पर शिकायतकर्ताओं से बात कर निस्तारण की गुणवत्ता परखते हैं। लगातार समस्याओं के निस्तारण से समाधान दिवसों में शिकायतकर्ताओं की भीड़ कम हुई है।

### आंकड़ों में रामपुर की छलांग

आईजीआरएस के प्रभारी अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने शिकायतों के अंबार को मिशन मोड में निस्तारित किया है। दिसंबर 2025 में कुल 4409 शिकायतों का निस्तारण और जनवरी 2026 में कुल 3910 शिकायतों का त्वरित समाधान हुआ। सर्वाधिक शिकायतें विद्युत विभाग से संबंधित थीं, जिस पर जिलाधिकारी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठकें कर अधिकारियों को उपभोक्ताओं को फोन कर समस्या हल करने के कड़े निर्देश दिए।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर पुलिस फिर अव्वल


एसपी विद्या सागर।

सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में माह जनवरी- 2026 की रैंकिंग में रामपुर पुलिस प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर जिला 86 .70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माह जनवरी 2026 में प्रथम स्थान पर आया है। इससे पूर्व में जुलाई 2024 से अब तक जनपद रामपुर सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 18 बार प्रथम स्थान पर कायम रहा तथा माह जून 2025 में द्वितीय स्थान पर रहा। जनवरी-2026 में शासन स्तर पर की समीक्षा में रामपुर जिले ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान पाया है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा आईजीआरएस शाखा में नियुक्त निम्न कर्मियों को उत्साहवर्धन के लिए नगद धनराशि के पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। उपनिरीक्षक सतराज सिंह प्रभारी, उप निरीक्षक बालेंद्र भूषण, कांस्टेबल आरक्षी ग्रेड बी संजीव कुमार, मुख्य आरक्षी सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी नईम अहमद, मुख्य आरक्षी सुभाषिनी, मुख्य आरक्षी पूजा गुप्ता के नाम शामिल रहे।

# मेले में 156 युवाओं को मिला रोजगार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शाहबाद में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले में 345 अभ्यर्थी पहुंचे। 156 अभ्यर्थियों को रोजगार मिल गया।

रोजगार मेले में मुख्यातिथि क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन ने कहा कि प्रतिभागी अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार हुनरमंद बनें। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के युवाओं को रोजगार देने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले में 6 कंपनियों के अधिकारी पहुंचे और 156 बेरोजगारों को रोजगार दिया। इस मौके पर राजकीय पॉलिटेक्निक शाहाबाद के प्रधानाचार्य एसके वर्मा ने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के साथ हुनर सीखने पर भी जोर दिया। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में 156 लोगों को रोजगार मिला है। इस मौके पर एडी शर्मा, मिन्हाज अहमद, डॉ. संजीव कुमार, इमरान खान, राजीव कुमार, संजीव कुमार एवं राजीव यादव आदि मौजूद रहे।



रोजगार मेले में मंचासीन अतिथि। • अमृत विचार

# साइकिल देकर प्रयांशी को किया सम्मानित


प्रतियोगिता की विजेता छात्रा प्रयांशी के साथ बीईओ व स्टाफ। • अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** मिलक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैना में मंगलवार को मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मिलक खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने कहा कि प्रयांशी की सफलता यह प्रमाणित करती है कि परिषदीय विद्यालयों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अध्यापक श्री सय्यद आफाक हुसैन की मेहनत, समर्पण की सराहना की। प्रयांशी का विद्यालय परिसर में प्रवेश करते हुए अन्य बच्चों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बीईओ बबीता सिंह, अध्यापक सैयद आफाक हुसैन, एआरपी सदस्य पृथ्वी सिंह, सुशील कुमार, सचिन कुमार पांडे, पंकज कुमार, प्रभाकर गौतम, सतेंद्र पांडेय ने प्रयांशी को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज डायरी

### नौगंवा ने मुबारकपुर को हराकर जीता मैच



**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव और ग्राम प्रधान नौगवां इरशाद व मो. तारिक ने संयुक्त रूप से कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कबड्डी प्रतियोगिता में छह टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें फाइनल मुकाबला नौगवां और मुबारकपुर के बीच खेला गया। फाइनल मैच में टीम के खिलाड़ी मनोज सैनी के शानदार प्रदर्शन के दम पर नौगवां ने 20 पॉइंट के अंतर से जीत अपने नाम दर्ज की। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को मो. तारिक ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान नौगवां ने बताया कि उनका प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में नौगवां ग्राम पंचायत में एक खेल मैदान का भी निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान अरुण, उदयवीर, मनोज, सुनील सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



### समस्याओं को लेकर अपना दल जिलाध्यक्ष एसपी से मिले

**रामपुर,अमृत विचार :** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने पार्टी के विधि मंच के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर से मुलाकात की। अभद्र भाषा मामले में उन्होंने सीओ मिलक राजवीर सिंह का बचाव किया है। इस दौरान विधि मंच के जिलाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी अजय लोधी, जिला उपाध्यक्ष विधि मंच जितेंद्र राणा,मनोहर यादव एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।



### पर्यावरण संवारने को बच्चों ने किया पौधारोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** साक्षर एजुकेशन ट्रस्ट, अर्थ कम्पैनियंस फाउंडेशन और होप ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संवारने को महर्षि विद्या मंदिर में संगोष्ठी हुई। स्कूली बच्चों ने पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी असरार अहमद ने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि सिंबोसिस स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. परवीन असरार और विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत सिंह ने भी विचार रखे। कार्यक्रम साक्षर एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद अली खां और फैसल शाह खां के नेतृत्व में हुआ। संचालन पूर्णिमा मिश्रा ने किया।

### वीर खालसा समिति ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मेदांता हॉस्पिटल द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपना पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जिसमें कई तरह की जांचें की गईं। हड्डी रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञों ने रोगियों का परीक्षण किया। वीर खालसा सेवा समिति के संरक्षक तीरथ सिंह, सुखबीर सिंह चरणजीत सिंह डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अवतार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में नारायण सिंह, सुरजीत सिंह, वजीर सिंह, मनिंदर सिंह, हरमीत सिंह, सनी कपूर, गुरप्रीत सिंह, सेवा सिंह, मनिंदर सिंह, शेफाली अरोरा, अंजू अरोड़ा, ममता भाटिया, अंजना अरोड़ा, सोनिया, नेहा अग्रवाल सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## गौरव वार्ष्णेय राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित


प्रवक्ता गौरव वार्ष्णेय।

**रामपुर, अमृत विचार:** प्रदेश के राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार किया जाएगा। इसमें रामपुर के जैन इंटर कॉलेज के रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय का चयन हुआ है। राज्य चयन समिति ने प्रदेश से 15 शिक्षकों का चयन किया गया है। गौरव वार्ष्णेय की इस उपलब्धि पर जैन इंटर कॉलेज के प्रबंधक दिनेश जैन सेठी, प्रधानाचार्य कई लोगों ने बधाई दी है। उन्होंने इसका श्रेय अपने परिवार, सहकर्मियों और छात्रों को दिया है।

# 15 को मांस की दुकानें रहेंगी बंद

**संवाददाता स्वार**


स्वार कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलते कोतवाल प्रदीप मलिक।

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि को लेकर कोतवाल ने संभ्रांत लोगों की बैठक ली। नगर में निकलने वाली शिव शोभायात्रा के विषय मे जानकारी की। इस दौरान उन्होंने महाशिवरात्रि एवं कांवड़ के मद्देनजर पुलिस को मंदिर जाने वाले मार्गों पर मांस की दुकानें पूर्ण रूप से बंद करवाने के निर्देश दिये।

मंगलवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर कोतवाली के सभागार में कोतवाल प्रदीप मलिक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें कोतवाल ने महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव शोभायात्रा एवं कांवड़ के मद्देनजर मार्गों की जानकारी ली। कोतवाल ने रास्तों से गुजरने वाले कांवड़ियों व महाशिवरात्रि वाले दिन निकलने वाली शिव शोभायात्रा में शांति समिति की बैठक मे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। साथ ही कोई भी नई परंपरा नहीं डालने की अपील की। कोतवाल ने महाशिवरात्रि से तीन दिन पूर्व नगर समेत क्षेत्रों में मांस की दुकानों को बंद करवाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों पर पुलिस तैनात करने के निर्देश दिये। लोगों ने कोतवाल को गंगा जमनी तहजीब को कायम रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शिव विवाह शोभायात्रा के संचालक धर्मेन्द्र शर्मा, गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, संरक्षक परमेन्द्र कालिया, भाजपा नेता लक्ष्मीकांत सैनी, भाजपा जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अनवर अली, हाशिम शान, मुनीश लाला आदि मौजूद रहे।

• **महाशिव रात्रि पर्व के चलते पुलिस अधिकारियों ने जारी किए निर्देश अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील**

### सीओ के समर्थन में उतरे सामाजिक संगठन के लोग

**अमृत विचार, मिलक :** सोशल मीडिया पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का वीडियो वायरल होने के बाद सीओ राजवीर सिंह परिहार के समर्थन में सामाजिक संगठन उतर आए हैं। सामाजिक लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनके समर्थन में उच्च अधिकारियों से न्याय की अपील कर रहे है। लोगों के अनुसार सीओ ने आम लोगों की समस्याएं सीधे सुनी और सुलझाई गईं। समर्थन में उतर आए लोगों का कहना है कि सीओ ने ईमानदारी, संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए लोगों का भरोसा जीता है।

## किसानों को मंजूर नहीं भारत अमेरिका कृषि व्यापार समझौता: तेजिंदर

अमृत विचार, रामपुरः विकास भवन के निकट स्थित भाकियू टिकैत कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन तराई के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजिंदर सिंह बिर्क ने कहा कि भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता किसानों को कुबूल नहीं है। किसान भारत- अमेरिका कृषि व्यापार समझौते को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि इस समझौते के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान गुरुवार को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। कहा कि यह समझौता बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने और भारत के छोटे-मझोले किसानों को आर्थिक संकट में धकेलने का माध्यम बन सकता है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि देश का किसान किसी भी ऐसी नीति को बर्दाश्त नहीं करेगा जो उसकी आजीविका और कृषि व्यवस्था को नुकसान पहुंचाए। कहा कि जिले भर के तमाम संगठन गुरुवार को मुख्यालय पर पहुंचकर समझौते के विरोध में धरना प्रदर्शन करेंगे।

• **समझौते के विरोध में यूनियन राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपेगी**


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मुरादाबाद।**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आंमत्रण)**

पत्रांक :–120/ई0 निविदा/2025–26 दिनांक :–02.02.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क्र0सं0–1 से 3 तक कार्यों के लिए ए,बी,सी व डी श्रेणी (मार्ग श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025–26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत पाकबड़ा से महलकपुर माफी मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 26.15 | 2.62 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 2 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025–26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत मधुवा से आदमपुर मार्ग में स्थित 4X10 लघु सेतु की एप्रोच की मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य | 16.60 | 1.66 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 3 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025–26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत बिलारी (डिलारी) सुरजननगर रोड से शेरपुर पटटी सम्पर्क मार्ग में नाली निर्माण का कार्य | 13.25 | 1.33 | 2 माह | 225+500+41 =766 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर दिनांक 12.02.2026 से 18.02.2026 है जो कि दिनांक 18.02.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 18.02.2026 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइटhttp://etender-up-nic.पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650/ 4एन–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

**UP-245673 दिनांक 09.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :

**क्रम सं. : 01, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./04/2026 दि.05.02.2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर-रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के जोन-II, पटियाली-कासगंज-मथुरा जंक्शन और कासगंज-कछला हॉल्ट सेक्शन के अन्तर्गत दिसम्बर-2026 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु जोन-II के अन्तर्गत कासगंज और मथुरा डिपो की विद्युत परिसम्पत्तियों का क्षेत्रीय रखरखाव कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 58,24,754.92, **धरोहर राशि :** रु. 1,16,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 27.02.2026 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

**क्रम सं. : 02, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./06/2026 दि. 05.02.2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर-रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के जोन-I, कानपुर (अनवरगंज)-कन्नौज-फर्रुखाबाद-दरयावगंज-नरथर हॉल्ट सेक्शन के अन्तर्गत दिसम्बर-2026 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु जोन-I के अन्तर्गत फतेहगढ़ और कन्नौज डिपो की विद्युत परिसम्पत्तियों का क्षेत्रीय रखरखाव कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 62,76,557.57, **धरोहर राशि :** रु. 1,25,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 27.02.2026 17.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

• इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नहीं किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/ इज्जतनगर**
**मुजाधि/विद्युत-275**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

न्यूज ब्रीफ

### अवैध संबंधों का विरोध करने पर महिला और बेटे को पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के रहरा अड्डा पर एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता का आरोप है कि पति के एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंध हैं। जब उसने लोक-लाज और जवान बच्चों का हवाला देकर इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और चाकू से हमला कर दिया। मंगलवार को भी आरोपी ने अपने ही पुत्र को बुरी तरह पीटा और घर में दूसरी महिला को लाने की धमकी दी। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### खनन को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव अहरौला अहमद यार खां में अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर रोक लगाने की मांग की है। आरोप है कि भू-माफिया रोज रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मशीनों के जरिए मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण भी परेशान हैं। शिकायतकर्ता महेश के अनुसार, इस मामले में पूर्व में थाना पुलिस को भी सूचित किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### वीडियो वायरल होने पर दो पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

**बिजनौर, अमृत विचार :** रेहड़ थाने में तैनात महिला सिपाही और मुख्य आरक्षी के आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस विभाग को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। दोनों को एसपी अभिषेक झा ने निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों के कुल पांच वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो कथित रूप से सरकारी आवास के भीतर के बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि दोनों आपसी सहमति से संबंध में थे। इस प्रकरण की शहर में लोगो के बीच चर्चा बनी हुई है।

# नकल विहीन परीक्षा कराने को डीएम ने दिए निर्देश

## कड़ी सुरक्षा में होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं, हाईस्कूल के 28583 और इंटरमीडिएट के 24694 के परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।


बैठक में मौजूद अधिकारी, शिक्षक व केंद्र व्यवस्थापक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन सहित शिक्षा विभाग सतर्क है। डीएम ने परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने को लेकर कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने परीक्षाओं को नकल विहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र भी कड़ी सुरक्षा में रखे जाऐंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी।

मंगलवार को जोया रोड स्थित कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में डीएम निधि गुप्ता ने अधिकारियों कहा कि 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षा के लिए जिले भर में 68 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में कुल 51277 परीक्षार्थी रहेंगे। जिसमें हाईस्कूल के 28583 एवं इंटरमीडिएट के 24694 कुल छात्र परीक्षा देंगे। ये परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगीं। पहली पाली सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि छात्र और छात्राओं की तलाशी के लिए अलग-अलग चेकिंग रूम बनाए जाएं, जहां छात्राओं की तलाशी महिला कर्मचारी तथा छात्रों की तलाशी पुरुष कर्मचारी द्वारा की जाए। उन्होंने स्टैटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि बुधवार से केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं जांच लें, अगर कहीं कोई कमी है तो समय रहते दूर कराएं। बच्चों के लिए पीने के पानी और बैठने की सीट की उचित व्यवस्था की जाए। यदि परीक्षा के दौरान किसी छात्र की तबीयत खराब होती है तो प्राथमिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध रहे। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, पंखे एवं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ बिजली कटौती की स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था अनिवार्य रुप से करने को कहा। परीक्षार्थियों के सामान रखने के लिए स्टोर रूम बनाए जाने के भी निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन एवं सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के बाद उनकी सुरक्षा एवं उत्तर पुस्तिकाओं की संपूर्ण जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी। कहा कि प्रश्न पत्र निर्धारित तिथि पर उसी विषय का ही खोला जाए। बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण अधिकारियों के मोबाइल नम्बर अपने पास रखें। परीक्षा केन्द्रों के अन्दर अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकल विहीन, सुचिता पूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा नकल कराने या कराने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की समस्या आये तो तत्काल सूचित कर सकते है। बैठक में अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कड़ी सुरक्षा में रहेंगे प्रश्न पत्र

बोर्ड परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा रहेगी। प्रश्न पत्रों को डबल लॉक वाली लोहे की सेफ में रखा जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं को रखने के लिए कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। यह सेफ किसी स्ट्रांग रूम में रखी जाएगी साथ ही इसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की जाएगी। सेफ के आसपास किसी भी प्रकार की आवाज ही कमरे में कैद होगी इसकी चाबी केंद्र व्यवस्थापक के पास रहेगी। सेफ में दो तले होंगे दूसरी चाबी बाहय केंद्र व्यवस्थापक के पास होगी। दोनों की सहमति और मौजूदगी से ही यह सेफ खुलेगी जिसमें प्रश्न पत्र सुरक्षित रहेंगे।

## कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता शिविर आयोजित

**धनौरा, अमृत विचारः** कस्बे के भागीरथी देवी महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सत्र 2026-26 का प्रथम एक दिवसीय शिविर मौहल्ला महादेव स्थिति धाम आश्रम में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई के प्रति छात्र-छात्राओं एवं आमजन को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवता पर कलंक है। जिसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। निबंध प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु गठित निर्णायक मंडल में शिक्षा शास्त्र विषय की प्रवक्ता प्रीति एवं रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. डीपी शर्मा शामिल रहे। प्रतियोगिता में कु. पल्लवी बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, कु. सानिया सैफी बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा कु. रिया कटारिया बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## घर के अंदर ही रची गई थी लूट की साजिश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- बाहरी बदमाश नहीं, घर के लोग ही निकले आरोपी
- राशन डीलर की पत्नी शिवानी मुख्य आरोपियों में शामिल

**अमृत विचार :** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोरा जट में शनिवार को सामने आई कथित लाखों रुपये की लूट की घटना अब पूरी तरह उलट कहानी बनकर सामने आ रही है। शुरुआती तौर पर जिस वारदात को बाहरी बदमाशों की सुनियोजित लूट बताया गया था, पुलिस जांच में वह घर के भीतर रचा गया षड्यंत्र निकली।

बताया जा रहा है कि राशन डीलर अमित कुमार के घर में हुई लूट की सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह सहित फील्ड यूनिट ने पहुंचकर निरीक्षण किया था और जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया था।

शुरुआत में घर का सामान बिखरा होने और अलमारी टूटी मिलने से मामला वास्तविक लूट का प्रतीत हो रहा था। कड़ाई से पूछताछ के दौरान अमित की पत्नी शिवानी ने खुद ही पूरी साजिश का खुलासा कर दिया। इसके बाद पुलिस ने खेत में गड्ढा खुदवाकर वहां दबाए गए जेवरात बरामद कर लिए। बताया जा रहा है कि इस कथित लूट में कुल तीन लोग शामिल थे, जिनमें शिवानी के अलावा उसका भाई और मां भी शामिल बताए जा रहे हैं।

## तमंचे के बल पर बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**हसनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला को तमंचे के बल पर अगवा कर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। जिसके बाद अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी पीड़िता ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 अक्टूबर 2025 की रात वह घर पर अकेली थी। परिजन खेत पर गए थे। आरोप है कि गांव का ही गजराज जबरन घर में घुस आया और तमंचे के बल पर उसे अपने खेत पर ले गया।

वहां आरोपी ने उसके साथ रात भर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसने थाना पुलिस और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# छात्रों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

- श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के छात्र हैं प्रदर्शनकारी
- यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा पंजीकरण न करने पर जताया रोष

**अमृत विचारः** श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर यूनिवर्सिटी पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि यूनिवर्सिटी से जो उन्हें बीएससी ऑप्टोमेट्री डिग्री मिली है वह मान्य नहीं है और उसका यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने पंजीकरण करने से इंकार कर दिया है। वहीं एसपी ने इस मामले की जांच रजबपुर पुलिस व सीओ को सौंपी है।

मंगलवार को श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के कई छात्रा एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को दिए शिकायती पत्र में न्याय की गुहार लगाई। गांव पीपली दाउद के रहने वाले छात्र सुर्दशन कुमार ने बताया कि उसने श्री वेंक्टेश्वरा से 2021 में बीएससी ऑप्टोमेट्री में दाखिला लिया था। सितंबर 2024 में उसको उपाधि प्रदान कर दी गई थी। कहा कि अब वह उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी में रजिस्ट्रेशन के लिए गया था। लेकिन वहां उपाधि गलत बताते हुए वहां रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया। बताया कि बाद में पता चला कि यूनिवर्सिटी के पास बीएससी ऑप्टोमेट्री कोर्स के लिए फैकल्टी से कोई वैध पंजीकरण ही नहीं था। छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी ने उनसे डिग्री के नाम पर 10,300 रुपये वसूले थे। अब उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर बदतमीजी करने और धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रों ने एसपी अमित कुमार आनंद से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने बताया कि विश्विद्यालय मान्यता प्राप्त है। एक्ट में पास होने के बाद यह कोर्स विश्विद्यालय द्वारा चलाया जा रहा है। डिग्री पूरी तरह वैधानिक है। यदि रजिस्ट्रेशन में समस्या आ रही है तो विश्विद्यालय उनकी मदद करेगा। विश्विद्यालय व यूजीसी की वैबसाइट पर सभी कोर्सों की जानकारी है।

## बेल्ट टूटने से गिरा गार्डर, युवक की मौत

संवाददाता मंडी धनौरा

- आलू फैक्ट्री में हुआ हादसा
- फैक्ट्री प्रबंधन ने दिया मदद का आशवासन


मृतक अरशद का फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** फतेहपुर छीतरा गांव के पास एक निजी आलू फैक्ट्री में सोमवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। क्रेन की बेल्ट अचानक टूट जाने से भारी लोहे का गार्डर नीचे काम कर रहे मजदूर पर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान अरशद (25 ) निवासी मोहल्ला पीरजादगान, पठियापुरा बछरायूं के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरशद पिछले करीब 15 दिनों से ही उक्त फैक्ट्री में मजदूरी कर रहा था। फैक्ट्री में क्रेन की मदद से लोहे के गार्डर को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक क्रेन की बेल्ट टूट गई और भारी गार्डर अरशद के ऊपर जा गिरा, जिससे वह दब गया। हादसे के बाद आनन-फानन में फैक्ट्री कर्मियों द्वारा अरशद को धनौरा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि अरशद तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अभी अविवाहित था। उसके पिता शमशाद रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार सरकारी आवास योजना के तहत बने मकान में रहता है। मृतक के परिजनों सादिक और इमरान ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फैक्ट्री के सिक्योरिटी मैनेजर दीपक चौधरी ने घटना को एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा बताते हुए कहा कि क्रेन की बेल्ट अचानक टूटने से यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि कंपनी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद की जाएगी। थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसान मजदूर नौजवान की आवाज थे राजेश पायलट


स्व . राजेश पायलट के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों ने सैदनगली ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ,भारत सरकार के पूर्व गृह राज्य मंत्री स्व. राजेश पायलट की जयंती मनाई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा की स्वर्गीय राजेश पायलट ने हमेशा किसानों मजदूरों नौजवानों के हितों की लिए संघर्ष किया। उन्होंने पूरे भारत में नक्सलवाद को खत्म किया। स्वर्गीय पायलट भारत रत्न सम्मान पाने के पूरे अधिकारी हैं क्योंकि उन्होंने भारत के विकास के लिए हमेशा कार्य किया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ अहमद मुर्तजा, राजपाल सैनी, सोनू पाल, दीपक गौतम आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचारः** शादी का झांसा देकर विवाहिता के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की वर्ष 2019 में मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से शादी हुई थी। कहासुनी होने पर वह पति से अलग मोहल्ला अवंतिका नगर में किराए पर रहने लगी थी। दो वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव नैकनामपुर निवासी मोमराज से हुई थी। आरोप है कि युवक ने विवाहिता के साथ शादी का झांसा देकर कई दुष्कर्म किया। शादी करने की बात कही तो युवक ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने पकड़ा आधार केंद्र का फर्जीवाड़ा

कार्यालय संवाददाता,संभल

- एक गांव के प्रधान के हस्ताक्षर युक्त कई लेटर पैड बरामद

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला खग्गू सराय में फर्जी आधार सेंटर संचालित होने की सूचना पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विपिन कुमार के साथ अंजुमन चौराहे के पास स्थित आधार सेंटर का औचक निरीक्षण किया तो कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि आधार सेंटर मोहल्ला खग्गू सराय निवासी अजीम द्वारा संचालित किया जा रहा था। काउंटर पर ग्राम पंचायत नूरियो सराय की ग्राम प्रधान सैमून के नाम से कई लेटर पैड बरामद हुए, जिन पर निवास प्रमाण-पत्र अंकित था। इन लेटर पैड पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर और मुहर तो लगी थी, लेकिन किसी भी व्यक्ति का नाम या पता दर्ज नहीं था। इसके अलावा हिना कौसर पत्नी रईस अहमद के नाम निवास प्रमाण-पत्र और रईस अहमद पुत्र राशिद के नाम जाति प्रमाण-पत्र के लेटर पैड भी मिले, जिन पर भी हस्ताक्षर और मुहर लगी हुई थी। संचालक अजीम कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। रजिस्टर की जांच करने पर यह भी सामने आया कि आधार अपडेट समेत अन्य कार्यों के लिए लोगों से प्रति व्यक्ति 250 रुपये वसूले जा रहे थे, इस तरह सेंटर द्वारा खुलेआम ओवररेटिंग की जा रही थी।

## कांवड़ियों के स्वागत के लिए लगने लगे शिविर

संवाददाता हसनपुर

- 15 फरवरी को महाशिव रात्रि को लेकर तैयारियां तेज



नगर में लगने लगे शिव भक्तों की सेवा के लिए शिविर ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले शिव भक्तों के स्वागत के लिए नगर पूरी तरह सजकर तैयार है। नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह भव्य भंडारों और सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ शिव भक्तों के विश्राम और भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। इस बार तैयारियों का मुख्य आकर्षण ब्लॉक तिराहा बना हुआ है। यहां मुख्य मार्ग पर एक विशाल और आकर्षक पंडाल स्थापित किया गया है, जिसे रंग-बिरंगी दूधिया रोशनी और ताजे फूलों से भव्य रूप दिया जा रहा है। श्री शिव भोलेनाथ भंडारा समिति के आयोजक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि 12 फरवरी से शिव भक्तों का आगमन शुरू हो जाएगा। प्रशासन ने भी सुरक्षा के मद्देनजर कांवड़ मार्ग पर सफाई और पुलिस बल की तैनाती के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### बम भोले के जयकारों के साथ जा रहे कांवड़िये

**गजरौला, अमृत विचार :** बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़ियों का हरिद्वार से जल भरकर वापस लौटना शुरू हो गया है। मंगलवार को कांवड़ियों के कई जत्थे गजरौला से गुजरे। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है। जिसके चलते कांवड़िए सड़कों पर दिखाई देने लगे हैं। अलीगढ़, बुलंदशहर समेत कई जनपदों के कांवड़ियों का हरिद्वार से जल भरकर लौटना शुरू हो गया है। जत्थे आते देख पुलिस अलर्ट हो गई। हालांकि अभी कांवड़ियों की संख्या कम होने की वजह से ट्रैफिक नहीं रोका गया है। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने शहर के इंदिरा चौक पर बेरिकेडिंग कर दी है। टीएसआई अनुज मलिक ने बताया कि कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर स्टेट हाईवे का रूट वन वे कर दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर हाईवे का रूट भी डायवर्ट किया जाएगा।

## कोर्ट परिसर में वकील और दरोगा के बीच मारपीट

संवाददाता हसनपुर


प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- मारपीट एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने पर अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- अधिवक्ताओं ने दरोगा पर मुकदमा वापस लेने की धमकी देने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** नगर स्थित सिविल कोर्ट परिसर में मंगलवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब अधिवक्ताओं ने दरोगा से मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरोगा को बाहर निकाला। घटना से भड़के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

गांव डगरौली निवासी अधिवक्ता मनीराम के साथ बीती 4 जनवरी को हुई एक घटना के मामले में सीजेएम कोर्ट में वाद विचाराधीन है। अधिवक्ताओं का दावा है कि दरोगा रामप्रकाश ने कोर्ट परिसर में अधिवक्ता पर मुकदमा वापिस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए पूर्व बार अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा के साथ भी धक्का-मुक्की की, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कड़ा रोष जताते हुए कहा कि, कोर्ट परिसर में एक अधिवक्ता के साथ पुलिस का यह व्यवहार निंदनीय है। जब तक आरोपी दरोगा के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती, अधिवक्ता समाज अपना विरोध जारी रखेगा। हालांकि दरोगा का कहना है कि उनके साथ अधिवक्ताओं ने मारपीट की है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। उच्चाधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच काफी देर तक चली वार्ता के बाद मामला शांत हुआ। फिलहाल, अधिवक्ताओं की ओर से दरोगा के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, पुलिस और वकीलों के बीच तीखी झड़प से काफी देर तक अदालती कार्य बाधित रहा। एएसपी अखिलेश भदोरिया ने बताया कि उप निरीक्षक राम प्रकाश के साथ मारपीट एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में अधिवक्ता मनीराम पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक पर बैठाने से मना करने पर मारपीट

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतुपुर निवासी हाजी ने तहरीर दी कि वह बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति ने बाइक पर बैठाने को कहा। जल्दी में होने की बात कहते हुए मना किया तो गाली गलोच करने लगे। विरोध करने पर देख लेने की धमकी दी। जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई ।तहरीर देने की जानकारी पर मंगलवार को आरोपी समेत तीन लोगों ने रास्ते में रोक कर मारपीट की।

### एबीसी किड्स स्कूल में खेल उत्सव शुरू

चंदौसी, अमृत विचार : एबीसी किड्स स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। दौड़ प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### लकड़ी बीनने जंगल गई आठ वर्षीय बच्ची लापता

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : गांव लखनपुर निवासी जीवाराम सोमवार की शाम अपनी पत्नी और आठ वर्षीय बेटी संगीता के साथ लकड़ी बीनने गए थे। वहां से बच्ची लापता हो गई। रात होने तक परिजन और ग्रामीण जंगल, खेतों और आसपास के क्षेत्रों में बच्ची को तलाशते रहे। मंगलवार को जीवाराम ने कैला देवी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने भी बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन

चंदौसी, अमृत विचार : ग्राम रतनपुर स्योंडारा में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का मंगलवार को समापन हुआ। भंडारे में ग्राम वासियों सहित क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामप्रकाश यादव, सोनू मिश्रा, गुंजन मिश्रा, बाबा ज्ञानदास, यजमान मुकेश मिश्रा, रामनिवास मिश्रा, सोहनलाल मिश्रा, दिनेश मिश्रा, सतीश यादव, आराम सिंह यादव, आशीष मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# पत्नी से विवाद में ओवरहेड टैंक से लटका युवक

## आत्महत्या करने के लिए टंकी से रस्सी बांधकर लटका तो लोगों ने हाथ पकड़ कर नीचे गिरने से रोका

- आधे घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस भी पहुंची
- पत्नी से विवाद के कारण मानसिक तनाव में है युवक

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल में पत्नी के साथ विवाद से परेशान युवक आत्महत्या के लिए नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में बनी साठ फीट ऊंची टंकी पर चढ़कर रस्सी के सहारे नीचे लटक गया। युवक को लटका देख पालिका कार्यालय में ऐसा हड़कंप मचा कि तमाम लोग युवक की जान बचाने के प्रयास में जुट गये। युवक को समझाने के साथ ही टंकी पर चढ़कर उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए जतन किये गये। एक घंटे तक हंगामे जैसी स्थिति के बीच युवक को किसी तरह सुरक्षित नीचे उतारा गया। फिलहाल उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

सोमवार दोपहर बाद लगभग तीन बजे नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारी अपने काम में लगे थे तभी एक युवक कार्यालय परिसर में बनी 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ता दिखाई दिया। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते युवक टंकी पर चढ़ गया और रस्सी बांधने लगा। जब साफ हुआ कि युवक आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है तो पालिका कर्मियों के साथ ही वहां मौजूद तमाम लोग युवक की जान बचाने के प्रयास में जुट गये। नीचे खड़े लोगों ने युवक से बात कर नीचे न कूदने को कहा तो कुछ लोग उसे बचाने के लिए टंकी पर चढ़ गये। तब तक युवक दस फिट लंबी रस्सी के सहारे नीचे लटक गया। युवक करीब 10 मिनट तक रस्सी के सहारे लटका रहा। सभासदों और कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को पकड़कर ऊपर खींचकर बचाया और फिर सुरक्षित नीचे उतारा। युवक की जान बच जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। युवक द्वारा आत्महत्या के प्रयास को लेकर नगर पालिका परिषद परिसर में एक घंटे तक अफरातफरी के हालात बने रहे।



युवक को बचाने का प्रयास करते लोग।



पुलिस की हिरासत में आत्महत्या का प्रयास करने वाला युवक। ● अमृत विचार

संभल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। युवक ने अपना नाम कासिम पुत्र वसीम निवासी मोहल्ला चमन सराय थाना रायसत्ती बताया। कासिम ने बताया कि वह अपनी पत्नी शायना से चल रहे विवाद के कारण लंबे समय से मानसिक तनाव में था। पत्नी की ओर से तलाक या डेढ़ लाख रुपये की मांग किए जाने से वह बेहद परेशान था।

युवक का कहना है कि वह कई बार इस संबंध में पुलिस से शिकायत कर चुका है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उसकी शादी सात वर्ष पहले मियां सराय खारी कुआं निवासी युवती से हुई थी और उसकी एक छोटी बेटी भी है। वहीं युवक की मां हसीन जहां नगर पालिका परिषद संभल की पूर्व सभासद प्रत्याशी रह चुकी है। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और पारिवारिक विवाद को देखते हुए युवक की काउंसलिंग कराने की भी तैयारी की जा रही है।

# विहिप संगठन मंत्री को सोशल मीडिया पर मिली धमकी



संभल में विहिप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रांत मंत्री राजकुमार डुगर।

- प्रांत मंत्री राजकुमार डुगर व सह मंत्री जितेंद्र के नेतृत्व में डीएम,एसपी से मिले पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री को सोशल मीडिया पर धमकी देने का मामला सामने आया है। दाधिकारियों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री राजकुमार डुगर व सह मंत्री जितेंद्र ने कहा कि संगठन ऐसी धमकियों से नहीं डरता। कुछ दिन पहले कल्कि धाम के सोशल मीडिया अकाउंट पर विहिप के विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप की एक वीडियो साझा की गई थी। इस पोस्ट पर शारिक रहीम तुर्क नामक व्यक्ति ने धमकी भरी टिप्पणी की। इसके अलावा सलमान घोसी नामक व्यक्ति पर भी धमकी भरे कमेंट करने का आरोप है। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में प्रांत मंत्री राजकुमार डुगर, प्रांत सह मंत्री जितेंद्र, विभाग मंत्री अमित वार्ष्णेय, जिला अध्यक्ष आशु गर्ग, जिला उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, जिला मंत्री विजय चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। पदाधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

# जनपद न्यायालय के सामने दुकानें कीं ध्वस्त

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर मंगलवार को जनपद न्यायालय संभल के सामने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। नगर पालिका, राजस्व एवं सफाई विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से बनी दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

प्रशासन की ओर से बताया गया कि उक्त दुकानदारों को पूर्व में कई बार नोटिस और चेतावनियां दी जा चुकी थीं, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। लंबे समय से चले आ रहे अतिक्रमण के कारण न्यायालय परिसर के सामने यातायात बाधित रहता था और आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई। करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रास्तों को अस्थायी रूप से डायवर्ट किया गया। अतिक्रमण हटने पर लोगों ने राहत की सांस ली। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।



अतिक्रमण को ध्वस्त करता बुलडोजर।

# मस्जिद ध्वस्त कर खाली कराई भूमि पर चौकी निर्माण शुरू

**संभल, अमृत विचार:** श्रीकल्कि धाम के निकट मस्जिद को ध्वस्त कर खाली कराई जमीन पर पुलिस चौकी का निर्माण शुरू करा दिया गया है।

14 अक्टूबर को प्रशासन ने ऐंचोड़ा कंबोह में गाटा संख्या 283 पर बनी अवैध मस्जिद को गिराने के बाद सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई थी। मंगलवार को पुलिस चौकी निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। सीओ असमोली कुलदीप कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू सहित तमाम लोग शामिल हुए। बताया गया कि पुलिस चौकी का निर्माण लगभग 500 गज भूमि में किया जा रहा है। सीओ ने बताया कि पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा। चौकी बनने से आसपास के ग्रामीणों को सुलभ न्याय मिलेगा और उनकी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सकेगा।

# दुल्हन व महिलाओं को बैठाकर दौड़ा दी कार

- लोगों ने पीछा किया तो कार जंगल में छोड़कर फरार हो गया चालक
- दुल्हन सहित सभी महिलाओं ने पहन रखे थे कीमती जेवर
- कार्रवाई में हीला हवाली पर भड़के लोगों का थाने पर हंगामा

संवाददाता,बबराला

**अमृत विचार :** बबराला में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब दुल्हन और महिलाओं को लेकर जा रही कार का चालक अचानक तेज रफ्तार से कार लेकर सुनसान इलाके की तरफ भाग निकला। लोगों ने कार का पीछा किया तो चालक रास्ते में कार छोड़कर फरार हो गया। मामले को लेकर थाने पर जमकर हंगामा हुआ और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए।

नगर के बाघऊ मार्ग निवासी विशाल कुमार की चचेरी बहन का विवाह 11 फरवरी को है। रिश्तेदारों के आवागमन के लिए विशाल ने थाने के पास स्थित टैक्सी स्टैंड से चालक तरन सिंह की कार बुक की थी। बताया गया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हयातनगर में गोद भराई के लिए दुल्हन परिवार की तीन अन्य महिलाओं के साथ कार में सवार हुई।



कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर हंगामा करते लोग।

महिलाओं ने सोने के आभूषण भी पहन रखे थे। परिवार का कोई पुरुष सदस्य कार में बैठ पाता, उससे पहले ही चालक तरन सिंह अचानक कार को तेज गति से लेकर निकल गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। परिजन बाइकों से कार का पीछा करने लगे। चालक कार को तेज रफ्तार से राजघाट रोड की ओर ले गया। कार में बैठी दुल्हन और अन्य महिलाएं भयभीत होकर चीखने-चिल्लाने लगीं। महिलाओं की आवाज सुनकर राहगीरों ने भी वाहनों से कार का पीछा शुरू कर दिया। पीछा होते देख चालक ने कार सड़क पर रोक दी और मौके से फरार हो गया।

विशाल ने पुलिस को जानकारी दी। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए। आरोप है कि पुलिस द्वारा चालक का पक्ष लिए जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया और पुलिस व परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पीड़ित पक्ष ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में तहरीर सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली



बच्चे को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**संभल,अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर भगत जी इंटरनेशनल स्कूल, बहजोई में डीएम राजेन्द्र पैंसिया ने छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल खिलाई। जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी गोली का सेवन किया।

डीएम ने बच्चों को नाखून साफ और छोटे रखने, फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाने, नियमित रूप से स्नान करने तथा आसपास साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि फरवरी में जनपद के कुल 13,11,811 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। बीएसए अलका शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीईआईसी प्रबंधक मनु तेवतिया, बीईओ बहजोई पोप सिंह, डॉ. सचिन वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थिति रहे।

# आचार्य विद्यासागर की रथ यात्रा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल में मंगलवार को आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रभावमयी रथ यात्रा के पहुंचने पर जैन समाज में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक, शांति धारा और विशेष पूजा-अर्चना कर रथ यात्रा का स्वागत किया।

मोहल्ला ठेर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में भव्य कार्यक्रम के बीच भगवान का जलाभिषेक, शांति धारा, स्वस्तिवाचन एवं श्रोत पाठ कराया गया। साथ ही रथ पर विराजित आचार्य श्री के चरण चिन्हों का पाद प्रक्षालन किया गया और मंगल आरती संपन्न हुई। इसके उपरांत रथ यात्रा को नगर में भ्रमण कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। रथ यात्रा का उद्देश्य समाज में जैन धर्म के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करना और अन्य वर्गों को भी जैन धर्म की अहिंसा, संयम और शांति की भावना से जागरूक करना है।कार्यक्रम में वीरेंद्र जैन, नरेंद्र जैन, नलिन जैन, राजीव जैन, संजय जैन टीटू, नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी, सुनील सर्राफ, राजीव अग्रवाल, प्रियांशु जैन एडवोकेट, कली जैन, दीपू जैन, शुभम जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। संदीप जैन शास्त्री ने बताया कि यह रथ यात्रा अहमदाबाद, गुजरात से प्रारंभ हुई है । यात्रा राजस्थान और मध्य प्रदेश से होकर उत्तर प्रदेश के बाद असम के गुवाहाटी व नेपाल तक जाएगी।



जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

- जैन मंदिर में किया गया धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

## न्यूज डायरी

### एनएसएस शिविर में स्वच्छता व समस्याओं पर फोकस





चंदौसी,अमृत विचार : एसएम कॉलेज, चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत प्रथम शिविर का आयोजन ग्राम देवराखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के निर्देशन में आयोजित शिविर की शुरुआत स्वच्छता गतिविधियों से हुई। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. आरएएस यादव ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाजसेवा व राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव का सर्वे कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी जुटाई तथा द्वितीय सत्र में उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### एआई टूल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें

संभल/ बहजोई, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में 'सेफर इंटरनेट डे' के अवसर पर मंगलवार को एक विशेष जागरुकता कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रभात मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर विशेष चर्चा की गई। प्रभात मिश्रा ने बताया कि एआई जहां शिक्षा, कार्यक्षमता और तकनीकी विकास में सहायक साबित हो रहा है, वहीं इसके माध्यम से डीपफेक वीडियो, फर्जी कंटेंट और डेटा प्राइवेसी से जुड़े खतरे भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि किसी भी एआई टूल का उपयोग करते समय व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। वित्तीय सुरक्षा को लेकर बताया गया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें। सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क पर किसी भी प्रकार का वित्तीय लेनदेन न करें और अपने पासवर्ड तथा पिन को समय-समय पर बदलते रहें। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।



### मेडिकल कॉलेज की बस पेड़ से टकराई, कई घायल

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर चौराहा के पास सोमवार को रही मैक्स पिकअप को बचाने के प्रयास में मेडिकल कॉलेज की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस में सवार कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज की बस के सामने अचानक तेज गति से पिकअप आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में बस पेड़ से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही कैला देवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश घायलों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कुछ को निगरानी में रखा गया है।

### शिविर में छात्राओं को कराया लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों का बोध





चंदौसी, अमृत विचार : राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पतरौआ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:कालीन शारीरिक अभ्यास और प्रेरक गीतों के साथ हुई। इसके बाद छात्राओं को एनएसएस की भूमिका, नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक सहभागिता की जानकारी दी गई। विशेष सत्र में मतदान के महत्व, मतदाता अधिकार और निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। पोस्टर निर्माण, जागरूकता रैली तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल व डॉ. प्रियंका के निर्देशन में हुआ।

# आईजीआरएस रैंकिंग में चंदौसी प्रथम

## सभी 220 शिकायतों के निस्तारण ने दिलाई कामयाबी

आईजीआरएस लिपिक विलियम फातिमा द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी माह में 220 से अधिक संदर्भ प्राप्त हुए थे। शिकायतों को समय पर संबंधित विभाग को भेजने में जहां 10 में से 10 अंक मिले तो एक भी शिकायत समय सीमा से बाहर न जाने के चलते डिफाल्ट स्कोर में 20 में से 20 अंक प्राप्त हुए। निस्तारण फीडबैक में भी शानदार स्कोर रहा। शिकायतों के समाधान के बाद जब शासन स्तर से शिकायतकर्ताओं को फोन किया गया, तो संभल ने वहां भी बाजी मारी।

- 220 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका गुणवत्तापूर्ण और समय पर निस्तारण किया

कार्यालय संवाददाता, संभल



डा. राजेंद्र पैंसिया।

**अमृत विचार:** जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) की जनवरी-2026 की रैंकिंग में चंदौसी तहसील ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की सख्त निगरानी, जीरो टॉलरेंस नीति और समयबद्ध निस्तारण के चलते तहसील ने 100 में से 100 अंक अर्जित कर प्रदेश में इतिहास रच दिया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि तहसील स्तर पर मिली इस सफलता के बाद अब अगला लक्ष्य पूरे संभल जनपद को प्रदेश की रैंकिंग में शीर्ष पर लाना है।

आईजीआरएस से जुड़े आंकड़ों के अनुसार जनवरी माह में चंदौसी तहसील को 220 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। एसडीएम चंदौसी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समय पर निस्तारण किया गया। एक भी मामला तय समय सीमा से बाहर नहीं गया, जिससे डिफॉल्टर स्कोर में भी तहसील को पूर्णांक मिले।

रैंकिंग के प्रमुख बिंदुओं में शिकायतों की समय पर मार्किंग, शून्य डिफॉल्ट और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से प्राप्त सकारात्मक फीडबैक शामिल रहा। शासन स्तर से किए गए फीडबैक कॉल में भी चंदौसी तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस सफलता के पीछे बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट में स्थापित आईजीआरएस कंट्रोल रूम की अहम भूमिका रही।

# पुलिस-छात्र संवाद समाज के लिए बेहद उपयोगी: एडीजी

- एडीजी एलवी एंटनी देव कुमार ने संभल में एसपीईएल-3.0 कार्यक्रम की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** अपर पुलिस महानिदेशक नियम एवं ग्रंथ एलवी एंटनी देव कुमार ने मंगलवार को पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में संभल में संचालित एसपीईएल-3.0 कार्यक्रम की समीक्षा की। जनपद के सभी थाना प्रभारियों, थानों के नोडल अधिकारियों, विभिन्न कॉलेजों के नोडल अधिकारी एवं 67 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार भी उपस्थित रहे।

अपर पुलिस महानिदेशक ने कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। छात्र-छात्राओं ने बीट पुलिसिंग, थाना कार्यालय का कार्य, थाने का परिचय, पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली तथा आरक्षी व उपनिरीक्षक पदों की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। एडीजी ने भविष्य में एसपीईएल-3.0 कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पुलिस और युवाओं के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। एडीजी ने छात्रों को पुलिसिंग की बुनियादी जानकारी देते हुए अनुशासन, ड्रिल, परेड, कानून व्यवस्था की समझ, ट्रैफिक प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता अभियानों, पुलिस स्टेशन व कंट्रोल रूम में एक्सपोजर विजिट, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सेवा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

न्यूज ब्रीफ

### सहायक चकबंदी अधिकारी निलंबित

**लखनऊ, अमृत विचार :** चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में संतकबीरनगर के सहायक चकबंदी अधिकारी रामदरश को निलंबित कर दिया गया है। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की। मामला संतकबीरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम संठी से जुड़ा है, जहां चकबंदी के दौरान मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिजनों के मूल गाटा नंबर नियम विरुद्ध तरीके से बदलकर 'उड़ान चक' में दर्ज कर दिए गए। साथ ही, समय रहते उनकी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण भी नहीं किया गया। इस प्रकरण में संबंधित लेखपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितता सामने आने पर सहायक चकबंदी अधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है।

### अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी, 10 तमंचे बरामद

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने अवैध हथियारों को बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है। एसटीएफ के प्रवक्ता के मुताबिक पिछले कुछ समय से लखनऊ और अयोध्या क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी की खबर मिल रही थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करके मायाराम पुत्र श्रीपाल लोहार निवासी कंजा शरीफपुर तालगांव, सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 10 बने हुए तमंचे बरामद किए हैं।

### पम्पों पर मिला सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल डीजल, दो गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने मिलावटी ईंधन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। बायो डीजल पम्प के नाम पर मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा चलाई जा रहीं दो पम्पों से करीब सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल-डीजल के साथ ही पम्प खोलने के लिए जारी लेटर आफ इंटेक्ट भी बरामद किए हैं। इस खुलासे के बाद एसटीएफ ने प्रदेश भर में खोले जा रहे कथित बायो डीजल के करीब चार दर्जन पम्पों को रडार पर ले लिया है। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अधिक गाड़ियां खराब होने की शिकायतें मिलना शुरू हुईं तो छानबीन शुरू की गई। पता चला कि बायो डीजल के नाम पर कुछ पम्प खोले जा रहे हैं। इन पम्पों से मिलावटी पेट्रोल और डीजल भरा जा रहा है। एसटीएफ ने जब जाल बिछाया तो एटा जिले के सलेमपुर- अवागढ़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर छापा मारा गया

# फार्म-7 को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कई जिलों में बड़ी संख्या में जमा किए गए फार्म-7 को निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर, सहारनपुर, बलिया, सोनभद्र, आगरा, सम्भल, मिर्जापुर, बुलंदशहर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और बांदा समेत कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर फार्म-7 भरकर मतदाताओं के नाम सूची से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि इन फार्मों में समाजवादी पार्टी समर्थक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय और पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सपा ने कहा कि कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति द्वारा बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

# कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण के लिए ओटीपी अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


- प्रदेश में 15 फरवरी से पशुओं का टीकाकरण और 1 अप्रैल से एआई में अनिवार्य
- भारत पशुधन एप पर फीड होंगे छूटे आधार व मोबाइल नंबर

**अमृत विचार :** प्रदेश में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) कराने में मनमानी और पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी। 1 अप्रैल से पशुपालकों को एआई कराने के लिए चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी या फिर पैरावेट को मोबाइल ओटीपी देना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद पारदर्शिता, वास्तविक आकलन और सहूलियत के लिए यह व्यवस्था लागू कर रहा है।

सबसे पहले ''भारत पशुधन एप'' पर पशुपालकों का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और पशुओं का ईयर टैग नंबर 100 फीसद फीड किए जाएंगे। दर्ज मोबाइल नंबर अपडेट रखना होगा। इससे एप पर कृत्रिम गर्भाधान, किसी भी पशु का टीकाकरण, पशुधन बीमा आदि कार्य व योजनाओं का विवरण सत्यापित होकर मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इस आधार पर कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण किया जाएगा। इसकी मौके पर एप पर फीडिंग की जाएगी तभी प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

इसके अलावा पुरानी व्यवस्था में बिना ओटीपी के एप पर गांव और पशुपालकों का विवरण खुलने पर मनमानी फीडिंग की जाती है। इसे रोकने के लिए साफ्टवेयर अपडेट किया गया है। जो बिना ओटीपी के नहीं खुलेगा।

### ज्यादातर के टैग, आधार और मोबाइल नंबर नहीं



- अब तक की व्यवस्था में ज्यादातर पशुओं के ईयर टैग न ही पालकों का आधार व मोबाइल नंबर फीड है। कई के मोबाइल नंबर गलत, अधूरे व बंद हैं। जिनके दर्ज हैं वह मौके पर नहीं मिलते हैं। ऐसी स्थिति में बिना ओटीपी का विकल्प अपनाकर एआई व टीकाकरण करने के बाद एक साथ मनमानी फीडिंग कर दी जाती है। खासकर पैरावेट निशुल्क सरकारी की बजाय पैसे लेकर निजी एआई करते हैं। अब पैरावेट को मौके पर ओटीपी और फीडिंग के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।

"केंद्र सरकार ने यह अनिवार्यता की है। इससे मनमानी नहीं चलेगी। बल्कि पारदर्शिता आने से वास्तविक आकलन होगा और इसी आधार पर आगे का लक्ष्य निर्धारित करके लाभान्वित करेंगे।
-डॉ. पीके सिंह, सीईओ, उप्र पशुधन विकास परिषद।

साथ ही कितने पशु लाभान्वित हुए कितने छूटे यह ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज रहेगा।

22 जनवरी से 10 मार्च तक चलने वाले खुरपका-मुंहपका विशेष टीकाकरण अभियान में 15 फरवरी से ओटीपी अनिवार्य रूप से देना होगा। इसकी मौके पर ही फीडिंग की जाएगी। टीकाकरण के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेसी नहीं होगी।

# आरक्षण और शिक्षकों के वेतन पर हंगामा

## विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्तावों पर विरोध, नारेबाजी के बीच कुछ देर के लिए स्थगित हुई कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान परिषद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को प्रश्नकाल, कार्यस्थगन प्रस्तावों और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बीच हंगामेदार रही। सपा सदस्यों ने आरक्षण और भर्ती में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सदन में नारेबाजी की, जिसके चलते कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण का मुद्दा उठाया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान आशुतोष सिन्हा ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए वाराणसी में पुलिस कार्रवाई को मुद्दा बनाया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से साक्ष्य उपलब्ध कराकर पुलिस महानिदेशक से जांच कराने के निर्देश दिए।

नियम 105 के तहत सपा के कई सदस्यों ने आरक्षण नियमों के पालन और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्य बेल में आ गए और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सदन में अव्यवस्था बढ़ने पर कार्यवाही दोपहर 1:20 बजे 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का मुद्दा उठाया। इस पर भी कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भोजनावकाश के बाद अपराह्न 3:30 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में कार्यवाही फिर शुरू हुई। कार्यसूची की मदें निपटाई गईं और याचिकाओं को समिति को भेजा गया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्यपाल सिंह और उमेश द्विवेदी ने चर्चा की, जबकि सपा के लाल बिहारी यादव ने विरोध में अपने विचार रखे। अंत में अधिष्ठाता ने शाम 5 बजे सदन की कार्यवाही 11 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### भर्ती में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन होगा: केशव मौर्य

- विधान परिषद के बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी भर्तियों में आरक्षण नीति का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आरक्षण प्रावधानों को लागू करने के संकल्प को सरकार दोहराती है और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण का ब्यौरा देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होती, बल्कि सभी वर्गों के अभ्यर्थी इसमें प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों के कड़ाई से पालन के लिए कार्मिक विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी किया है। उन्होंने 7994 लेखपाल पदों की भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि विज्ञापन में हुई त्रुटि को ठीक कर 3205 पद अनारक्षित, 1679 एससी, 160 एसटी, 2158 ओबीसी और 792 ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती माफिया पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सदन में मंत्रियों के जवाब

### दिव्यांगों की पेंशन तीन गुना बढ़ी, लाभ में पारदर्शिता सुनिश्चित: नरेन्द्र कश्यप



- पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधान परिषद में कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल रही है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर अब 1,000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यूडीआईडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किए जाते हैं। सिद्धार्थनगर जिले में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, निर्धारित आय सीमा और अन्य पेंशन न लेने की शर्त पूरी करने वाले व्यक्ति को पेंशन मिलती है। आवेदन ऑनलाइन होता है और सत्यापन के बाद राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश में 16,478 परियोजनाएं शुरु, 12.10 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश : नंदी



- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विधान परिषद में बताया कि इन्वेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश धरातल पर उतरा है। अब तक 16,478 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जिनमें लगभग 12.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है और राज्य "उत्तम प्रदेश" के संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018 की इन्वेस्टर समिट में 1,045 इकाइयों ने 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए थे, जबकि 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 19,250 इकाइयों ने 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों में कुल 16,478 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण जल्द शुरू होगा। भूमि उपलब्ध होने के बाद इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है और अनुबंध के बाद नौ माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसान विरोधी: सुनील सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



चौधरी सुनील सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तथाकथित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह से किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। यह समझौता देशहित में नहीं, बल्कि दबाव में आई केन्द्र सरकार की राजनीतिक मजबूरी का परिणाम है। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि समझौता रद्द नहीं हुआ तो फिर किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। लोकदल ने मंगलवार को लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित कार्यालय पर किसान संगठनों के साथ बैठक की। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि को तबाह करने की एक सोची-समझी साज़िश है। एक ओर जहाँ अमेरिका में एक किसान को हर साल 60 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की सरकारी सब्सिडी, आधुनिक तकनीक, सस्ती बिजली, सस्ता डीज़ल और पूरी सरकारी सुरक्षा मिलती है, वहीं भारत का किसान महंगे बीज, महंगी खाद, महंगे डीज़ल, कर्ज़ और बिना एमएसपी की कानूनी गारंटी के इंतजार में खड़ा है।

# प्रदेश ने खोए जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा


- सत्ता व विपक्ष ने विधानसभा में प्रो. श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गौड़ दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में बरेली के फरीदपुर से विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल और सोनभद्र की दुद्धी से विधायक विजय सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलों के नेताओं ने दोनों दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी और कुछ क्षण मौन रखकर नमन किया। योगी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता खोए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रो. श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया। वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। वे मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के वरष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को बताया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हो गया था। वह आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 1980, फिर 1985, 1989, 1991, 1993, 1996, 2002 में चुनाव जीता था। वर्ष 2024 के उप चुनाव में वह दुद्धी विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।

### राजनीतिक चमक दमक से दूर थे विजय सिंह

- नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी के निधन से विधानसभा उनके ज्ञान और अनुभव से वंचित हो गई है। उन्होंने विजय सिंह को याद करते हुए कहा कि वह 1980 में सदन में चुनकर आए थे और राजनीतिक चमक-दमक से दूर रहते थे। अपना दल के राम निवास वर्मा ने दोनों विधायकों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रालोद के राजपाल सिंह बालियान ने अपूरणीय क्षति बताया है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि दोनों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज ने भी श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पूरा सदन शोकाकुल है और सदन की ओर से दोनों परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रेषित की जाएंगी। शोक प्रकट करने के साथ ही विधान सभा बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।



विधानसभा में शोक प्रस्ताव रखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रिंग बजने पर भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल जब्त

- बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल फोन बजने पर नाराजगी जताई। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देते समय इनका मोबाइल बजा था। विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल सुरक्षा कर्मी को बुलाकर विधायक का मोबाइल जब्त कराया। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद माफी मांगने पर अध्यक्ष ने उनका मोबाइल फोन वापस कराया।

# समृद्ध योजना से स्टार्टअप हब बनने की ओर यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र की पहल में मजबूत भागीदारी, 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'समृद्ध' योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। इस योजना के तहत चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई नीतियों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। केंद्र की योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है, जिससे स्टार्टअप्स को फंडिंग के साथ-साथ मेंटरशिप और बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। समृद्ध योजना के तहत उत्तर प्रदेश से 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था, जिनमें से 4 का चयन किया गया। इन एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट मिला, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग हासिल करने में सफल रहे। योजना के तहत प्रदेश के स्टार्टअप्स को 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई, जिसका उपयोग उत्पाद विकास, तकनीकी मजबूती और बाजार विस्तार के लिए किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की इस योजना में प्रत्येक स्टार्टअप को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है, जबकि एक्सेलेरेटरों को भी स्टार्टअप्स को मेंटरशिप और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रदेश सरकार का मानना है कि स्टार्टअप नीति, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा, आधुनिक अवसंरचना और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पहलों ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है।

### समृद्ध योजना में यूपी की प्रमुख उपलब्धियां

- 10 एक्सेलेरेटरों ने किया प्रदेश सेआवेदन
- 4 एक्सेलेरेटरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन
- 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट
- 27 स्टार्टअप्स को मिली फंडिंग
- 9.91 करोड़ की राशि वितरित
- हेल्थटेक, एजुटेक, एग्रीटेक, फिनटेक समेत कई क्षेत्रों को मिला लाभ
- 40 लाख तक अधिकतम प्रति स्टार्टअप की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान

तैयारी

100 साल पुराने विधानभवन की जगह पर बनेगा आधुनिक सत्ता केंद्र

# सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा नया विधानभवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से मिलेगी राहत
- शासन ने एलडीए को सौंपी जिम्मेदारी, कंसल्टेंट तय कर जल्द बनेगी डीपीआर

**अमृत विचार:** नया विधानभवन गोमतीनगर के विपुल खंड स्थित सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा। शासन के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने परियोजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो भवन का डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करेगा।100 साल पुराने विधानभवन की जगह इस आधुनिक सत्ता केंद्र से रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से भी निजात मिलेगी।

सहारा शहर परिसर की यह जमीन अब पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में आ चुकी है। इसमें करीब 75 एकड़ जमीन एलडीए और 170 एकड़ जमीन नगर निगम ने अपने कब्जे में ली है। जमीन की पैमाइश पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। उच्च स्तर पर नए विधानभवन के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति भी मिल चुकी है। वर्तमान विधानभवन करीब एक सदी पुराना है और राजधानी के अत्यंत व्यस्त इलाके में स्थित है। समय के साथ विधायकों की संख्या, प्रशासनिक इकाइयों और सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भवन का ढांचा सीमित ही रहा। पार्किंग की कमी, वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम और बरसात में जलभराव जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। नई विधानसभा के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। सहारा शहर का इलाका चौड़ी सड़कों, बेहतर कनेक्टिविटी और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं के कारण इस परियोजना के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।

### कंसल्टेंट तैयार करेगा पूरा खाका

- एलडीए अधिकारियों के अनुसार, चयनित कंसल्टेंट पूरे प्रोजेक्ट का तकनीकी आधार तैयार करेगा। इसके तहत कॉन्सेप्ट प्लानिंग, मास्टर प्लान, आर्किटेक्चरल डिजाइन, भवन की ऊंचाई, सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं का खाका बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक, पार्किंग, जल निकासी, बिजली व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन भी किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत, चरणबद्ध निर्माण योजना और समय-सीमा तय कर शासन को डीपीआर सौंपी जाएगी।

### कंसल्टेंट बनाएगा नए विधान भवन का नक्शा

- नए विधान भवन बनाने के लिए एलडीए कंसल्टेंट नियुक्त करेगा। कंसल्टेंट मानचित्र से स्ट्रेक्चर का खाका तैयार करके एलडीए को देगा। इसका प्रस्ताव एलडीए शासन को भेजेगा और अनुमति मिलने पर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्टर रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई तैयार की जाएगी।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर होगा निर्माण

- नई विधानसभा को केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रखकर आने वाले दशकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्ष भवन, हरित क्षेत्र, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और बड़े पार्किंग जोन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि कंसल्टेंट के चयन के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नया विधानभवन न केवल प्रदेश की सत्ता का आधुनिक केंद्र बनेगा, बल्कि गोमतीनगर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति देगा।

# अमृत विचार

बुधवार, 11 फरवरी 2026






जो मन को नियंत्रित नहीं करते, मन उन्हें नियंत्रित कर लेता है और उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है।

–श्रीकृष्ण

## महज एसओपी नहीं पर्याप्त

कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सरासर डकैती' मानते हुए इससे बचाव के लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश स्वागत योग्य है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते तो आंकड़े अलग दिखते। डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है, बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ–लालच और भय का भी इसमें बड़ा योगदान है। जल्दी धन प्राप्ति, आसान निवेश या तत्काल लाभ के लालच में वह कई बार चेतावनी संकेतों की अनदेखी करता है। साइबर जागरूकता का अभाव भी लोगों को ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बनाता है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल दिखे। बैंकों को केवल लेनदेन का 'ब्रोकरेज हब' होने के बजाए ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए। यदि बैंक संदिग्ध अचानक बड़ी रकम निकासी या अनजान स्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर नहीं चिन्हित करता तो यह उसकी कार्यगत विफलता है। अदालत ने भी माना कि बैंक अनजाने में अथवा मिलीभगत से ऐसे फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। अदालत को केंद्र सरकार द्वारा एक एसओपी या एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया इसका अकसीर इलाज है, इस पर भी सवाल यह कि क्या किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को रोका जा सकता है? आरबीआई ने पहले ही इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, पर अपराध आज भी बेशुमार हैं। नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना एक स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, लेकिन इसका प्रभाव तभी होगा जब इसे तकनीकी सक्षमता और व्यवहारिक तौर पर कड़ाई से लागू किया जाए। केवल कागजी मानकीकृत संचालन प्रक्रिया बनाकर लागू करने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। इस एसओपी को वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की क्षमता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जैसा कि कोर्ट ने सुझाया है, एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है।

डिजिटल साधनों के विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।

### प्रसंगवश

## मेले के झूले: सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल

हरियाणा के सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है, जहां सुरक्षा सबसे आख़िरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है, लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएं, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जांच होती है, या फिर कुछ काग़ज़ों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है। ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन, लेकिन झूलों की तकनीकी जांच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियां झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है, जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएं घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है। जाँच के आदेश, मुआवज़े की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक।

सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना, इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहां सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूं ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी, लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जांच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हां, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को 'अतिरिक्त खर्च' समझा जाता है और मुनाफ़े को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जांच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई, लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है?

# अब व्यापारिक साझेदारी में खाड़ी देशों की बारी





दिग्विजय सिंह

कानपुर

जब दुनिया के बड़े देश अपने प्रभुत्व और वर्चस्व के लिए सीमाओं के साथ व्यापार और टैरिफ युद्ध में उलझे हैं, तब भारत लगातार तेजी से अपने व्यापारिक बाजार में विविधता का रंग भरने में जुटा है। वह अब किसी एक देश या क्षेत्र पर आयात और निर्यात के लिए निर्भर नहीं रहना चाहता है। यही वजह है कि भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए-नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं। इसके लिए भारत पश्चिमी एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की कवायद में जुट गया है। दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इससे लंबे समय से अटकी बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया है। नियम-शर्तों में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते का दायरा, बातचीत का स्वरूप और तौर-तरीका तय किया गया है। इससे यह साफ हो गया है कि व्यापार समझौते में किन सेक्टर्स को शामिल किया जाना है, फिर बातचीत उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर साल 2006 और 2008 में पहले भी दो दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन परिषद द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने का फैसला लिए जाने के बाद तीसरा दौर नहीं हो पाया था।

इस तरह साल 2011 से रुके हुए समझौते के लिए अब फिर से बातचीत शुरू हो रही है। यह समझौता होने से भारत और खाड़ी देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का प्रवाह तेज और आसान हो जाएगा। भारत मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत और ओमान भी बीते वर्ष दिसंबर में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। ऐसे में खाड़ी सहयोग परिषद के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अगली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

खाड़ी देशों से व्यापारिक समझौता होने का मतलब है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे भारत विरोधी देशों की कमर और टूट जाएगी, क्योंकि खाड़ी देशों के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। अभी बांग्लादेश बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों में रेडीमेड गारमेंट्स, निटवेयर, जूट उत्पाद, चमड़े के उत्पाद और कृषि उत्पादों का निर्यात करता है, तो पाकिस्तान चावल, वस्त्र, फल, सब्जियां, मांस, चमड़े के उत्पाद और खेल के सामान की आपूर्ति करता है। खाड़ी देशों के बाजारों में जहां तक भारत की पहुंच की बात है, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार 178.56 अरब डॉलर का रहा था, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 15.42 प्रतिशत है।

इसमें भारत से 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 121.68 अरब डॉलर था। इसमें दो राय नहीं कि खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत के कारोबारी वहां बड़े पैमाने पर चावल, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग साजो-सामान, रत्न और आभूषण का निर्यात करते हैं, जबकि वहां से भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स और सोने जैसी कीमती धातुएं आती हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भारत की सबसे बड़ी चिंता व्यापार घाटा कम करना है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते के बाद व्यापार घाटा न सिर्फ कम होगा, बल्कि हमारे दक्ष युवाओं को वहां रोजगार और तेजी से मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि किसी तरह मुस्लिम राष्ट्रों को भारत से दूर करे, लेकिन भारतीय कूटनीति के आगे उसकी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक 'सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता' किया था। इसके बावजूद सऊदी अरब चाहता है कि भारत से जल्द मुक्त व्यापार समझौता हो जाए, ताकि व्यापार में सुगमता हो। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी पिछले दिनों भारत दौरे पर कहा था कि वे चाहते हैं कि दोनों देश आपसी कारोबार को 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक ले जाएं।

वैसे भी खाड़ी देशों में यूएई और सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। यूएई के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100.06 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024 में 83.6 अरब डॉलर था। इसी तरह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में कतर के साथ व्यापार 14.15 अरब डॉलर का रहा, इसके बाद ओमान के साथ 10.61 अरब डॉलर, कुवैत के साथ 10.22 अरब डॉलर और बहरीन के साथ 1.64 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।

खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता बहरीन के पास है। बहरीन और भारत के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। बहरीन भी चाहता है कि परिषद और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो, ताकि कारोबार और सुगम हो सके। ऐसा होने से भारत के चर्म उत्पाद, वस्त्र उत्पादों का निर्यात बड़े पैमाने पर हो सकेगा। अभी वहां की मार्केट में बांग्लादेश की पहुंच अधिक है। व्यापार समझौता होने से वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाला आयात शुल्क या तो बहुत कम हो जाएंगे, अथवा खत्म हो जाएंगे। इसी तरह खाड़ी देशों की बाजार में भारतीय सामानों की लागत पाकिस्तानी और बांग्लादेशी उत्पादों की तुलना में कम होगी, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा। वैसे भी खाड़ी देशों के पास न केवल अपार दौलत है, बल्कि भारत के युवाओं के लिए संभावनाओं का समंदर भी है।

**भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए–नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं।**

### आमने सामने



मेरी पार्टी उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और वहां भी अपना झंडा बुलंद करेगी। मिस्टर योगी, तैयार हो जाओ, यूपी भी आ रहे हैं। इसके बाद यूपी चलते हैं। हम सभी यूपी में अपनी ताकत और अपने झंडे को गाड़ेंगे और वहां भी अपना झंडा लहराएंगे।

–अकबरुद्दीन ओवैसी
नेता, एआईएमआईएम

सीएम योगी हमेशा तैयार रहते हैं और ओवैसी साहब अगर उपद्रव करने बुलाएंगे तो उन्हें पहले तय करना होगा कि वे कहां जाना चाहते हैं, बाहर या कहीं और? असल में सपा पार्टी को चिंता करनी चाहिए कि उनका वोटर कहीं छिटक न जाए।

–केतकी सिंह
बीजेपी विधायक



# यूपी बजट: वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



डॉ. विकास शुक्ला

चिकित्सक

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह न सिर्फ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाला बजट होगा, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने वाला होगा। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर भारी भरकम राशि मिलने की उम्मीद है। नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जा सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। एक्सप्रेस वे के निर्माण, पुलों के निर्माण के लिए भारी भरकम बजट मिलने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान पर फोकस तो होगा ही, शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर बड़े खर्च के एलान की संभावना है। यह बजट 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा।

प्रदेश में अभी यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा- लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली और गोरखपुर एक्सप्रेसवे चालू हैं। इन एक्सप्रेसवे का निर्माण राज्य सरकार के बजट से हुआ है। मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे समेत एक दर्जन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कवायद की जा रही है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रेसवे बनाकर यातायात को न सिर्फ गति देना है, बल्कि औद्योगिक विकास भी बढ़ाना है, ताकि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाया जा सके और यहां के निवासियों को अपने राज्य में घर के पास ही रोजगार मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का घर के पास ही रोजगार देने का सपना बहुत हद तक साकार भी हो रहा है, क्योंकि यहां विदेशी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर चुकी हैं और कर रही हैं। स्थानीय निवेशक भी उद्योग लगा रहे हैं। बढ़ते औद्योगिक विकास की वजह है, प्रदेश में बना सुरक्षित माहौल। अब न तो कहीं उद्यमियों, चिकित्सकों व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आ रहा है न ही अपहरण का। यही वजह है कि दूसरे राज्यों से भी बड़े उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। रोजगार के अवसर सूबे में बढ़े हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

पिछले वित्तीय वर्ष में बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। इस बार का बजट उससे भी ज्यादा होगा। इस बजट में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बजट तो मिलेगा ही कुछ नई योजनाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। रोजगार, किसानों की आर्थिक मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लिए भारी भरकम बजट मिल सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और मजबूती देने की तैयारी है। कानून-व्यवस्था को और समृद्ध बनाने के लिए पुलिस बल को और सुविधा संपन्न करने पर जोर होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति वाला माना जाता है। ऐसे में पुलिस और समृद्ध हो, इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट इस महकमे को दिया जा सकता है, ताकि पुलिस महकमे को आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध किया जा सके। जल्द ही पंचायत के चुनाव होने हैं। पंचायत चुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी माना जा रहा है। ऐसे में सरकार खजाने से धन खर्च करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने जा रही है।

वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला, दिव्यांगों की पेंशन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय की बढ़ोत्तरी का एलान भी हो सकता है। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिल सकता है, तो नए बस स्टेशनों की स्थापना, पुराने बस अड्डों को मॉडल बनाने के लिए भी बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान होगा। प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का लक्ष्य भी निर्धारित होगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी राशि आवंटित की जा सकती है।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सरकार का फोकस है। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है, तो बेसिक-माध्यमिक शिक्षा के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट भी मिलेगा। माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब क्लस्टर के लिए बजट मिलेगा, तो शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के मद में आवास विभाग को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार नई टाउनशिप बसाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना को गति देगी, तो मेट्रो परियोजनाओं को गति देने के लिए भी बजट का एलान होगा।

**उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करने वाला बजट होगा।**

### सोशल फोरम

## 'उसने कहा था'...

चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' हिंदी कथा-साहित्य की वह शाश्वत रचना है, जिसने आधुनिक कहानी को न केवल रूप दिया, बल्कि भावनात्मक गहराई और नैतिक चेतना की नई भाषा भी दी। यह कथा प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के उस त्रिकोण को स्पर्श करती है, जहां मनुष्य की आत्मा अपने सबसे बड़े नैतिक निर्णय से गुजरती है।



डॉ. उर्वशी

ब्लॉगर

हिंदी कहानी के इतिहास में 'उसने कहा था' केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का आरंभ-बिंदु है। 1915 में प्रकाशित यह कहानी, अपने समय के समाज और मनुष्य दोनों को एक नई दृष्टि से देखने का आमंत्रण देती है। गुलेरी ने प्रेम को केवल रूमानी या त्रासद अनुभव के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। यह वही क्षण था जब हिंदी कहानी ने केवल घटनाओं से आगे बढ़कर मानव-मन की जटिलता और आत्म-संयम की सौंदर्यता को कथ्य बनाया।

कहानी के केंद्र में लहना सिंह नामक सिख सैनिक है, जो बचपन में अपनी प्रेमिका से किए गए एक वाक्य-संवाद को जीवन का व्रत बना लेता है। 'उसने कहा था'- यह तीन शब्दों का वाक्यांश कहानी के भीतर स्मृति, वचन और नियति, तीनों का प्रतीक बन जाता है। युद्ध के मैदान में जब वही स्त्री अपने पति और पुत्र के जीवन की रक्षा का आग्रह करती है, तो लहना सिंह अपने जीवन को उसी वचन के प्रति समर्पित कर देता है। इस प्रकार कहानी का प्रेम, इच्छा की परिधि से निकलकर कर्तव्य और त्याग के आध्यात्मिक आयाम में रूपांतरित हो जाता है।

'उसने कहा था' की भाव-संरचना गहरी है, पर उसका स्वर अत्यंत संयमित। गुलेरी ने प्रेम को भावुकता से मुक्त किया है और उसे आत्मसंयम की नैतिक साधना के रूप में रूपायित किया है। लहना सिंह की निष्ठा किसी व्यक्तिगत संबंध की निष्ठा नहीं, बल्कि मानवीय मर्यादा की रक्षा का संकल्प है। कहानी का प्रेम 'पाना' नहीं, बल्कि 'देना' है और इसी में उसका सौंदर्य निहित है।

यहां प्रेम का अर्थ रूमानी आकर्षण नहीं, बल्कि धर्म की अनुभूति है। यह प्रतिध्वनि प्रेम के उस ऊंचे धरातल की ओर ले जाती है जहाँ मनुष्य की व्यक्तिगत आकांक्षा समाप्त होकर कर्तव्य की सार्वभौमिकता में बदल जाती है। कहानी की घटनाएं भले ही प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में घटती हों, पर युद्ध यहां बाहरी घटना से अधिक अंतर्मन का प्रतीक है। –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## खाद्य सुरक्षा पर गहराता संकट और जिम्मेदारी

आज भारत जैसे देश में जब हम खाना चुनते हैं, उसके बारे में यह सोचकर भी डर लगता है कि क्या वह वास्तव में शुद्ध है? 2025–26 के ताज़ा आंकड़े और निरीक्षण रिपोर्ट यह सवाल सिर्फ़ खड़े नहीं करती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी की तरह सामने आती है। हाल ही में जब देश भर में खाद्य सुरक्षा विभागों ने मिलावट से जुड़े उत्पादों की जांच की, तो पता चला कि रोज़मर्रा के उपयोग की चीज़ों में, जैसे- पनीर, दूध, घी, मसाले और मिठाइयां खाद्य गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, सूरत में 2025 में नकली और घटिया खाद्य पदार्थों की जब्ती पिछले साल के मुकाबले 13 गुना अधिक दर्ज की गई, जिसमें डेयरी उत्पादों में गंभीर मिलावट पाई गई थी।

यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं है। इसके पीछे लाखों परिवारों की सेहत का सवाल है। मिलावटी भोजन का असर सबसे पहले हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। जब हम बिना जाने-समझे रसायन, सस्ते तेल या नकली स्वाद बढ़ाने वाले तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाते हैं, तो उनसे पाचन तंत्र में गड़बड़ियां, पेट दर्द, अपच और दस्त जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लीवर और किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे ये जरूरी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। कई रसायन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षिका

बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा गहरा होता है। बच्चों का शरीर अभी विकासशील होता है। उनका पाचन, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा तंत्र सभी विकास के दौर से गुजर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों में मौजूद भारी धातुएं और रसायन उनके सीखने की क्षमता, ध्यान बनाए रखने की शक्ति और सामान्य विकास को प्रभावित कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूषित भोजन से बच्चों में पाचन समस्याओं, बार-बार बीमार पड़ने और विकास में देरी जैसी समस्याएं अधिक देखी गई हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह समस्या गंभीर चिंता का विषय है। गर्भावस्था एक ऐसा समय होता है, जब मां और अजन्मे शिशु दोनों को सुरक्षित, पौष्टिक आहार की बेहद आवश्यकता होती है। मिलावटी अथवा घटिया भोजन से पोषक तत्वों की कमी बढ़ सकती है, जिससे शिशु का वजन कम हो सकता है या जन्म के बाद विकास में समस्या आ सकती है। कुछ मामलों में यह गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। हमारी बीमारी का कारण सिर्फ़ भोजन की शुद्धता नहीं है, बल्कि यह हमारी जागरूकता की कमी भी है।

अक्सर हम रोज़मर्रा की चीज़ों को बिना जांचे-परखे खरीद लेते हैं। चाहे वह पनीर हो, खोया हो या मसाले। मिलावटखोर सस्ते घटकों को मिलाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और ऐसा वे खासकर त्योहारों के समय और अधिक करते हैं, जब बाजार में मांग बढ़ जाती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान विशेष निरीक्षण में कई मिलावटी खाद्य वस्तुएं जब्त की गईं। यह संकेत देता है कि भारी मांग के समय मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं।

समस्या सिर्फ़ निरीक्षण करने से हल नहीं होगी। हमें स्वयं भी जागरूक होना होगा। सबसे पहले, यह समझना ज़रूरी है कि खाद्य गुणवत्ता सिर्फ़ सिलाई की लेबर की तरह दिखाई देने वाली चीज़ नहीं है। यह हमारे शरीर में होने वाली हर प्रक्रिया से जुड़ी है। हमें लाल झंडे की तरह संकेतों को पहचानना सीखना होगा। जैसे- असामान्य रंग, गंध या बनावट। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए, जहां गुणवत्ता मानकों की पालना होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कला-संस्कृति की मिसाल हैं ये
# प्रेम की धरोहर

प्यार केवल एहसास नहीं होता, कई बार वह पत्थरों में ढलकर इतिहास बन जाता है। दुनिया के अलग-अलग कोनों में खड़ी कुछ इमारतें इस बात की गवाह हैं कि जब प्रेम गहरा होता है, तो वह समय, दूरी और मृत्यु की सीमाओं को भी पार कर जाता है। कहीं ये महल किसी प्रिय को दिया गया अधूरा उपहार है, तो कहीं टूटे दिल की खामोश पुकार। किसी ने प्रेमिका के लिए पुल बनवाया, तो किसी ने पत्नी की याद में पूरी उम्र एक ही महल तराश दिया। इन स्मारकों की दीवारों में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि उम्मीद, समर्पण, पीड़ा और अमर मोहब्बत की कहानियां बसती हैं। बोल्ट कैसल से लेकर कोरल कैसल, शैटो डी चेनोन्सो से ताजमहल तक ये सभी स्थान यह बताते हैं कि सच्चा प्यार भले ही अधूरा रह जाए, लेकिन उसकी निशानी हमेशा के लिए जीवित रहती है। ये स्मारक प्रेम में पगे आशिकों के दिलों में व्याप्त गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं।



शिखर चंद जैन
लेखक





## शैटो डी चेनोन्सो, फ्रांस

फ्रांस का यह भव्य महल 'महिलाओं का महल' कहलाता है। शैटो डी चेनोन्सो की दीवारों में प्यार और प्रतिद्वंद्विता की निशानियां दफन हैं। 1547 में फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय ने इसे अपनी प्रेमिका डायने डी पोइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने ही शेर नदी पर बना वह प्रसिद्ध मेहराबदार पुल बनवाया, जो आज इस महल की पहचान है। राजा की मृत्यु के बाद, रानी कैथरीन डी मेडीसी ने डायने को महल से निकाल दिया और स्वयं यहां शासन किया। इस तरह यह महल प्रेम और प्रतिद्वंद्विता दोनों का प्रतीक बन गया।



## बोरी कैसल, हंगरी

हंगरी के सेकेसफेहेरवार में स्थित बोरी कैसल प्रेम और समर्पण की जीवंत मूर्ति है। मूर्तिकार और वास्तुकार जेनो बोरी ने इसे अपनी पत्नी इलोना बोरी के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में 1923 से लेकर लगभग 40 वर्षों तक अपने हाथों से बनाया। महल में मौजूद मूर्तियां, चित्रकला और ऊंचा टॉवर उनकी पत्नी को समर्पित हैं। यह स्थान आज दुनियाभर के प्रेमियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

## जूलियट का घर, इटली




वेरोना स्थित कासा डि गिउलिएटा शेक्सपियर के अमर प्रेम रोमियो और जूलियट की याद दिलाता है। 13 वीं सदी की यह ऐतिहासिक इमारत कैप्पेलो स्ट्रीट पर स्थित है, जहां वह प्रसिद्ध बालकनी और जूलियट की कांस्य मूर्ति मौजूद है। हालांकि जूलियट एक काल्पनिक पात्र है, फिर भी यह स्थान प्रेम का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। मान्यता है कि जूलियट की मूर्ति के दाहिने हाथ को छूने से प्रेम में सौभाग्य मिलता है। इसी विश्वास से यहां हर दिन हजारों प्रेमी आते हैं।

## कोरल कैसल, फ्लोरिडा, यूएस



कोरल कैसल शायद दुनिया की सबसे रहस्यमयी प्रेम-रचना है। इसे लातवियाई-अमेरिकी प्रवासी एडवर्ड लीडस्कैलनिन ने 1923 से 1951 के बीच अकेले बनाया। 1100 टन से अधिक कोरल पत्थरों से बना यह ढांचा 'फ्लोरिडा का स्टोनहेंज' कहलाता है। एडवर्ड का कद और शरीर साधारण था, फिर भी उन्होंने बिना आधुनिक मशीनों के यह असंभव कार्य कर दिखाया। शादी से ठीक पहले मंगेतर एग्नेस द्वारा छोड़े जाने के बाद, टूटे दिल से उन्होंने इसे प्रेम-स्मारक के रूप में गढ़ा। वे दावा करते थे कि उन्हें मिस्र के पिरामिडों के निर्माण का रहस्य चुंबकत्व और उत्तोलन आता है।

## बोल्ट कैसल, न्यूयॉर्क



बोल्ट कैसल एलेक्जेंड्रिया बे, न्यूयॉर्क में हार्ट आइलैंड पर स्थित एक शानदार ऐतिहासिक महल और एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। इसे जॉर्ज सी. बोल्ट ने अपनी पत्नी लुईस के लिए प्यार की निशानी के तौर पर बनवाना शुरू किया था, लेकिन उनके निधन के बाद यह अधूरा रह गया। यह एक छह मंजिला, 120 कमरों वाली राइनलैंड-शैली की संरचना है। इसका निर्माण 1900 में शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी 1904 में लुईस की अचानक मृत्यु के बाद जॉर्ज बोल्ट का मन टूट गया। फिर उन्होंने इसे अधूरा छोड़ दिया और फिर कभी वापस नहीं लौटे।

## एलेनोर क्रॉसेस, इंग्लैंड



13 वीं सदी में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी पत्नी एलेनोर ऑफ कैस्टिले की स्मृति में 12 भव्य पत्थर क्रॉस बनवाए। 1290 में रानी की मृत्यु के बाद, उनके अंतिम संस्कार के जुलूस के दौरान लिंकन से लंदन तक जहां-जहां रात्रि विश्राम हुआ, वहां ये क्रॉस स्थापित किए गए। आज इनमें से केवल तीन गेडिंगटन, हार्डिंगस्टोन और वाल्थम मूल रूप में बचे हैं। ये क्रॉसेस आज भी शाश्वत प्रेम के प्रतीक माने जाते हैं।

## हमारा ताजमहल

मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया ताजमहल दुनिया में प्रेम का सबसे महान प्रतीक माना जाता है। 1631 में शुरू होकर 1653 में पूरा हुआ यह मकबरा लगभग 22,000 कारीगरों की मेहनत का परिणाम है। राजस्थान के मकराना से लाए गए शुद्ध सफेद संगमरमर पर कीमती पत्थरों की पच्चीकारी इसे बेमिसाल बनाती है। ताजमहल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्यार की सबसे खूबसूरत निशानी है।



## शालीमार बाग, कश्मीर

श्रीनगर में स्थित शालिमार बाग मुगल प्रेम और सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। इसे मुगल बादशाह जहांगीर ने 1619 में अपनी प्रिय पत्नी नूरजहां के लिए बनवाया था। 'चहार बाग' शैली में निर्मित यह उद्यान तीन छतों में बंटा है, जिनमें फव्वारे, जलधाराएं, चिनार के वृक्ष और दीवान-ए-आम व दीवान-ए-खास जैसे मंडप हैं। डल झील के किनारे स्थित यह बाग यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।



### अनोखी परंपरा

## गर्दन की लंबाई में बंधी खूबसूरती



सुंदरता की परिभाषा हर समाज में अलग-अलग होती है। जहां आधुनिक दुनिया में सुंदरता को चेहरे, पहनावे या स्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं म्यांमार की कयान जनजाति में सुंदरता का पैमाना बिल्कुल अनोखा है। यहां महिलाओं की खूबसूरती उनकी गर्दन की लंबाई से आंकी जाती है। माना जाता है कि जितनी लंबी गर्दन, उतनी ही अधिक सुंदर महिला। कयान जनजाति की लड़कियां महज पांच वर्ष की उम्र से ही गर्दन में पीतल की अंगूठियां पहनना शुरू कर देती हैं। शुरुआत में ये अंगूठियां हल्की होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इनकी संख्या और वजन भी बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया कई घंटों तक चलती है और धीरे-धीरे वर्षों में पूरी होती है। लगातार दबाव के कारण कंधों और पसलियों की हड्डियां नीचे की ओर खिसक जाती हैं, जिससे गर्दन लंबी दिखाई देने लगती है। वास्तव में गर्दन नहीं बढ़ती, बल्कि शरीर की संरचना बदल जाती है। एक पूरा सेट 10 से 20 किलो तक वजनी हो सकता है। इतना भारी वजन पहनकर रोजमर्रा का जीवन आसान नहीं होता। खेतों में काम करना, झुकना, चलना-फिरना सब कुछ कठिन हो जाता है। कई महिलाएं लगातार दर्द, थकान और असहजता के साथ जीवन बिताती हैं। बावजूद इसके, वे इसे अपनी नियति और पहचान मानकर सहन करती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह परंपरा शुरुआत में सुंदर दिखने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को कम आकर्षक बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। मान्यता थी कि लंबी गर्दन और भारी गहनों के कारण दूसरी जनजातियों के लोग उन्हें अगवा नहीं करेंगे। समय के साथ यह प्रथा सुरक्षा से निकलकर संस्कृति और पहचान का प्रतीक बन गई। आज की युवा पीढ़ी इस परंपरा को बोझ के रूप में देखने लगी है। कई लड़कियां अब इन अंगूठियों को पहनने से इनकार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, उत्तरी थाईलैंड में पर्यटन के कारण कयान महिलाओं के ये गहने फिर से चर्चा में आ गए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह परंपरा अब आजीविका का साधन भी बन चुकी है। कई बुजुर्ग कयान महिलाएं आज भी जीवनभर ये अंगूठियां नहीं उतारतीं और इसे अपनी अस्मिता मानती हैं। यह परंपरा सुंदरता और संस्कृति दोनों का प्रतीक है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या यह सच में सुंदरता का पैमाना है या महिलाओं पर थोपी गई एक सामाजिक जिम्मेदारी?

### आर्ट गैलरी

## जोहांस वर्मीर की 'द गर्ल विद अ पर्ल इयर रिंग'



जैन वर्मीर की 'गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग' डच रियलिस्ट जॉनर पेंटिंग का एक मास्टरपीस है। इसे 'द हेड ऑफ अ यंग वुमन', 'पोर्ट्रेट ऑफ अ यंग वुमन विद अ टर्बन', 'वुमन इन ओरिएंटल ड्रेस' और 'गर्ल विद अ पर्लबन' भी कहा जाता है। इस कमाल की पेंटिंग में एक काल्पनिक जवान औरत को दिखाया गया है, जो शानदार कपड़े पहने अंधेरे से निकल रही है। यह फिगर सीधे देखने वाले की आंखों में देखती है और उसे अपनी ओर खींचती है। उसकी अनोखी ड्रेस और मोती की इयररिंग रोशनी और अंधेरे में से दिखती है, जिसे वर्मीर ने अपनी जादुई ब्रश से परफेक्ट किया है। वर्मीर ने ध्यान खींचने और इंटेंसिटी बनाने के लिए रंगों पर अपने जबरदस्त कंट्रोल का कुशलता से इस्तेमाल किया। इस रचना में, उन्होंने पेंटिंग के पीछे की कहानी को बताने के लिए रंगों का इस्तेमाल कंट्रास्ट के तौर पर किया। उनके टोन की समझ उनकी सबसे दिलचस्प तस्वीरों में से एक में जान डाल देती है। एक जवान लड़की, जिसने हल्के ओरिएंटल कपड़े पहने हैं और जिसके सिर पर एक मोती की इयररिंग है।

### वर्मीर के बारे में



जोहांस वर्मीर की मशहूर बारोक स्टाइल, रोजमर्रा की जिंदगी की चमकदार कंपोजिशन थीं, जो रोशनी और रंगों पर उनकी महारत को दिखाती हैं। उनके काम में अक्सर रोजमर्रा के घरेलू सीन होते हैं, जो डिटेल पर उनके जबरदस्त ध्यान को दिखाते हैं। उनका जन्म अक्टूबर 1632 में हुआ और निधन 15 दिसंबर 1675 को। वो डच पेंटर थे, उन्हें डच गोल्डन एज के सबसे महान पेंटर में से एक माना जाता है। अपने जीवनकाल में, वे एक सफल प्रांतीय शैली के पेंटर थे, जिन्हें डेल्फ्ट और द हेग में पहचान मिली। उन्होंने काफी कम पेंटिंग बनाईं, मुख्य रूप से एक आर्ट डीलर के तौर पर अपनी जिंदगी चलाते थे। वे अमीर नहीं थे, उनकी मौत के समय, उनकी पत्नी कर्ज में डूबी हुई थीं। द गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग शायद वर्मीर का सबसे मशहूर आर्टवर्क है। इसमें एक जवान लड़की को एक अनोखी पगड़ी और बड़ी मोती की इयररिंग पहने दिखाया गया है। यह पेंटिंग अपनी शानदार कंपोजिशन, चटकीले रंगों और रहस्यमयी सब्जेक्ट मैटर से देखने वालों का ध्यान खींचती है। हालांकि अक्सर इसकी तुलना 'डच मोना लिसा' से की जाती है, लेकिन यह बहुत कम समझ है कि यह जवान औरत कौन थी या वर्मीर के साथ उसका क्या कनेक्शन था।

### लोकायन

## बसोहली चित्रकला: रंग, भक्ति और सौंदर्य का संगम

भारतीय लघु चित्रकला की समृद्ध परंपरा में बसोहली चित्रकला एक ऐसी विशिष्ट शैली है, जिसमें रंगों की तीव्रता, भावों की स्पष्टता और भक्ति की गहराई एक साथ सजीव हो उठती है। इसका विकास जम्मू क्षेत्र के बसोहली इलाके में हुआ, जहां लोक परंपराओं, पौराणिक कथाओं और दरबारी कला ने मिलकर एक अनोखी चित्रभाषा को जन्म दिया। बसोहली शैली वस्तुत: हिंदू, मुगल और पहाड़ी कलात्मक परंपराओं के सुंदर समन्वय का परिणाम है।

बसोहली शैली में मुगल चित्रकला की झीनी पारदर्शी वेशभूषा और दरबारी ठाठ दिखाई देता है, जबकि चेहरों की बनावट, भाव-भंगिमा और आकृतियां स्थानीय लोक कला से प्रेरित हैं। बसोहली चित्रकला पर हिंदू धर्म और परंपरा का गहरा प्रभाव रहा। विष्णु और उनके दशावतार, विशेषकर श्रीकृष्ण, इस कला के प्रमुख नायक हैं। रामायण, महाभारत और जयदेव कृत 'गीत गोविंद' जैसे ग्रंथों पर आधारित चित्र श्रृंखलाएं इस शैली को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं।

बसोहली चित्रकला का स्वर्णकाल संग्राम पाल (1635-1673 ई.) और कृपाल पाल (1678-1693 ई.) के शासनकाल में माना जाता है। संग्राम पाल के समय वैष्णववाद को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप प्रारंभिक बसोहली चित्रों में 'रसमंजरी' श्रृंखला का विशेष महत्व रहा। इन चित्रों में कृष्ण को नायक रूप में चित्रित किया गया है। गाढ़े और चमकीले रंग लाल, पीला और नीला सपाट पृष्ठभूमि के साथ मिलकर चित्रों को तीव्र दृश्य प्रभाव प्रदान करते हैं। चेहरों में उभरी हुई नाक, कमल- सी आंखें और भावपूर्ण दृष्टि बसोहली शैली की पहचान हैं। स्त्री और पुरुष दोनों की वेशभूषा मुगल और राजपूत दरबारों से मेल खाती है। चित्रों में दर्शित भवन, आलिंद, जटिल जड़ाइयां और सुसज्जित भीतरी कक्ष मुगल और राजपुताना स्थापत्य की स्मृति कराते हैं।



आभूषणों का अंकन इस शैली की सबसे विलक्षण विशेषता है। मोतियों के लिए उभरे हुए सफेद रंग और पन्नों की आभा दिखाने हेतु झींगुर के पंखों के आवरणों का प्रयोग कलाकारों की कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। कृपाल सिंह के संरक्षण में बसोहली चित्रकला का उत्तरवर्ती चरण विकसित हुआ, जिसमें प्रकृति के प्रति झुकाव और कलात्मक परिष्कार अधिक दिखाई देता है। इस काल में चित्रकार मनकू द्वारा रचित 'गीत गोविंद श्रृंखला' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 18 वीं शताब्दी के मध्य तक बसोहली शैली न केवल जीवित रही, बल्कि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की चित्रकला को भी एक ऐसी विरासत के रूप में, दिशा देती चली गई, जिसमें रंग, भक्ति और सौंदर्य एक साथ सांस लेते हैं।

## ओरिएंटलिज्म, भारतीय कला परंपरा और औपनिवेशिक व्याख्या का सच

पहली बार एडवर्ड वादी सईद (1935–2003) की पुस्तक "ओरिएंटलिज्म" (1978) ने यह स्थापित किया कि 'पूरब' को लेकर पश्चिमी ज्ञान-परंपरा एक तटस्थ बौद्धिक परियोजना नहीं थी, बल्कि सत्ता, उपनिवेशवाद और वर्चस्व से गहराई से जुड़ी हुई थी। सईद के अनुसार ओरिएण्टलिज्मएक ऐसी ज्ञान-प्रणाली है, जो पूर्व को रहस्यमय, स्थिर, पिछड़ा और अपरिवर्तनशील दिखाकर पश्चिमी श्रेष्ठता को वैध ठहराती है। यह अवधारणा अकादमिक अनुशासन, विचारधारात्मक द्वैत (पूरब-पश्चिम) और औपनिवेशिक शासन के औजार तीनों स्तरों पर कार्य करती है।

भारतीय कला-इतिहास के संदर्भ में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या औपनिवेशिक काल में भारतीय कला पर हुआ समस्त पश्चिमी अध्ययन केवल ओरिएंटलिस्ट पूर्वाग्रहों से प्रेरित था या उस दौर में कुछ ऐसे विद्वान भी थे, जिन्होंने भारतीय कला परंपरा को समझने और प्रतिष्ठित करने का गंभीर प्रयास किया। यहीं सईद के निष्कर्षों की आंशिक पुनर्व्याख्या की जरूरत सामने आती है। ई.बी. हैवेल को ऐसे ही अपवादों में गिना जा सकता है। उन्होंने भारतीय कला को यूरोपीय यथार्थवाद के मानकों से मुक्त करके उसके आंतरिक सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर समझने का आग्रह किया। 'इंडियन स्कल्पचर एंड पेंटिंग' (1908) में हैवेल भारतीय कला को 'नकलची' या 'अधूरा' मानने वाली औपनिवेशिक धारणा का खंडन करते हैं। इस अर्थ में हैवेल सईद के ओरिएण्टलिज्ममॉडल में एक महत्वपूर्ण अपवाद प्रतीत होते हैं।



वहीं लॉकवुड किपलिंग का योगदान भारतीय शिल्प परंपराओं के दस्तावेजीकरण में उल्लेखनीय रहा। लाहौर म्यूजियम और मेयो स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय हस्तकला को 'निम्न कला' मानने की मानसिकता का विरोध किया। किंतु उनकी दृष्टि अक्सर भारतीय कला को एक 'एथ्नोग्राफिक वस्तु' के रूप में देखती है, न कि एक जीवित समकालीन सृजन के रूप में यहां सईद की आलोचना आंशिक रूप से लागू होती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अलेक्जेंडर कनिंघम के कार्य भारतीय पुरातत्व और स्थापत्य की खोज और संरक्षण में ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सारनाथ, सांची और बोधगया जैसे स्थलों की पहचान उनके प्रयासों से संभव हुई। परंतु सईद की दृष्टि से यह ज्ञान भी औपनिवेशिक प्रशासन के अधीन था, जहां भारतीय अतीत को 'मृत गौरव' के रूप में प्रस्तुत कर समकालीन समाज से काट दिया गया। इस प्रकार यह संरक्षण और नियंत्रण दोनों का उदाहरण बनता है। सईद के विचारों को आगे बढ़ाने वाले उत्तर औपनिवेशिक विद्वानों में होमी के. भाभा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक, रोनाल्ड इंडन और पार्थ चटर्जी प्रमुख हैं। भाभा ने 'हाइब्रिडिटी', 'मिमिक्री' और 'थर्ड स्पेस' की अवधारणाओं के माध्यम से यह दिखाया कि औपनिवेशिक सत्ता स्थिर नहीं होती और उपनिवेशित समाज सांस्कृतिक स्तर पर उसे चुनौती देते हैं। स्पिवाक ने 'सबऑल्टर्न' की आवाज और प्रतिनिधित्व की राजनीति पर सवाल उठाए, यह रेखांकित करते हुए कि ज्ञान के नाम पर बोलना भी सत्ता का रूप हो सकता है।

रोनाल्ड इंडन ने 'इमेजिनिंग इंडिया' में भारत को स्थिर और रहस्यवादी दिखाने वाली औपनिवेशिक कल्पनाओं की आलोचना की और भारतीय समाज की ऐतिहासिक तथा बौद्धिक गतिशीलता पर जोर दिया। पार्थ चटर्जी ने राष्ट्रवाद और उपनिवेशी ज्ञान के संबंध को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रवाद एक साथ प्रतिरोधी भी रहा और औपनिवेशिक श्रेणियों से सीमित भी। समकालीन संदर्भ में देखें तो वैश्विक कला बाजार, बिएनाले और म्यूजियम में ओरिएण्टलिज्मके नए रूप दिखाई देते हैं। भारतीय कला को 'एक्सॉटिक' या 'स्पिरिचुअल' लेबल में बांधना, लोक और आदिवासी कलाओं को 'अनाम' बनाकर प्रस्तुत करना तथा कलाकारों से पहचान की राजनीति की अपेक्षा करना। ऐसे में सईद का चिंतन आज भी प्रासंगिक बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि ओरिएण्टलिज्म भारतीय कला-इतिहास के लिए एक शक्तिशाली आलोचनात्मक औजार है, किंतु इसे पूर्ण सत्य के रूप में नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण विवेचना के साथ अपनाने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक दौर में जहां भारतीय कला को हेय दृष्टि से देखा गया, वहीं कुछ विद्वानों ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। भारतीय कला-इतिहास का न्यायपूर्ण लेखन तभी संभव है, जब इन दोनों प्रवृत्तियों को साथ-साथ समझा जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,273.92 | 25,935.15 |
| बढ़त | 208.17 | 67.85 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.26 |

सोना - 1,60,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 2,64,500 प्रति किग्रा

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 11 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजीनेस ब्रीफ

### एलआईसी म्यूचुअल फंड : देश की पहली महिला केंद्रित शाखा खुली

**नई दिल्ली :** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने दक्षिण दिल्ली में देश की पहली महिला-केंद्रित शाखा का शुभारंभ किया है। इस शाखा का प्रबंधन और संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कंपनी के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य निवेश के क्षेत्र में स्त्री-पुरुष अंतर को पाटना और महिलाओं को वित्तीय फैसलों के लिए सशक्त बनाना है। गौरतलब है कि दक्षिण दिल्ली एक बड़ा वित्तीय बाजार है, जिसका अनुमानित एयूएम 1.30 लाख करोड़ है। एलआईसी म्यूचुअल फंड का लक्ष्य इस शाखा के माध्यम से महिलाओं को एक सुरक्षित और सुलभ निवेश वातावरण प्रदान करना है।

### इकोफाई और एथर एनर्जी में समझौता

**नई दिल्ली :** हरित ऊर्जा क्षेत्र की एनबीएफसी इकोफाई ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल के तहत इकोफाई एथर के ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाएगी। यह साझेदारी ग्राहकों को वाहन ऋण और 'बैटरी-एज-ए-सर्विस' जैसे विशेष हरित वित्तपोषण विकल्प प्रदान करेगी। इकोफाई की सीईओ राजश्री नांबियार ने कहा कि इस कदम से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ेगी। एथर एनर्जी के मुख्य व्यापार अधिकारी रवनीत फोकेला के अनुसार, इससे ग्राहकों के लिए लोन के विकल्प और अधिक सुलभ होंगे।

### बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन लाएगी 2,000 करोड़ का आईपीओ

**नई दिल्ली :** इटली के बोनफिग्लियोली समूह की भारतीय इकाई बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन ने आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी (SEBI) के पास दस्तावेज जमा किए हैं। सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस इश्यू के जरिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में है। यह आईपीओ पूरी तरह 'बिक्री पेशकश' पर आधारित होगा। इसके तहत प्रमोटर कंपनी 4.7 करोड़ शेयर बेचेगी और कोई भी नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। चूंकि यह ओएफएस है, इसलिए आईपीओ से मिलने वाली पूरी राशि शेयरधारकों के पास जाएगी। कंपनी मुख्य रूप से पावर ट्रांसमिशन और इंडस्ट्रियल ड्राइव समाधान क्षेत्र में काम करती है।

# अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे : व्हाइट हाउस

## दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) संपन्न किया जा सके। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा की।



फैक्ट शीट में समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है। उसके अनुसार भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। समृद्ध भविष्य की राह शीर्षक वाले खंड में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। साथ ही आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि भारत ने दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क बनाए रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37 प्रतिशत तक और कुछ वाहनों पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क है। भारत का इतिहास अत्यधिक संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

दस्तावेज के अनुसार आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत इस ढांचे को शीघ्र लागू करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों तथा कारोबार के लिए लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में अंतरिम समझौते पर काम करेंगे।

इसमें कहा गया कि भारत प्राथमिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। अमेरिका और भारत उत्पत्ति नियमों पर बातचीत करेंगे ताकि सहमत लाभ मुख्य रूप से दोनों देशों को ही मिलें। भारत अपने डिजिटल सेवा कर हटाएगा और मजबूत द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार नियमों पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं तथा डिजिटल व्यापार में अन्य बाधाओं से निपटा जाएगा। दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिससे 1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश का बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा।

### अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने एक्स पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित फाइबर से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी : मांडविया



**इंदौर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अमल में आने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और भारतीय उद्यमियों व निर्यातकों को दोगुना फायदा होगा। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच सहमति बनने से पहले अमेरिका ने भारतीय सामान पर ऊंचा शुल्क लगा दिया था, भारत का निर्यात बढ़ा क्योंकि निर्यातकों ने इसको अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए नये बाजार ढूंढ लिए। मांडविया ने कहा कि समझौते से भारत के उद्यमियों और निर्यातकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उनके पास अमेरिका के साथ ही नये बाजार भी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ भारत के समझौतों पर कहा कि इन समझौतों में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में ऐसा नहीं किया जाता था।

## आर्बिट्रेज का खेल : ट्रेप व एसडीएफ दरों के अंतर से बैंक कमा रहे 0.70% मुनाफा

● म्यूचुअल फंड से कम दर पर पैसा जुटाकर आरबीआई के पास जमा कर रहे हैं बैंक

**मुंबई, एजेंसी,** देश के बैंकिंग सेक्टर में इन दिनों 'आर्बिट्रेज' (दरों के अंतर से लाभ) के जरिए कमाई का दिलचस्प रुझान दिख रहा है। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार से कम ब्याज दर पर फंड जुटा रहे हैं और उसे अधिक रिटर्न के लिए आरबीआई की स्थायी जमा सुविधा (SDF) के तहत जमा कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार, इस रणनीति से बैंक 0.70 प्रतिशत तक का मुनाफा कमा रहे हैं।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में काफी बढ़ा है। यह फासला 30 जनवरी के 0.33% से बढ़कर 4 फरवरी को 0.76% तक पहुंच गया था। सोमवार को भी यह अंतर 0.63% दर्ज किया गया। दरों के बीच बढ़ते इस गैप ने अतिरिक्त नकदी वाले बैंकों के लिए इस शॉर्ट-टर्म रणनीति को बेहद आकर्षक बना दिया है।

**कैसे काम करता है यह चक्र?**

ट्रेप बाजार में दरें नकदी की मांग और आपूर्ति के आधार पर बदलती हैं, जहाँ म्यूचुअल फंड कंपनियां अक्सर कर्ज देने में सक्रिय रहती हैं। दूसरी ओर, आरबीआई की एसडीएफ दरें स्थिर होती हैं। बैंक ट्रेप बाजार से सस्ती दर पर नकदी उठाते हैं और इसे जोखिम मुक्त सरकारी सुविधा (SDF) में डालकर ब्याज के अंतर का लाभ उठा रहे हैं।

## इक्विटी एमएफ निवेश 14% घटकर 24,028 करोड़ रहा

● अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क, गोल्ड ईटीएफ और डेट फंड्स में बढ़ी चमक

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में इक्विटी निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी है। उद्योग निकाय एम्फी द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर बाजार स्थितियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क नजर आ रहे हैं। इससे पहले दिसंबर में निवेश 28,054 करोड़ रुपये और नवंबर में 29,911 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह गिरावट के बावजूद अक्टूबर (24,690 करोड़) के स्तर के करीब बना हुआ है। इक्विटी श्रेणियों में 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स निवेशकों की पहली पसंद रहे, जिनमें 7,672 करोड़ का निवेश आया। इसके बाद मिड-कैप (3,185 करोड़) और स्मॉल-कैप (2,942 करोड़) का स्थान रहा। वहीं, टैक्स सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस (ELSS) से 593.69 करोड़ की निकासी हुई, जो निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली का संकेत है।

## आयकर छापेमारी : अग्रिम नोटिस से साक्ष्य मिटने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

● डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका डिवाइस को नष्ट करना

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांच एजेंसियों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती से पहले अग्रिम नोटिस देना, जांच शुरू होने से पहले ही उसे निष्प्रभावी बना सकता है।



आयकर अधिनियम की धारा 132 की वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची ने कहा कि यदि छापेमारी के लिए पहले से नोटिस दिया गया, तो साक्ष्य नष्ट होने की पूरी संभावना रहती है। डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका संबंधित उपकरण (डिवाइस) को नष्ट कर देना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा की दलीलों पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि धारा 132 अधिकारियों को असीमित शक्तियां देती है, जिससे न केवल कर चोरी करने वाले बल्कि तीसरे पक्ष के उत्पीड़न की भी आशंका रहती है।

### क्या है धारा 132?

यह प्रावधान आयकर अधिकारियों को तब तलाशी और जब्ती का अधिकार देता है, जब उनके पास यह मानने का पुख्ता आधार हो कि किसी व्यक्ति ने आय या संपत्ति छिपाई है। शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार के लिए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

## बजाज ऑटो ने चैंपियन बेटियों को दिया तोहफा

● वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की खिलाड़ियों को मिलेगी चेतक सी25 स्कूटर

**पुणे।** बजाज ऑटो ने वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हर खिलाड़ी को नई चेतक सी25 स्कूटर भेंट करने की घोषणा की है। बजाज ऑटो का कहना है कि टीम ने जिस आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वही गुण चेतक ब्रांड की विरासत से मेल खाते हैं। ऐसे में हर खिलाड़ी को सी25 देना उस साझा सोच का प्रतीक है, जिसमें भरोसा, मजबूती और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा शामिल है।

कंपनी के मुताबिक चेतक सी25 को तेज़ रफ्तार शहरी जीवन के अनुरूप तैयार किया गया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सुमीत नारंग ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि 2026 की यह ऐतिहासिक जीत खेल के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के आधुनिक शहरी परिवेश और नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार सी25, कंपनी की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाती है। टीम प्रबंधन ने भी इस पहल को विशेष बताया है। फ्रेंचाइज़ी के सीओओ राजेश मेनन ने कहा कि पूरे सीजन चेतक की भागीदारी ने मैदान के भीतर प्रदर्शन और मैदान के बाहर फैंस से जुड़ाव दोनों को मजबूत किया।



# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत

## यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर लोस में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- वैश्विक निवेशकों के लिए भारत भरोसेमंद केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और 2047 तक विकसित भारत बनाने की यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि देश वैश्विक निवेशकों के लिए भरोसेमंद गंतव्य की तरह उभर रहा है। भाजपा सांसद ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, यह बजट सरकार की प्रतिबद्धता, संकल्प और निरंतरता को दर्शाता है तथा जन केंद्रित और समावेशी प्रकृति का है।

सारंगी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है और यह बजट निश्चित रूप से इस लक्ष्य की यात्रा की ओर बहुत मजबूत कदम है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब भारत विकास यात्रा पर तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया भी इसे मानती है। उन्होंने कहा कि आज देश में विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर उच्च बना हुआ है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2011 से 2014 (संप्रग सरकार) के बीच औसत मुद्रास्फीति 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी की दर हर दिन घट रही है और आज यह 4.8 प्रतिशत है।



● कांग्रेस सांसद ने कहा- पिंग पोंग खेल रहे हैं जयशंकर और गोयल

सारंगी ने इसे सरकार के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संरचनात्मक सुधारों और स्पष्ट नीति का प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट से स्पष्ट है कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास का मार्ग चुना है और अवसंरचना, संस्थानों एवं औद्योगिक क्षमता निर्माण में सतत निवेश को अपनाया है। 2014 में जहां सार्वजनिक पूंजी व्यय दो लाख करोड़ था, जो बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ पहुंच गया है।

### व्यापार समझौता पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले से तय खरीद समझौते की तरह अधिक प्रतीत होता है जो पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और पीयूष गोयल पर पिंग पोंग खेलने का आरोप लगाया। लोकसभा में बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार का यह दावा कि भारत ने चीन, वियतनाम या अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर सौदा हासिल किया है, ठीक नहीं है। किसी भी पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्था ने गारंटीकृत खरीद प्रतिबद्धताओं से अमेरिका के साथ अपने व्यापार सरप्लस को जानबूझकर कम करने पर सहमति नहीं जताई है। थरूर ने कहा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा विदेश मंत्री दोनों ने इनके पैमाने, समयसीमा या वित्तीय प्रभावों के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

### ये डील नहीं ढील, अब स्वदेशी जैसे शब्द न बोले भाजपा : अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। अखिलेश ने लोकसभा में यह कटाक्ष भी किया कि भाजपा को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ समझौते पर बात हो रही थी। अखिलेश ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे। यह बजट दिशाहीन है और कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 27 पर आरोप तय

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है।

विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आपराधिक सुनवाई में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए 27 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

## भाजपा की महिला सांसदों ने की विपक्ष पर कार्रवाई की मांग

● चार फरवरी के हंगामे पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था।

भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे।

अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका।

## नरवणे ने 2023 में साझा किया था अपनी किताब का लिंक : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक को लेकर एक प्रकाशक ने इसके प्रकाशित नहीं होने की बात की है, लेकिन खुद नरवणे ने 2023 में एक टवीट् करके अपनी पुस्तक को खरीदने की अपील करते हुए एक लिंक साझा किया था। राहुल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नरवणे की बात पर भरोसा है तथा उनकी किताब में कुछ ऐसी बाते हैं जो सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहज कर सकती हैं।



● कांग्रेस नेता ने कहा- पूर्व सेना प्रमुख पर उन्हें पूरा भरोसा

दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उसने सोमवार को एक बयान में कहा था, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन समाचार मंचों पर प्रसारित हो रही उन सूचनाओं का संज्ञान लिया है जिनमें दावा किया गया है कि ''फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' नामक पुस्तक की एक प्रति सक्षम अधिकारियों से अनिवार्य मंजूरी के बिना प्रसारित की जा रही है।

## निकाय चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने की खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक प्रत्याशी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे महादेवप्पा (45) ने मक्तल स्थित अपने घर में सुबह करीब साढ़े चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल, उन्हें उकसाने का कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाया गया है।

## मोदी की डिग्री मामले में डीयू को सुप्रीम कोर्ट से मिला समय

● आदेश को चुनौती देने में देरी पर की जानी है आपत्ति दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इन्कार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है।

उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मुख्य न्यायाशीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा, जैसा कि आग्रह किया गया है, देरी के लिए माफी के अनुरोध वाले आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाता है। इसी के साथ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

## ईडी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट में धनशोधन का प्रकरण किया दर्ज

● देवस्थानम के नौ अधिकारियों व 5 डेयरी विशेषज्ञों समेत 36 लोग आरोपी

अमरावती/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में ''लड्डू प्रसादम'' बनाने के लिए कथित रूप से मिलावटी घी के इस्तेमाल से जुड़े मामले की जांच के लिए धन शोधन का प्रकरण दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने कुछ समय पहले आरोपी द्वारा कथित रूप से अर्जित अपराध की आय या अवैध धन की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने बताया कि ईडी सीबीआई के नेतृत्व वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी, दस्तावेजों और हाल में दायर आरोपपत्र को देख रही है। एसआईटी ने इस मामले में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नौ अधिकारियों और पांच डेयरी विशेषज्ञों सहित 36 लोगों को आरोपी बनाया है। एसआईटी की जांच के निष्कर्षों के अनुसार, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर निकाय को घी के रूप में बेची गई मूल सामग्री रासायनिक रूप से संसाधित पामोलिन तेल और अन्य अवयवों से बनी थी।



"अनुभव और संयम से द. अफ्रीका को पहला टी20 विश्व कप जीतने में मदद मिल सकती है। अनुभव के साथ धैर्य बहुत अहम है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें।
डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका

# स्टेडियम

मुरादाबाद, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| द. अफ्रीका–अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड –ऑस्ट्रेलिया | दोपहर 3 बजे |
| वेस्टइंडीज–इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट पीछे : बटलर

**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में पीछे है। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप के दौरान ड्रिंक्स ब्रेक में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी–टॉकी से बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो से रियल–टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं। फुटबॉल में भी मैनेजर साइडलाइन से खिलाड़ियों से संवाद कर सकते हैं।

### द. अफ्रीका में मेरे अनुभव से होगा फायदा : राशिद


**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने के अनुभव से उन्हें वहां के खिलाड़ियों को अच्छी तरह समझने का मौका मिला है। उनकी इस जानकारी का टीम के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। राशिद चार सत्र से एसए20 खेल रहे हैं। वह आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर आ रहे हैं। उन्होंने एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले राशिद ने कहा कि इस तरह का अनुभव टीम के साथ जानकारी साझा करने में मदद करता है।

## फरहान का अर्धशतक, पाकिस्तान ने अमेरिका को दिया 191 रनों का लक्ष्य

### आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच : अमेरिका के गेंदबाज शाल्कविक ने चार विकेट झटके

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक की मदद से मंगलवार को अमेरिका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए। अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके।



मैच के दौरान विकेट गंवाने के बाद बल्ला हवा में उछालते पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान।



पाकिस्तान के साइम अयूब का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते संयुक्त राज्य अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक (बाएं से दूसरे)।

शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बाबर (32 गेंद) और फरहान (41 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े जिससे पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 56 रन के स्कोर से अच्छी वापसी की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन शाल्कविक ने छठे ओवर में पांच गेंद के अंदर अयूब और कप्तान सलमान आगा (01) दोनों को आउट करके पाकिस्तान की रन गति पर लगाम लगा दी। फरहान इच्छानुसार गेंदबाजों पर छक्के जड़ रहे थे। उन्होंने स्पिनर मिलिंद कुमार पर जबरदस्त छक्का लगाया।

फरहान की फॉर्म ने बाबर को क्रीज पर जमने और सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में पहली बार दूधिया रोशनी पर खेलने जाने पहले मैच में अपने शॉट्स खेलने का मौका दिया। बाबर ने अपना पहला छक्का लगाने में 20 गेंदें खेलीं। लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद अच्छी फॉर्म में दिखे। उन्होंने क्रॉस-बैटेड शॉट्स का इस्तेमाल करके कुछ बाउंड्री लगाईं। बाबर ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह पर एक छक्का और दो चौके मारे जिससे पाकिस्तान का रन-रेट धीरे-धीरे 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया। इस बीच फरहान ने 27 गेंद में अपना नौवा टी20 अर्धशतक जड़ा और यह आईसीसी टूर्नामेंट में उनका पहला पचासा था। लेकिन बाबर की पारी ऑफ स्पिनर मोहम्मद मोहसिन की गेंद पर समापत हुई और मिलिंद ने डाइव करते हुए उनका कैच लपका। फिर फरहान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और हरमीत की गेंद पर आउट हो गए। संजय कृष्णमूर्ति ने लांग ऑफ के पास भागते हुए उनका कैच लपका। लेकिन ऑलराउंडर शादाब ने 12 गेंद में 30 रन जोड़कर स्कोर में योगदान दिया। उन्होंने कुछ जबरदस्त शॉट खेले। पर टीम ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवा दिए।

## न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



रन के लिए दौड़ते न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम साइफर्ट।

**चेन्नई, एजेंसी**

- लगातार दूसरी जीत में साइफर्ट और एलन की रिकॉर्ड साझेदारी

टिम साइफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और पहले विकेट के लिए 175 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को 6 विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच सिफर्ट ने 42 गेंदों की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंदों की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए।

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को दो चौके से खत्म किया।

## अभिषेक अस्वस्थ, बुमराह ने किया अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है।

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा कि वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट की परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी खबर मिली। वह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया। डोएशे ने कहा, बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम शुक्रवार को अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे। अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। चोट वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वाशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

## डेविस कप में भारत के नए नायक सुरेश



**हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक**

**नई दिल्ली।** कड़े अनुशासन और अथक मेहनत से करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। सुरेश का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और वह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों से सुरेश के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे। चक्रवर्ती ने अपने शिष्य के शुरुआती संघर्षों के बारे में कहा, तब वह सिर्फ नौ साल का था। उसके लिए कोई शॉर्टकट नहीं था। उसे सुरपेट से मोगाप्पैर, फिर मोगाप्पैर से अन्ना नगर और अन्ना नगर से लोयोला कॉलेज, नुंगमबक्का जाना पड़ता था।

## पीसीबी को आईसीसी से मिलीं रियायतें विश्व कप के बाद होंगी सार्वजनिक

**कराची, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।

पीसीबी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

### विवाद के समाधान के लिए आईसीसी को धन्यवाद : राजीव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को आईसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला, जिससे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का जताया आभार

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीसीबी को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आभार जताया। दिसानायके ने एक्स कहा, यह जानकर बेहद खुशी हुई कि मौजूदा टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का कोलंबो में आयोजन किया जाएगा। श्रीलंका ने पीसीबी को लिखे पत्र में निर्णय बदलने का अनुरोध किया था।

## डि लीडे के प्रदर्शन से नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

- बास डि लीडे और लोगान वान बीक ने दो-दो विकेट झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड्स ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को नामीबिया को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिए।

जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32 ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरुण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा।



नीदरलैंड्स के बास डी लीडे को रन आउट करने को दौड़ते नामीबिया के रुबेन ट्रम्पेलमैन।

इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (42 रन) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (30 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये।

वहीं नीदरलैंड के लिए डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। दत्त ने नयी गेंद से शुरूआत करते हुए बेहद किफायती पहला ओवर डाला जिसमें सिर्फ चार रन बने। दूसरे ओवर में लॉरेन स्टीनकेम्प ने वान बीक को चौका जड़कर हाथ खोलने की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में दत्त ने उन्हें पवेलियन भेजकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई। बाहर की ओर जाती गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर खेलने के प्रयास में स्टीनकेम्प चूके लेकिन विकेट के पीछे स्कॉट एडवडर्स ने मुस्तैदी से स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। इस समय स्कोर बोर्ड पर सिर्फ दस रन टंगे थे।

**एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप**

## आकृति ने रजत, अंजुम ने कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था।



- कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक किया अपने नाम

**एफआईएच प्रो लीग** | **अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के मिश्रण वाली भारतीय टीम**

## बेल्जियम–अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**राउरकेला, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करने को प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।



भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे। पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत को दर्शकों का अपार समर्थन मिलेगा और टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी। अर्जेंटीना और भारत के मैचों से पहले बेल्जियम के कप्तान आर्थर वैन डोरेन ने कहा, यहां समय बिताने से आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलती है। हमने अच्छा अभ्यास किया है।

## आंध्र को पारी से हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

**रणजी ट्रॉफी**

- सुदीप तिहरे शतक से एक रन चूके, बंगाल ने पहली पारी में ही ठोक दिए 629 रन

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

सुदीप घरामी के 299 रन की बड़ी पारी की मदद से पहली पारी में विशाल स्कोर बनाने वाले बंगाल ने मंगलवार को आंध्र को पारी और 90 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आंध्र की पहली पारी के 295 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आंध्र दूसरी पारी में केवल 244 रन ही बना सकी।

बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच होगा। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। यह पहले तय हो चुका था कि वह सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा लेकिन उसका लक्ष्य सीधी हार से बचना था जिसमें वह नाकाम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद की अगुवाई में आंध्र के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। शाहबाज ने 72 रन देकर चार विकेट जबकि सूरज सिंधु जायसवाल ने दो विकेट लिए। आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजूमदार ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंध्र की दूसरी पारी में केवल तीन ओवर ही किए। शमी ने 53 रन बनाकर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था। आंध्र के लिए नीतीश रेड्डी ही उम्मीद की किरण थे, क्योंकि उन्होंने 90 रन बनाए।